महर्षि पतंजलि को योग दर्शन का प्रवर्त्तक माना जाता है। उन्होंने योग को 'चित्त की वृत्तियों के निरोध' (**योगः चित्तवृत्तिनिरोधः**)[1] के रूप में परिभाषित किया है। उन्होंने 'योगसूत्र' नाम से योगसूत्रों का एक संकलन किया जिसमें उन्होंने पूर्ण कल्याण तथा शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शुद्धि के लिए अष्टांग योग (आठ अंगों वाले योग) का एक मार्ग विस्तार से बताया है। अष्टांग योग को आठ अलग-अलग चरणों वाला मार्ग नहीं समझना चाहिए; यह आठ आयामों वाला मार्ग है जिसमें आठों आयामों का अभ्यास एक साथ किया जाता है। इनके संबंध में महर्षि पतंजलि लिखते हैं-**यमनियमासनप्राणायाम प्रत्याहारधारणाध्यानसमाधयोऽष्टावङ्गानि।**[2] ये आठ अंग हैं: (1) यम, (2)नियम, (3)आसन, (4)प्राणायाम, (5)प्रत्याहार, (6)धारणा, (7) ध्यान, (8)समाधि। इन आठ अंगों के अनुष्ठान से अविद्या का नाश तथा यथार्थ ज्ञान का उदय होता है। जैसे-जैसे साधक योगाभ्यास में अग्रतार होता है वैसे-वैसे उसकी अविद्या क्षीण होती जाती है और प्रज्ञा प्रस्फुटित होती जाती है। योग की पूर्ण सिद्धि से विवेकख्याति की उत्पत्ति होती है। इन योगों का प्रयोजन है- विवेक ज्ञान की प्राप्ति एवं अशुद्धि तथा अविद्या का नाश। विवेक ज्ञान से ही मोक्ष मिलता है।

महर्षि पतंजलि ने अष्टांग योग को दो भागों में बाँटा है – बहिरंग योग एवं अंतरंग योग। इसके अंतर्गत प्रथम पांच अंग (यम, नियम, आसन, प्राणायाम तथा प्रत्याहार) 'बहिरंग' और शेष तीन अंग (धारणा, ध्यान, समाधि) 'अंतरंग' नाम से प्रशिद्ध हैं। आठ अंगों का निम्नलिखित विश्लेषण हम क्रमशः उपस्थित कर रहे हैं:

1. यम – यम का अर्थ होता है- उपरम या अभाव। **अहिंसासत्यास्तेय ब्रह्मचर्याउपरिग्रहा यमाः।**[3] अर्थात अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह यह पांच यम कहलाते है। सभी यम धर्म के रक्षक है, परंतु जहाँ यम धर्म का विरोधी हो जाये वहाँ धर्म को प्रधानता दी जाती है। ये निम्नलिखित हैं -अहिंसा – मन, वाणी और कर्म से कभी भी किसी भी प्रकार के प्राणी को दःख नहीं देना अहिंसा है। दुसरे शब्दों में प्राणीमात्र से प्रेम अहिंसा है। विरोधी भाव – देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए की गई हिंसा भी अहिंसा है, क्योंकि वह धर्म की रक्षक है।
सत्य – इन्द्रियों और मन के द्वारा जो ज्ञान हो उसे वैसा का वैसा व्यक्त करना सत्य है। विरोधी भाव – लंगड़े को लंगड़ा कहना सत्य है, गूंगे को गूंगा कहना भी सत्य है, किन्तु अहिंसा का विरोधी होने से अधर्म है। अतः व्यर्थ का कटु सत्य कभी नहीं बोलनी चाहिए।
अस्तेय – दूसरों के विचारों, अधिकारों या वस्तुओं का अपहरण करना चोरी (स्तेय) है, इसके विपरीत अस्तेय है।
ब्रह्मचर्य – मन, वचन और कर्म से सभी अवस्थाओं में सभी प्रकार के मिथुनों का त्याग ब्रह्मचर्य है।
अपरिग्रह – व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए धन – संम्पति का संग्रह परिग्रह और इसके विपरीत इसके अभाव का नाम अपरिग्रह है।

2. नियम – शौचसंतोषतपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः।4 अर्थात शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान यह पांच नियम कहलाते है। सभी नियम आत्मा, मन और इन्द्रियों की स्वच्छता व पवित्रता के पोषक और शोधक है। ये पांच नियम हैं-
शौच – जल से बाहर के अंगो यथा हाथ, पैर आदि शारीरिक अंग को शुद्ध रखे, सत्य के पालन से मन को शुद्ध रखे, विद्या और तप से जीवात्मा का शुद्धिकरण करें, ज्ञान से बुद्धि का शुद्धिकरण करें। शौच स्वयं पवित्रता का प्रतीक है।
संतोष – अपने किये गये प्रयत्न के अनुसार जो फल मिले उसमें प्रसन्न रहना संतोष है। कहा भी गया है 'संतोषी सदा सुखी' जिसे अपने किये गये कर्म में संतोष तथा कर्मफल में विश्वास रहता है वह हमेशा सुखी रहता है। इसलिए आप जो भी करें ईश्वर का कार्य समझ कर करें जिससे आपको असंतोष ना हो।
तप – धर्म और कर्तव्य कर्म के लिए कष्ट सहन को तप कहते है। हमारा धर्म है कि आत्मा को अविद्या की राह से हटाकर विद्या के प्रकाशमय पथ का अनुसरण कराये। इसके निमित्त जो सर्दी – गर्मी, भूख – प्यास आदि कष्ट सहन किया जाता है, वह सभी तप की श्रेणी में आते है। तप संकल्प से किये जाते है, नकल से नहीं। अधिकांश लोग दूसरों का अनुकरण करके व्रत – उपवास आदि रखना शुरू कर देते है किन्तु यह मुर्खता है। आप जो भी तप का अभ्यास करों, उसके पीछे संकल्प होना चाहिए। आपके पास अपने तप का स्पष्ट कारण होना चाहिए कि आप ऐसा क्यों कर रहे है। कोई भी ऐसा तप ना करे, जिससे लाभ के बजाय हानि की सम्भावना अधिक हो। जैसे बहुत से लोग निर्जला एकादशी का व्रत करते है जो कि स्वास्थ्य की दृष्टि से एकदम अनुचित है। उपवास कोई भी क्यों ना हो, जल का तो भरपूर उपयोग होना चाहिए।
स्वाध्याय – स्वाध्याय के दो अर्थ लिए जाते है, पहला – स्वयं का अध्यनन करना और दूसरा सद्ग्रंथो का अध्यनन करना। जिस तरह हमें प्रतिदिन भोजन की आवश्यकता होती है उसी तरह आत्मा को भी प्रतिदिन स्वाध्याय रूपी भोजन की आवश्यकता होती है। स्वाध्याय स्वयं को प्रशिक्षित करने की प्रक्रिया का नाम है। आज का वातावरण बहुत ही कलुषित हो चूका है, तथा प्रतिदिन मार्गदर्शन प्रदान करने वाले गुरु का सुयोग आज के समय में संभव नहीं। इसलिए विद्वान मनुष्य को चाहिए कि सदग्रंथ को अपना मार्गदर्शक मानकर अपने जीवन को ईश्वरीय मार्ग के लिए प्रशिक्षित करें।
ईश्वर प्रणिधान – ईश्वर प्रणिधान का अर्थ है कि जो भी करें, ईश्वर को समर्पित कर दें। इससे कर्ता होने का अहंकार नहीं होगा। ईश्वर को हर समय अपने साथ अनुभव करें।

3. आसन – आसन शब्द संस्कृत भाषा के अस धातु से बना है जिनका दो अर्थ है- बैठने का स्थान तथा दूसरा शारीरिक अवस्था। शरीर

मन और आत्मा जब एक संग और स्थिर हो जाता है, उससे जो सुख की अनुभूति होती है वह स्थिति आसन कहलाती है। तेजोबिन्दु उपनिषद में आसन के विषय में कहा है- सुखेनैव भवेत् यस्मिन्न जस्रं ब्रहमचिन्तम। अर्थात जिस स्थिति में बैठकर सुखपूर्वक निरन्तर परमब्रहम का चिन्तन किया जा सके उसे ही आसन समझना चाहिए। योगसूत्र के अनुसार- **संतोषादनुत्तमसुखलाभ:।**[5] अर्थात – स्थिर और सुखे पूर्वक बैठना आसन कहलाता है। सुखपूर्वक बैठने की अवस्था का नाम आसन है। हठयोग में कई आसनों का वर्णन है जिनमें जो आसन साधना के लिए उपयुक्त है उनमें सुखासन, पद्मासन, वज्रासन, बद्ध – पद्मासन और सिद्धासन है। जब लम्बे समय तक योगी साधक को इन आसनों में बैठने का अभ्यास हो जाता है तो उसे आसन सिद्धि कहते है। इनके अतिरिक्त कई आसन हैं जो स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत उपयोगी है।

4. प्राणायाम – प्राणायाम दो शब्दों से मिलकर बना है। प्राण + आयाम। 'प्राण' का अर्थ होता है- 'जीवन-शक्ति'। 'आयाम' के दो अर्थ हैं। पहला- नियन्त्रण करना या रोकना तथा दूसरा लम्बा या विस्तार करना। प्राणवायु का निरोध करना 'प्राणायाम' कहलाता है। योग सूत्र में प्राणायाम को इस प्रकार प्रतिपादित किया है – **तस्मिन् सति श्वासप्रश्वापसयोर्गतिविच्छेलद प्राणायाम:।**[6] अर्थात – उसकी (आसनों की) स्थिरता होने पर श्वास-प्रश्वास की स्वाभाविक गति के नियमन करना ''प्राणायाम है। प्राणवायु को भीतर लेना श्वास है, बाहर निकालना प्रश्वास है। जब इन दोनों की गति को विच्छेद किया जाता है तो इसे प्राणायाम कहते है। प्राणायाम का अविष्कार प्राण नाड़ियों के शुद्धिकरण के लिए किया गया है। इनके शुद्धिकरण के पश्चात् योगी का प्राण पर अधिकार हो जाता है। जब प्राण पर अधिकार हो जाता है तो वह प्राण को जहाँ चाहे लगा सकता है ।असल में प्राणायाम प्राणशक्ति है जिसके सही उपयोग के कई लाभ है।

5. प्रत्याहार – योग दर्शन में प्राणायाम के पश्चात प्रत्याहार का कथन एवं विवेचन उसकी उपयोगिता की दृष्टि से किया गया है। **स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्यस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहार:।**[7] प्रत्याहार का सामान्य अर्थ होता है, पीछे हटना, उल्टा होना, विषयों से विमुख होना। इसमें इन्द्रिया अपने बहिर्मुख विषयों से अलग होकर अन्तर्मुख हो जाती है, इसलिए इसे प्रत्याहार कहा गया है। इन्द्रियों के संयम को भी प्राणायाम कहते है। प्राण और चित्त दोनों एक दूसरे से बंधे हुए है। यदि मन नियंत्रण में हो जाये तो प्राण स्वतः नियंत्रण में आ जाता हैं। इसके विपरीत यदि प्राण नियंत्रण में आ जाये तो मन स्वतः नियंत्रण में हो जाता है। ''जहाँ चित्त वहाँ प्राण''-इस उक्ति के अनुसार मन और प्राण का अविच्छिन्न सम्बन्ध है। जब प्राणायाम करते – करते प्राण नियंत्रण में आ जाता है तो मन स्वतः नियंत्रण में आ जाता है। और जब मन नियंत्रण में आकर इन्द्रियों के बाहरी विषयों से अंतर्मुख होना है उसी अवस्था को प्रत्याहार कहते है।

6. धारणा – महर्षि पतंजलि द्वारा प्रतिपादित अष्टांग योग के अन्तरंग यह योग का छठा अंग है। **देशवन्धप्चित्तस्थ धारणा।**[8] मन (चित्त) को एक विशेष स्थान पर स्थिर करने का नाम 'धारणा' है। यह वस्तुत: मन की स्थिरता का घोतक है। हमारे सामान्य दैनिक जीवन में विभिन्न प्रकार के विचार आते जाते रहते है। दीर्घकाल तक स्थिर रूप से वे नहीं टिक पाते और मन की सामान्य एकाग्रता केवल अल्प समय के लिए ही अपनी पूर्णता में रहती है। इसके विपरीत धारणा में सम्पूर्णत: चित्त की एकाग्रता की पूर्णता रहती है। जब मन प्रत्याहार से अंतर्मुख होने लगता है तो उसे किसी ध्येय पर लगाया जाता है। प्रवृति से मन चंचल होने से ध्येय वस्तु पर टिकता नहीं है किन्तु बार – बार उसे ध्येय वस्तु पर लाया जाता है। ध्येय के निरंतर प्रवाह की इस प्रक्रिया को धारणा कहते है।

7. ध्यान – धारणा की उच्च अवस्था ध्यान है। ध्यान शब्द की उत्पत्ति ध्येचित्तायाम् धातु से होती है जिसका अर्थ होता है- चिन्तन करना। किन्तु यहाँ पर ध्यान का अर्थ चिन्तन करना नहीं अपितु चिन्तन का एकाग्रीकरण अर्थात् चित्त को एक ही लक्ष्य पर स्थिर करना है। **तत्र प्रत्ययेकतानता ध्यानम्।**[9]

सामान्यत: ईश्वर या परमात्मा में ही अपना मनोनियोग इस प्रकार करना कि केवल उसमें ही साधक निगमन हो और किसी अन्य विषय की ओर उसकी वृत्ति आकर्षित न हो 'ध्यान' कहलाता है। योग शास्त्रो के अनुसार जिस ध्येय वस्तु में चित्त को लगाया जाये उसी में चित्त का एकाग्र से जाना अर्थात् केवल ध्येय मात्र में एक ही तरह की वृत्ति का प्रवाह चलना, उसके बीच में किसी दूसरी वृत्ति का नहीं उठना 'ध्यान' कहलाता है। जब निरंतर धारणा के अभ्यास से मन की प्रवृति किसी वस्तु पर लम्बे समय तक ठहरने लगे तो ध्येय के उस सतत प्रवाह को ध्यान कहते है। इसमें ध्येय और ध्याता का अंतर बना रहता है।

8. समाधि – अष्टांग योग में समाधि का विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण स्थान है। साधना की यह चरम अवस्था है, जिसमें समाधि स्वयं योगी का बाह्य जगत् के साथ संबंध टूट जाता है। यह योग की एक ऐसी दशा है, जिसमें योगी चरमोत्कर्ष की प्राप्ति कर मोक्ष प्राप्ति की ओर अग्रसर होता है। और यही योग साधना का लक्ष्य है। अत: मोक्ष्य प्राप्ति से पूर्व योगी को समाधि की अवस्था से गुजरना पड़ता है। योग शास्त्र में समाधि को मोक्ष प्राप्ति का मुख्य साधन बताया गया है, योग भाष्य में संभवतः इसलिए योग को समाधि कहा गया है। यथा ''योग: समाधि'' पातंजलि योगसूत्र में चित्त की वृतियो के निरोध को योग कहा गया है। समाधि अवस्था में भी योगी की समस्त प्रकार की चित्त वृत्तियॉ निरूद्ध हो जाती है। महर्षि पतंजलि ने समाधि का स्वरूप निम्न प्रकार से बताया है- **तदेवार्थमात्रनिर्भासंस्वरूपशून्यनमिव समाधि:।**[10] अर्थात् – जब (ध्यान में) केवल ध्येय मात्र की ही प्रतीती होती है और चित्त का निज स्वरूप शून्य सा हो जाता है, तब वह (ध्यान ही) समाधि हो जाता है। अतः जब ध्येय और ध्याता का अंतर समाप्त होकर केवल ध्येय रह जाये तो उस अवस्था को समाधि कहते है। समाधी की दो श्रेणियाँ होती है- सम्प्रज्ञात और असम्प्रज्ञात। सम्प्रज्ञात समाधि का मतलब वितर्क, विचार, आनंद से है जबकि, असम्प्रज्ञात में सात्विक, राजस और तमस सभी प्रकार की वृतियों की रोकधाम हो जाती है।

उपरोक्त अष्टांग मार्ग के अनुपालन से मनुष्य के चित्त की वृतियों का निरोध होता है और मनुष्य में एकाग्रता आती है। मन स्थिर और शांत हो जाता है।

****

संदर्भ सूची:

पातंजल योग सूत्र, 1/2
वहीं, 2/29
वहीं, 2/30
वहीं, 2/32
वहीं, 2/42
वहीं, 2/49
वहीं 2/54
वहीं 3/1
वहीं 3/2
वहीं 3/3

विभूति नारायण राय के उपन्यासों में यथार्थपरकता

डॉ. सत्य प्रकाश पाण्डेय
सहायक आचार्य (हिंदी)
के. पी. उच्च शिक्षा संस्थान झलवा, इलाहाबाद (उ.प्र.)
ईमेल - sppandeya340@gmail.com

आधुनिक साहित्य अपने वैचारिक भाव बोध और मानवीयता के विशेष संदर्भों के कारण कल्पना की परलौकिकता से परे हटकर यथार्थ की इहलौकिकता को केंद्र में रखता है। इसी संदर्भ में समकालीन साहित्य भी है। वर्तमान में समकालीन साहित्य का आशय 90 के बाद के समय के साहित्य से है। अपने समय से साक्षात्कार कराने वाली रचना ही समकालीन साहित्य है। रचनाकार अपने आलोचनात्मक दृष्टि से समाज में निहित विसंगतियों एवं अंतर्विरोधों का पड़ताल करता है और उसे रचनात्मक अभिव्यक्ति देता है। इस संदर्भ में कथा आलोचक शंभु कहते हैं- ‘‘समकालीनता न केवल एक विषय वस्तु या थीम है बल्कि इसमें रचनात्मक रूप देने वाली एक दृष्टि भी है। ‘‘समकालीनता अपने समय में रहते हुए उसके साथ-साथ चलते हुए उसमें आगे जाती है। काल या समय की अपनी एक सीमा का सामर्थ्य होती है। अपना एक तात्कालिक यथार्थ होता है। एक लेखक जब इस तत्काल्वाद को लांघकर आने वाले समय की सच्ची और सही और संभावित तस्वीर उकेरने लगता है, दरअसल तभी वह समकालीन कहलाए जाने योग्य होता है।’’ समकालीनता के संदर्भ में शंभु गुप्त का यह कथन कथाकार विभूति नारायण राय के ऊपर बहुत ही सटीक बैठता है। 1981 में 'घर' उपन्यास से साहित्य की दुनिया में विधिवत कदम रखने वाले विभूति जी ने अपने समय का यथार्थपरक सृजन उपन्यास के रूप में किया है। यद्यपि विभूति जी इसके पहले भी छिटफुट रूप में व्यंग्य एवं छात्र जीवन में कविताएं लिखते थे लेकिन साहित्यिक दुनिया में कोई पहचान नहीं था। विभूति नारायण राय ने जब लिखना शुरू किया तो वह संक्रमण का दौर था। इस दौर में कथ्य एवं शिल्प दोनों में बदलाव शुरू हो गया था। एक तरफ जहाँ साहित्य में अति यथार्थ के प्रति मोह था तो वहीं दूसरी ओर इससे मुक्त होने की बेचैनी भी थी। अतीत का अति यथार्थ और वर्तमान का कल्पना और यथार्थ का मिश्रण एक नए तरह के कथ्य और शिल्प को गढ़ रहा था।

इस दौर में उदय प्रकाश, संजय, विनोद कुमार शुक्ल, मनोहर श्याम जोशी के कथा साहित्य में बदलाव की पृष्टभूमि दिखती है। बाद के कहानीकारों ने इस बदलाव को अपने साहित्य नए ढंग से दर्ज किया। विभूति नारायण राय इसी संक्रमण काल के उपन्यासकार हैं जिन्होंने यथार्थ की जड़ता को तोड़ते हुए एक नए फ़लक पर यथार्थवादी साहित्य रचा। जनवादी दृष्टिकोण और संवेदनात्मक अनुभूति के कारण राय साहब ने उपन्यासों में अपने समय और समाज को वास्तविक रूप में चित्रित किया है। सर्वेश जैन ने विभूति नारायण राय के साहित्य पर लिखते हुए एक शीर्षक लिखती हैं- ‘‘विभूति नारायण राय अर्थात गत तीस वर्षों का भारतीय इतिहास’’ इस शीर्षक से ही स्पष्ट है कि विभूति जी ने जो साहित्य रचा है उसमें भारतीय जीवन का विगत तीस वर्षों का यथार्थ है। यह यथार्थ की भाव भूमि बदलते एवं नए बनते सामाजिक, राजनीतिक यथार्थ को बयां करते हैं। विभूति नारायण राय ने अब तक कुल पाँच उपन्यास 'घर' (1981), 'शहर में कर्फ्यू' (1986), ‘किस्सा लोकतंत्र'(1993), ' तबादला' (2001), 'प्रेम की भूतकथा' (2010) है। पहला उपन्यास ‘घर’ और अभी तक का अंतिम उपन्यास 'प्रेम की भूत कथा' को छोड़कर शेष उपन्यासों की पृष्टभूमि में एक तरह की साम्यता 1986 में प्रकाशित 'शहर में कर्फ्यू' इनका सर्वाधिक चर्चित उपन्यास है। इस उपन्यास के प्रसिद्धि को इसी बात से समझा जा सकता है कि यह लगभग सभी भारतीय भाषाओं एवं भारत के बाहर भी अन्य भाषाओं में भी अनुदित हो चुका है । विभूति जी ने यह उपन्यास पुलिस महकमे में उच्च अधिकारी रहते हुए सांप्रदायिक दंगों में पुलिसिया कार्यवाही किस तरह से होती है और दंगों के संदर्भ में पुलिस की स्थिति, पुलिस का सांप्रदायिकता के खिलाफ किसी विशेष तरह का प्रशिक्षण न होना और किसी खास धर्म के प्रति घृणा के भाव को बहुत सी महीन मानवीय पक्षों के साथ चित्रित किया है। इस उपन्यास के संदर्भ में लेखक की आत्म स्वीकारोक्ति है कि- “शहर में कर्फ्यू लिखना मेरे लिए एक त्रासदी से गुजरने जैसा था। उन दिनों मैं इलाहाबाद में नियुक्त था और शहर का पुराना हिस्सा दंगों की चपेट में था। हर दूसरे तीसरे साल होने वाले दंगों से यह दंगा मेरे लिए कुछ था। इस बार हिंसा और दरिंदगी अखबारी पन्नों से निकलकर मेरे अनुभव संसार का हिस्सा बनने जा रही थी - एक ऐसा हिस्सा जो अगले कई सालों तक दु:स्वप्न की तरह मेरा पीछा नहीं छोड़ने वाला था। मुझे लगा कि इस दु:स्वप्न से मुक्ति का सिर्फ एक उपाय है इन अनुभवों को लिख डाला जाय।” विभूति जी के इस वक्तव्य से उनकी रचना प्रक्रिया को समझना आसान हो जाता है। यही कारण है कि उनके उपन्यासों से विषय वैविध्यता खूब है। एक ही उपन्यास में कहने का ढंग भी भिन्न भिन्न है। यथार्थ को चित्रित करने में कोई दुहराव नजर नहीं आता। 'शहर में कर्फ्यू' उपन्यास के केंद्र में सांप्रदायिकता की मानसिकता, राजनीति के लिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, किसी खास संप्रदाय का विरोध, पुलिस का चरित्र आदि मन:स्थितियों में व्यक्तियों के अलग-अलग व्यवहार का रेखांकन है। इलाहाबाद शहर के मुस्लिम बाहुल्य हिस्से में दंगे भड़कने के बाद कर्फ्यू लगने एवं गरीब मजदूर मुस्लिम परिवारों में भूखमरी की स्थिति, मौत का स्याह सन्नाटे की बहुत ही मार्मिक अंकन है। इस सन्नाटे को पुलिस की गाड़ियाँ तोड़ती हैं। आजादी के समय से ही दंगे इस देश का अनिवार्य हिस्सा बन गया था। आजादी के समय से ही दंगे नेताओं के राजनीतिक स्वार्थ और उनके दांव पेंच पर टिकती थी। जिसे अंग्रेजों ने भी समय-समय हवा दी। सांप्रदायिकता के संदर्भ में जवाहर लाल नेहरू 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखते हैं- “भारत के अल्पसंख्यक यूरोप के अल्पसंख्यकों की भांति नस्ली या राष्ट्रीय अल्पसंख्यक नहीं हैं, ये धार्मिक अल्पसंख्यक हैं। नस्ली तौर पर भारत एक मिश्रित प्रजातियों का देश है पर यहाँ नस्ल को लेकर कभी कोई प्रश्न नहीं उठे।’’
राजनीति ने यहाँ धार्मिक अलगाव को सांप्रदायिक अलगाव में बदल दिया और दंगों के सारे आरोप मुस्लिमों पर थोप दिया। इस संदर्भ में लेखन का कहना है कि दंगे चाहे जो शुरू करता हो लेकिन मरते उसमें सबसे अधिक मुस्लिम ही हैं। सांप्रदायिकता के संदर्भ हमारे बीच यह भ्रम बरकरार है सांप्रदायिक दंगों की शुरूआत मुस्लिम करते हैं। इस भ्रम को लेखन ने थोड़ा है और उपन्यास का यथार्थ परक तथ्यों से कथा यात्रा को तय किया है। इस संदर्भ में आलोचक शंभु लिखते हैं- “यह उपन्यास बड़ी

ताकत के साथ हमारे इस भ्रम और हिन्दू-फासिस्टों के इस षड्यंत्रपूर्ण दुष्प्रचार को तोड़ता है कि इस देश में मुसलमान ज्यादा आक्रामक हैं और दंगे वही भड़काते हैं।"

यह एक ऐसी धारणा है जिसका कोई आधार नहीं है। सारे आंकड़ें इसके विरुद्ध जाते हैं फिर यह धारणा बनी हुई है। बात-बात में मुस्लिम समुदाय को पाकिस्तान भेजने या चले जाने की धमकियाँ दी जाती है। जबकि धर्म के नाम पर एक अलग देश की मांग आम मुसलमानों ने की थी। कुछ राजनेताओं के लिए ही सत्ता सबसे बड़ी चीज थी। यही कारण था कि पाकिस्तान बनने के बाद भी बड़ी संख्या में मुसलमान वहां जाने के लिए तैयार नहीं हुए। इस संदर्भ में रिजवान कैसर का यह कथन विचारणीय है- "1946 के चुनावों में मुस्लिम लीग ने पाकिस्तानी एजेंडे को मुसलमानों के लिए हर मर्ज की दवा के रूप में प्रायोजित किया था जिसने उन्हें वोट देने वाले उन मुसलमानों का समर्थन दिला दिया जो औसतन 15 प्रतिशत थे जबकि 11 प्रतिशत ने ही मुस्लिम लीग को वोट दिया। ऐतिहासिक सन्दर्भों में बात करें तो मुसलमानों के एक बटे दसवें हिस्से, वह भी ज्यादातर उच्च वर्ग की राय मुसलमानों पर थोप दी गई और उसे पूरे समुदाय का सामूहिक निर्णय बताया गया।" अधिक समर्थन न होने के बावजूद भी पाकिस्तान का निर्माण हुआ और भारत में मुसलमान शक के रूप देखे जाने लगे। शक और भय ने भारत के दो बड़े समुदाय के भीतर एक दूसरे के प्रति वैमनस्य बढ़ता चला गया। धार्मिक भिन्नता ने नस्लीय भिन्नता का रूप ले लिया । इसके फलस्वरूप सरकारी मिशनरी जिसे संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए काम करना होता है वह भी बहुसंख्यकवाद की शिकार हो गई और सांप्रदायिक दंगों में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा न कर किसी खास समुदाय की तरफदारी करती नजर आने लगी।

लेखक विभूति नारायण राय ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के रूप में इलाहाबाद में में दंगों को जैसा देखा, महसूस किया उसे यथार्थ रूप में उपन्यास के रूप में सृजित किया। यह उपन्यास आँखों देखी रिपोर्ट की तरह लगता है। शायद इसलिए इस उपन्यास को विजेंद्र नारायण सिंह ने रिपोर्ताज शैली का उपन्यास कहा है। 'शहर में कर्फ्यू' यथार्थ का अतिरेक नहीं है बल्कि यथार्थ के चरम को कथा में व्यक्त किया है। साईदा के मार्फत गरीबी, भूखमरी, बेबसी, लाचारी का जो चित्रण लेखन ने किया है वह अन्यत्र मिलना मुश्किल है। सईदा की बीमार बच्ची दवा के अभाव में मर जाती है, साईदा उसे अस्पताल भी नहीं ले जा पाती। यह कथ्य तमाम निम्न वर्गीय, गरीब और वंचित मुस्लिम लोगों के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत होती है जिन पर सांप्रदायिकता का कहर सबसे अधिक टूटता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि दंगों में ऐसे ही लोग सबसे ज्यादा यातना के शिकार होते हैं।

'किस्सा लोकतंत्र' लोकतंत्र के पतन की कथा है। जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन की व्यवस्था अब चंद घरानों की व्यवस्था हो गई है। भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सत्ता सुख की शिकार हो गई है। संसदीय राजनीति में अपराधियों का बोलबाला हो गया है। आज राजनीति में अपराधी, माफिया और दलालों के गठजोड़ में परिणत हो गया है। इस उपन्यास के केंद्र में लोकतंत्र का अपराधीकरण मुख्य रूप से है। इस उपन्यास की कथा की शुरुआत पुलिस के द्वारा अपराधी तत्वों के पनपने से होती है और अंत इन अपराधियों के माफिया तत्वों के गठजोड़ द्वारा एक इतर सत्ता तंत्र को विकसित करने के साथ होता है। वर्तमान में राजनीतिक मूल्य का जो ह्रास हुआ है अपराधी, राजनेता एवं सरकारी तंत्र का जिस तरीके से गठजोड़ है उसका यथार्थ चित्रण इस उपन्यास में हुआ है। यह उपन्यास वर्तमान राजनीति के चेहरे से पर्दा हटाता है जो अपराधियों द्वारा संचालित होता है।

इस उपन्यास का अंतर्वस्तु लोकतंत्र का अपराधीकरण है। उपन्यास का नायक पीपी (प्रेमपाल यादव) है जो अपने इलाके का कुख्यात अपराधी है। शराब एवं भू माफिया के रूप में यह अपराधी राजनीति में कदम रखता है। इसे उस समय के राजनेताओं का साथ मिलता है जिसके लिए इसने पहले चंदा देता था और उनके लिए काम करता था। इस उपन्यास में लेखक ने फ्लैश बैक शैली का सहारा लेते हुए पीपी के अतीत के साथ कथा को विस्तार देता है। कथा आलोचक इस उपन्यास में फ्लैश बैक शैली के संदर्भ में कहते हैं कि- "राय पी. पी. की किशोरावस्था के प्रसंगों का सविस्तार विवरण प्रस्तुत कराते हुए उस मनोवैज्ञानिक आधार को समझा देते हैं जो व्यवहार का नियमन करते हैं। यह उपन्यास लोकतंत्र के अपराधीकरण को बेपर्दा करता है।

'किस्सा लोकतंत्र' की तरह ही 'तबादला' भी सामान्य किस्म का उपन्यास है। इसे 'किस्सा लोकतंत्र' का विस्तार भी कहा जा सकता है। जिस जन विरोधी भ्रष्ट सत्ता की चर्चा वहां हुई है उसी का और अधिक विद्रूप यहाँ प्रस्तुत किया गया है। भ्रष्टाचार, कार्य संस्कृति के पतन की बानगी के तौर पर इसमें कार्यालय के वातावरण का चित्रण किया गया है।

'तबादला' 2001 में प्रकाशित विभूति जी का चौथा उपन्यास है। इसके केंद्र में भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार लोकतंत्र को घुन के माफिक चाट जाता है। इलाहाबाद में 12 वर्षों में एक बार लगाने वाले कुम्भ मेले को लेकर सरकारी तंत्र में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है उसकी कथा कहता है। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है इस उपन्यास में तबादला उद्योग और भ्रष्टाचार की कथा है। अधिशासी अभियंता कमलाकांत और दूसरे अधिशासी अभियंता बटुकचंद उपाध्याय का तबादला सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार की कहानी कहता है। कमलाकांत बर्मा के तबादले और उनके

स्थान पर बटुकचंद्र उपाध्याय अधिशासी अभियंता के पद स्थापित होने, तत्पश्चात कमलाकांत बर्मा के उसी पद पर पुनः स्थानांतरण होने और एक बार फिर बटुक चंद उपाध्याय के उन्हीं दांव पेचों का इस्तेमाल करके कमलाकांत वर्मा को हटाकर अपनी पुरानी जगह पर आ जाने का वर्णन है। इस तरह तबादला करवाने और रुकवाने के लिए दोनों अधिशासी अभियंता तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं। पैसे देकर अपना तबादला करवाते हैं और फिर पैसे देकर तबादला रुकवाते हैं। तबादले के माध्यम से भ्रष्टाचार की लूट किस तरह मची हुई है और जनता का पैसा किस तरह से लूट की भेट चढ़ जाता है, इसका चित्रण इस उपन्यास में बखूबी हुआ है। भ्रष्टाचार की जो कार्य संस्कृति सरकारी दफ्तरों में व्याप्त है यह उपन्यास उसकी एक बानगी प्रस्तुत करता है।

विभूति नारायण राय के रचनाओं के पात्र किसी काल्पनिक दुनिया से नहीं होते हैं, बल्कि हमारे आस-पास के घर-परिवार व जीवन के हिस्से लगते हैं। राय के पात्र अपने संपूर्ण अस्तित्व के साथ कथा पटल पर उपस्थित होते हैं। इन पत्रों की भूमिका एक पक्षीय नहीं होती है वरन बहुआयामी जीवन चरित्रों के साथ प्रस्तुत होते हैं। इनके तीन उपन्यास 'शहर में कर्फ्यू', 'किस्सा लोकतंत्र' और 'तबादला' की पृष्टभूमि में लोकतंत्र है। लोकतंत्र का अपहरण किस तरह से राजनेता, अपराधी और प्रशासन के आला अधिकारी मिलकर करते हैं उपन्यासों की केंद्रीय अंतर्वस्तु है।

****

संदर्भ :-

1. सिंह, पुष्पपाल,(2015). समकालीन हिन्दी कहानी: युगबोध का संदर्भ.
2. राय, विभूति नारायण. (2003). शहर में कर्फ्यू, भूमिका से, इलाहाबाद : इतिहास बोध प्रकाशन.
3. गुप्त, शंभु और जैन सर्वेश . (2012). अनहद गरजै. दिल्ली: शिल्पायन प्रकाशन.
4. नेहरू, जवाहरलाल.(198). डिस्कवरी ऑफ इंडिया, दिल्ली : ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस.
5. सिंह, विजेंद्र नारायण एवं सिंह, कृष्णकुमार. (2015). इलाहाबाद: साहित्य भंडार.
6. यादव, राजेन्द्र. (अगस्त, 2003). हंस अक्षर प्रकाशन: दिल्ली.

फादर कामिल बुल्के का हिंदी साहित्य में योगदान

सौरभ शुभम
(पीएचडी स्कॉलर)
हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद

फादर कामिल बुल्के (1909–1982) हिंदी साहित्य के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित नामों में से एक हैं, जिन्हें अक्सर अंतरसांस्कृतिक समझ और विद्वता का प्रतीक माना जाता है। एक बेल्जियन जेसुइट पादरी, जिन्होंने अपना जीवन भारत को समर्पित किया, बुल्के ने न केवल हिंदी भाषा में महारत हासिल की बल्कि इसके प्रमुख समर्थकों में से एक बन गए। उनकी यात्रा केवल उनकी भाषाई विशेषज्ञता की गहराई के लिए ही नहीं, बल्कि हिंदी साहित्य के सांस्कृतिक और बौद्धिक ताने-बाने में उनके योगदान के लिए भी उल्लेखनीय है। बुल्के का कार्य इस बात का शानदार उदाहरण है कि कैसे विभिन्न सांस्कृतिक और भाषाई पृष्ठभूमि से आने वाले व्यक्ति किसी भाषा और उसके साहित्यिक परंपराओं में गहरा योगदान दे सकते हैं। उनके कार्यों में अनुवाद, शब्दकोश निर्माण, और विद्वतापूर्ण विश्लेषण शामिल हैं, विशेष रूप से धार्मिक और दार्शनिक विषयों पर। उनकी प्रमुख कृति, राम कथा: उत्पत्ति और विकास, हिंदू धार्मिक अध्ययन का एक आधारभूत ग्रंथ मानी जाती है और रामायण की व्याख्याओं को गहराई से प्रभावित करती है। यह लेख बुल्के के जीवन, हिंदी के प्रति उनके प्रेम, और हिंदी साहित्य एवं भारतीय बौद्धिक धरोहर को समृद्ध बनाने के उनके प्रमुख योगदानों पर प्रकाश डालता है।

हिंदी और शैक्षणिक उपलब्धियों में प्रवीणता-

विदेशी होते हुए भी, बुल्के ने हिंदी भाषा में असाधारण निपुणता प्राप्त की, चाहे वह बोलने में हो या लिखने में। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हिंदी साहित्य का गहन अध्ययन किया, जहां उन्होंने रामायण पर अपने अद्वितीय शोध के लिए डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उनकी डॉक्टरेट थीसिस, "राम कथा: उत्पत्ति और विकास", में रामायण की उत्पत्ति, विकास और विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं में इसके विविध अर्थों का विश्लेषण किया गया। यह कार्य भारतीय महाकाव्यों और उनकी सांस्कृतिक महत्ता के अध्ययन में एक महत्वपूर्ण योगदान बना हुआ है।

बुल्के की जटिल भारतीय ग्रंथों की सटीक और संवेदनशील व्याख्या करने की क्षमता ने भारतीय विद्वानों के बीच उन्हें व्यापक प्रशंसा दिलाई। संस्कृत में उनकी दक्षता ने हिंदू शास्त्रों और दार्शनिक परंपराओं की उनकी समझ को और अधिक समृद्ध किया, जिससे वे इन ग्रंथों का मूल रूप में अध्ययन कर सके।राम कथा: प्रारंभ और विकास फादर द्वारा किए गए अध्ययन "राम कथा: प्रारंभ और विकास" में रामायण की गहरी और विस्तृत जांच की गई है। इस विद्वतापूर्ण अध्ययन में, उन्होंने रामायण की कथा के ऐतिहासिक, सामाजिक और शैक्षिक विकास का विश्लेषण किया है। फादर ने रामायण के विभिन्न संस्करणों की तुलना की है, जिसमें वाल्मीकि द्वारा रचित प्रारंभिक संस्कृत पाठ के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, बांग्ला, ओडिया, मलयालम और अन्य भाषाओं में क्षेत्रीय संस्करणों को भी शामिल किया है। उनका शोध यह स्पष्ट करता है कि रामायण केवल एक धार्मिक पाठ नहीं है; यह एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर बन चुकी है, जो भारत और दक्षिण एशिया के विभिन्न समुदायों को प्रभावित करती है। बुल्के ने यह भी अध्ययन

किया है कि रामायण की कथा को प्राचीन कथाओं, नृत्य-नाटकों और पारंपरिक गीतों के माध्यम से कैसे आगे बढ़ाया गया है। इस शोध में तुलसीदास के रामचरितमानस और कंबन के कंब रामायण जैसे कार्यों का महत्व भी उजागर किया गया है। इसके अलावा, , बुल्के ने रामायण पर विदेशी शैक्षिक परंपराओं के प्रभाव का भी विश्लेषण किया है, और दिखाया है कि इसका प्रभाव न केवल भारतीय उपमहाद्वीप में, बल्कि दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों जैसे इंडोनेशिया, थाईलैंड और कंबोडिया में भी महत्वपूर्ण है। बुल्के का शोध धार्मिक व्याख्याओं से परे जाता है, और रामायण को महत्वपूर्ण मानवीय मूल्यों जैसे न्याय, धर्म, वफादारी और सहानुभूति का प्रतीक मानते हुए प्रस्तुत करता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया है कि कैसे इस महाकाव्य ने भारतीय कला, संगीत और रंगमंच को आकार दिया है। यह अध्ययन भारतीय शैक्षिक अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ के रूप में कार्य करता है और रामायण के वैश्विक महत्व पर एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। बुल्के का कार्य यह सिद्ध करता है कि रामायण केवल एक कथा नहीं है, बल्कि एक सामाजिक और नैतिक धरोहर है जो समय और
भौगोलिक सीमाओं से परे है।बुल्के का इंग्लिश-हिंदी शब्दकोश द्विभाषी शब्दकोशविज्ञान में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है और यह भाषा और संस्कृति के संरक्षण और समझ में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्हें अपने अनुसंधान की गंभीरता और गहराई के लिए जाना जाता है। बुल्के, एक बेल्जियन जेसुइट पादरी, भाषाविद और विद्वान, ने हिंदी और इसकी बोलियों का अध्ययन करने में कई वर्ष समर्पित किए। उनका कार्य उन अंग्रेजी बोलने वालों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी का स्रोत है जो हिंदी सीखना या उपयोग करना चाहते हैं। संस्कृति और भाषा के आदान-प्रदान में भूमिका बुल्के के शब्दकोश की एक खासियत यह है कि यह अंग्रेजी और हिंदी जैसी दो अलग- अलग संस्कृतियों के बीच एक सेतु का काम करता है। हिंदी, जिसे दुनियाभर में लाखों लोग बोलते हैं, एक समृद्ध सांस्कृतिक और साहित्यिक परंपरा से जुड़ी हुई है, जिसकी जटिलताओं को अंग्रेजी बोलने वालों के लिए समझना कठिन हो सकता है।
1949 में, रांची के सेंट जेवियर कॉलेज में संस्कृत और हिंदी विभाग के प्रमुख के रूप मेंकार्यभार संभाला। हालांकि, शुरुआती समस्याओं के कारण उन्होंने प्रोफेसर बनने की बजायएक विद्वान के रूप में अपने करियर पर अधिक ध्यान केंद्रित किया। उन्हें 17वीं सदी के हिंदीकवि तुलसीदास में गहरी रुचि थी, जिनकी रचनाओं पर उन्होंने अपनी डॉक्टोरल थीसिस लिखी। बुल्के ने प्रसिद्ध नाटक ब्लू बर्ड को हिंदी में रूपांतरित किया और उसे नील पंची के नाम से प्रस्तुत किया। उन्हें तुलसीदास और उनके भक्ति रचनाओं पर बोलने के लिए अक्सर आमंत्रित किया जाता था, और वह इस कार्य को बहुत उत्साह के साथ करते थे। अपने कार्यों के माध्यम से उन्होंने लोगों को उनके आध्यात्मिक धरोहरों के गहरे मूल्यों से जोड़ा, और उनकामानना था कि तुलसीदास का साहित्य सुसमाचार की शिक्षाओं के लिए एक बेहतरीन परिचय है। 1951 में, उन्होंने भारतीय नागरिकता प्राप्त की और भारत सरकार द्वारा उन्हें हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय आयोग का सदस्य बनाया गया। बिहार में
रहते हुए उन्होंने दरभंगा के चर्च का दौरा किया और "दिव्यात्माओं और माता सीता की महान भूमि – मिथिला" की सराहना की, और भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के बाद उन्होंने "बिहारी" नाम अपनाया। , बुल्के का निधन 17 अगस्त 1982 को दिल्ली में गैंगरीन के कारण हुआ।
बुल्के का हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण योगदान- एक नया दृष्टिकोण
बुल्के का हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण योगदान उनके अनुवादक और शब्दकोशकार के रूप मे कार्य था। उनका मानना था कि अनुवाद एक शक्तिशाली उपकरण है जो सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देता है और साहित्यिक धरोहरों को एक व्यापक दर्शक वर्ग के लिए सुलभ बनाता है। बुल्के का हिंदी-इंग्लिश शब्दकोश, "अंग्रेजी-हिंदी शब्दकोश", छात्रों, शोधकर्ताओं और
लेखकों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बन गया। इसकी स्पष्टता, व्यापकता और सटीकता ने इसे दशकों तक एक भरोसेमंद संदर्भ बना दिया। यह शब्दकोश उनकी भाषाई सटीकता और दोनों भाषाओं की गहरी समझ का प्रतीक है। अपने शब्दकोशीय कार्य के अतिरिक्त, बुल्के ने कई ईसाई ग्रंथों का हिंदी में अनुवाद किया, जिनमें बाइबिल भी शामिल है। उनके अनुवाद सांस्कृतिक और भाषाई सूक्ष्मताओं के प्रति संवेदनशील थे, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि पाठ भारतीय पाठकों के साथ गूंजे और उनका मूल अर्थ बरकरार रहे।

हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में समर्थन-

बुल्के हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में समर्थन देने के कट्टर समर्थक थे। उन्होंने हिंदी को भारत के विविध भाषाई परिप्रेक्ष्य में एक एकता की ताकत के रूप में देखा और इसके अपनाने और विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया। उनके प्रयास उस व्यापक आंदोलन के साथ मेल खाते थे जो हिंदी को एक संपर्क भाषा के रूप में स्थापित करने के लिए था, जो क्षेत्रीय विभाजन को पाट सके और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा दे सके। सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची में हिंदी के प्रोफेसर के रूप में, बुल्के ने अनगिनत छात्रों को मार्गदर्शन दिया और उन्हें भाषा के प्रति अपनी दीवानगी से प्रेरित किया। उनकी शिक्षा हिंदी साहित्य की सांस्कृतिक और दार्शनिक समृद्धि पर आधारित थी, जिससे छात्रों को इसकी भूमिका को समझने और भारत की पहचान को आकार देने में इसके महत्व को सराहने के लिए प्रेरित किया।

आध्यात्मिक और अंतरधार्मिक जुड़ाव-बुल्के का हिंदी साहित्य से जुड़ाव उनके आध्यात्मिक खोज और अंतरधार्मिक संवाद के प्रति प्रतिबद्धता में गहरे रूप से निहित था। उनका मानना था कि साहित्य सार्वभौमिक सत्य की खोज करने और विभिन्न धार्मिक परंपराओं के बीच आपसी सम्मान को बढ़ावा देने का एक माध्यम हो सकता है। उनकी रचनाएँ अक्सर ईसाई और भारतीय दार्शनिक विचारों का एक सामंजस्यपूर्ण मिश्रण प्रस्तुत करती थीं, जो करुणा, विनम्रता और सत्य की खोज जैसे साझा मूल्यों पर बल देती थीं। भारतीय महाकाव्यों और शास्त्रों के साथ जुड़कर, बुल्के ने यह दिखाया कि कैसे आध्यात्मिकपरंपराएँ एक-दसरे को समृद्ध और पूरक बना सकती हैं।

विरासत और प्रभाव -फादेर बुल्के का हिंदी साहित्य में योगदान भारतीय बौद्धिक और सांस्कृतिक जीवन पर एक अमिट छाप छोड़ गया है। उन्हें एक विद्वान, शिक्षक और सांस्कृतिक दूत के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने हिंदी और भारतीय परंपराओं के प्रति अपनी प्रेमभावना केमाध्यम से पूर्व और पश्चिम के बीच पुल का काम किया। बुल्के का कार्य हिंदी साहित्य के शोधकर्ताओं और छात्रों, साथ ही अंतरसांस्कृतिक अध्ययन में रुचि रखने वालों को प्रेरित करता है। उनका जीवन भाषा की परिवर्तनकारी शक्ति और साहित्यिक शोध के स्थायी महत्व का प्रतीक है, जो समझ और एकता को बढ़ावा देने में सहायक हैI

****

हिंदी साहित्य में समरसता

शशि प्रकाश पाठक
शोधार्थी, हिंदी विभाग
बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ
ईमेल--shashiqwer177@gmail.com मो. नं-- 7905394161

काल के प्रवाह में विचलन स्वाभाविक है। आज हमें समता, समानता ,समरसता और अधिकारों की बात करनी पड़ रही है। सुधारों की बात करनी पड़ रही है, क्योंकि विचलन ने हमें उन मूल्यों से विरत कर दिया, जहां एक आदमी को ईश्वर बन जाने की स्वतंत्रता थी। आदमी का मनुष्य बनना और फिर देवत्व की तरफ बढ़ना साधारण नहीं है। उसके मूल्यनिष्ठ होते जाते की मुनादी है, घोषणा है। ऋषि कहते हैं-'मर्नु भवः' यानि मनुष्य बनो। यही बात बाद में गालिब के मुंह से निकलती है -

यूं तो मुश्किल है हर काम का आसां होना
आदमी को मयस्सर नहीं इंसा होना।

यानि जन्म से आप 'आदमी' हो सकते हैं किंतु 'मनुष्य' या 'इंसान' एक प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही आप बनते हैं।वेदों में कहा गया है _'माता भूमि: पुत्रो अहं पृथिव्या' अर्थात् भूमि मेरी माता है और हम सभी उसके पुत्र हैं। आदिकाल से ही पृथ्वी को मातृभूमि की संज्ञा दी गई है। भारत के राष्ट्र जीवन का आधार सदा आध्यात्मिकता रहा है। सर्वजन में एक ही तत्व को देखने वाली यह संस्कृति बेजोड़ हैं। इस संस्कृति के समाज विकास में हरेक का अपना महत्व लक्षित है। इसी विश्वास के आधार पर यहां युगानुकुल समाज रचना का विकास हुआ। समता, ममता और समरसता हमारे भारतीय लोकजीवन का अभिन्न अंग है। हम जिस देश में रहते हैं उसके ऋषि कहते हैं- 'सर्वभूतहिते रताः।' प्रकृति से साथ हमारा संवाद बहुत पुराना है। इसलिए हमने अपनी समूची सृष्टि को स्वीकारा। किसी को विरोधी नहीं माना। पेड़,पहाड़, नदियां, समुद्र, वनस्पतियां, जलचर,नभचर, जीव-जंतु, मनुष्य सबमें ईश्वर का वास मानने वाले हम ही हैं। हम ही कह पाए जो जड़ में है वही चेतन में है। कण-कण में ईश्वर का वास मानने वाली संस्कृति ही भारतीय संस्कृति है। सामाजिक समरसता, समानता व सामासिकता, न्याय और बंधुत्व आदियुग से मानव की आकांक्षा रहे हैं । आज भी उनके लिए मनुष्य हिंसक- अहिंसक तरीकों से जूझता रहता है, बावजूद इसके आज भी वे समाज के लिए स्वप्न ही बने हुए हैं।विश्व-भर के साहित्य को ध्यान से देखने पर ज्ञात होता है कि सभी महान साहित्यकारों के साहित्य में उनके अपने समय का समाज प्रतिबिम्बित होता है। साहित्य एक ऐसा महत्त्वपूर्ण साधन है जिसमें समाज विशेष की प्रगति तथा पतन की मनोस्थिति सभी कुछ देखी जा सकती है। जिन्सवर्ग के अनुसार -"समाज व्यक्तियों का वह समूह है जो किन्ही सम्बन्धों या तरीकों द्वारा संगठित है और जो कि उन्हें उन दूसरे लोगों से अलग करता है जो इन सम्बन्धों में शामिल नहीं होते अथवा जो उनसे व्यवहार में भिन्न हों।" हिंदी साहित्य की भी आधारभूमि तत्कालीन मानव समाज ही है। इनके गद्य व पद्य में मानव और समाज का चित्रण पूर्ण रूप से रचनात्मक और कलात्मक भाषा में हुआ है।

साहित्य में भी समानता और न्याय की अभिव्यंजना सनातन से ही रही है। हर युग में, हर भाषा के साहित्य ने इन्हें संवेदना के केंद्र में रखा है। हिंदी साहित्य के आरंभिक काल में ही हम इसकी गंभीर अभिव्यंजना को देख पाते हैं। हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति की प्रकृति सामासिक रही है, क्योंकि यहां कई बोलियां, उपबोलियां और क्षेत्रीय विशेषताएं समरस हुई हैं। वैविध्य और समरसता ही इस सांस्कृतिक विकास प्रक्रिया का मूलकेंद्र हैं। हिंदी साहित्य का आदिकालीन साहित्य इसी सामासिक समरूपता के आरंभिक दौर का उत्कृष्ट उदाहरण हैं । डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी ' हिंदी साहित्य और संवेदना के विकास' में कहते हैं -'वस्तुत: किसी साहित्य के आरंभ की पहचान वहां से की जा सकती है जहां वह धार्मिक कर्मकांड और रहस्य भावना से क्रमशः उन्मुक्त हो रहा हो।

इस दृष्टि से हिंदी में सिद्धो- नाथों से लेकर कबीरदास तक यह प्रक्रिया देखी जा सकती हैं। वैदिक साहित्य में एक ओर, और नाथ-सिद्धों की बानियों में दूसरी ओर, धर्म और साहित्य एक दूसरे में घुले-मिले दिखाई देते हैं। सिद्धों-नाथों के युग से निकल कर हिंदी संतों में साहित्य का प्रथम उन्मीलन उत्तर में दिखाई देता है, जिसका प्रतिरूप दकनी में पुरानी खड़ी बोली का सूफ़ी साहित्य है। संतो के यहां या तो रहस्यानुभूति के गूढ़ स्वर हैं,या फिर नए व्यवहारिक जगत में प्रवेश करने पर हिंदू- मुस्लिम और ऊंच-नीच के विद्वेष को मिटाने का यत्न है,जो विरोधों के शमन का बड़ा गहरा रचनात्मक उपक्रम है।'

जाहिर है कि यह असांप्रदायिक सामासिकता आदिकाल के मूल में है। राहुल सांकृत्यायन जी के अनुसार हिंदी परंपरा के पहले कवि सिद्ध सरहपा जी -भोग में निर्वाण और काया में तीर्थ देखते है। चंद और विद्यापति क्रमशः वीर और श्रृंगार तथा भक्ति और श्रृंगार को समरस करते हैं। नाथ परम्परा राजाओं को योगी बनाती चलती है चटपटनाथ की सबदी है 'तांबा-तुंबा ये दुई सूचा! राजा ही तैं जोगी ऊंचा।' यह सामासिकता जैन कवियों में कम दिखाई पड़ती है क्योंकि वे अधिकतर धार्मिक रहे हैं। इस संदर्भ में भारतीय साहित्य के भक्ति परम्परा के प्रमुख स्तंभों में से एक मैथिली के सर्वोपरि कवि विद्यापति का उल्लेख गंभीरतापूर्वक किया जा सकता है। इन्हें वैष्णव और शैव भक्ति के सेतु के रूप में भी स्वीकार किया गया है। मिथिला के लोगों को 'देसिल बयना सब जन मिट्ठा' का पाठ पढाके जन चेतना को उभारा है।

उधर दूसरी तरफ अमीर ख़ुसरो जी के रचनाकर्म से यह आभाष होता है कि हिंदी साहित्य का चरित्र आरम्भ से ही एकदम असांप्रदायिक रहा है। हिंदू मुस्लिम का जहां सीधा द्वंद चित्रित किया है वहां भी वह वीरों का युद्ध रूप में ही आता है। उनके कृतित्व में किसी एक पक्ष के प्रति घृणा भाव नहीं है। साहित्य और संगीत की जरूरतें भी खुसरो के यहां घुल-मिल सी गई हैं।

भारतीय जीवन में एक काल ऐसा आया जब भारतीय उपमहाद्वीप पर इस्लाम के कट्टर अनुयायियों का आक्रमण हुआ और भारत की सामाजिक राजनैतिक व्यवस्था में उथल-पुथल हो गयी।काल-प्रवाह में हमारी एकात्म भावना, सामाजिक समरसता में आततायियों के प्रहारों की धुल जम गयी। तब भारतीय संत परम्परा ने पुनः इसे जीवतं करने का कार्य किया काल के प्रवाह में उत्पन्न मनुष्य–मनुष्य के मध्य भेदभाव को मिटा कर समरस सामाज स्थापना का प्रयास किया। हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में – "इस्लाम के प्रवेश ने धर्मगत एवं समाज व्यवस्था को पुरी तरह से झकझोर दिया था। उस समय भक्त कवियों की भक्ति ने दो रूपों में आत्म प्रकाश किया। एक सगुण साधना, दूसरी निर्गुण साधना। पहली साधना ने हिन्दू जाति की बाह्याचार एवं शुष्कता

को आन्तरिक प्रेम में सींचकर रसमय बनाया और दूसरी साधना ने बाह्याचार की शुष्कता को दूर करने का प्रयत्न किया।"इसे काल खंड में अनेक प्रकार के सामाजिक तथा राजनीतिक परिवर्तन के कारण समाज में विघटन और विभाजन ने जोर पकड़ा, इसी से जातियों औ उपजातियों की संख्या में वृद्धि हो गई। संत कवियों ने जन–जन में छुपे एकात्म भाव को जगाने का प्रयास किया,लोक साहित्य की रचना की। सन्त साहित्य का उद्देश्य "लोक" में फैले अविश्वास, अनास्था एवं कुरीतियों को दुर करना था। संतो ने मानवीय भावनाओं को उजागर करने का कार्य किया। भारतीय जीवन में निहित सद्भावना, समरसता को पुनः स्थापित करने का महती प्रयास किया।

संत नामदेव दर्जी जाति के थे। इन्होंने सभी प्राणियों के अंदर एक ही आत्मा का दर्शन किया और सामाज में जाति – पाँति से ऊपर उठ समरस सामाज निर्माण की प्रेरणा दी वे कहते हैं :

सर्वभूतों में हरि यही एक सत्य।
सर्व नारायण देखते हरि।।

अर्थात 'सभी जीवों में ईश्वर ही सत्य हैं। प्रभु सभी को देख रहे हैं। संत शिरोमणि कबीरदास ने जन्म से ऊँच–नीच माने जाने वाली परम्परा पर पुर-जोर प्रहार किया और इसका उपहास भी उड़ाया। सभी मनुष्यों के जन्म की विधी एक ही हैं, चाहे वे किसी भी वर्ण के क्यों न हों। एक ही रक्त एवं शरीर के अंग सब एक ही समान हैं। एक ही बूँद से समस्त मानव सृष्टि की गई हैं, फिर ब्राह्मण और शुद्र का अंतर कैसा? कहते है-

एकै त्वचा हाड़ मल मूत्रा, एक रुधिर एक गूदा।
एक बूँद से सृष्टि रची है, को ब्राह्मण को शूद्रा ।।

मानवतावाद के पक्षधर कबीर जी कहते हैं कि भगवान की दृष्टि में सब बराबर हैं न कोई छोटा हैं न कोई बड़ा हैं। उनकी दृष्टि में भगवान की भक्ति में जाति की आवश्यकता नहींहैं। भक्ति में मुल्लाओं और पंडितों की आवश्यकता नहीं हैं कहते है -

जो मोहि जाने तोहि मैं जानौं।
लोक वेद का कहा न मानौं।।

रैदास एक चर्मकार परिवार में जन्म पाकर अपनी आध्यात्मिक–साधना, चरित्रबल तथा विनयशील स्वभाव के कारण ईश्वरभक्ति का व्यापक साहित्य लिखा, किंतु अपने परिवारिक कार्य को लेकर कोई ग्लानि नहीं थी। वे लिखते हैं—

"जाति एक जाने एक ही चिन्हा,
देह अवमन कोई नही भिन्ना।
कर्म प्रधान ऋषि-मुनि गांवें,
यथा कर्मफल तैसाँहि पावें।
जीव कै जाती वरन कुल नांहि,
जाती भेद है जग मूरखाई।
नीति-समृति-शास्त्र सब गावें,
जाती भेद शउ मूढ़ बतावें।"

अर्थात् 'जीव की कोई जाति नहीं होती' वे ऋषि मुनियों की वाणी बताते हुए कहते हैं जब सबमें प्रभु है तो जाति भेद कैसा। सूरदास की भक्ति पद्धति में ऊँच – नीच का भेद नहीं हैं। उनका मानना है कि भगवान् के दरबार में जाति नहीं पूछी जाती :

'जाति–पाति कोई पूछत नाहीं श्री पति के दरबार।'

स्वयं श्री वल्लभाचार्य तथा भक्ति मार्ग के अन्य आचार्यों ने भी इनमें ऊँच-नीच का भेद नहीं माना। भक्त सूरदास ने ईश्वरभक्ति में कोई भेद मानने से स्पष्ट मना कर दिया। 'सूरसागर के प्रथम स्कंध में वे कहते हैं:

'जाति पांति कुल-कानि न मानत, वेद पुराननि साखै।'

सामाजिक समरसता के पुरोधा गोस्वामी तुलसीदास ने अपने साहित्य में सामाजिक समरसता के लिए कई प्रयास किए: तुलसीदास ने रामचरितमानस के ज़रिए समाज में टूटन और जड़झरहट को दूर करने की कोशिश की,उन्होंने राम की कथा के ज़रिए राजनीतिक, सामाजिक, और पारिवारिक आदर्शों को स्थापित किया। तुलसीदास ने राम और शिव में परस्पर भक्तिभाव चित्रित करके वैष्णवों और शैवों में विरोध को खत्म करने की कोशिश की।तुलसीदास ने समाज में समरसता लाने के लिए समन्वयवात्मक दृष्टिकोण अपनाया। इन्होंने समाज में मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठित करते हुए समाज में दैहिक, दैविक, और भौतिक किसी भी प्रकार के कष्टों को खत्म करने की कल्पना की।

तुलसीदास ने वर्णाश्रम आधारित समाज को आदर्श समाज बताते हुए,भारतीय सामाजिक व्यवस्था के अनुरूप संयुक्त परिवार को अधिक महत्व दिया।तुलसीदास ने राम के चरित्र में शील, शक्ति, और सौंदर्य को विकसित करके लोकसंग्रह की साधना की।

इसी प्रकार गुरुनानक, जायसी एवं अन्य संत कवियों ने अपने मन – वचन–कर्म से भारतीय सामाज को समता ममता व एकत्व के सूत्र में बांधकर समरस समाज निर्माण की व्यापक चेष्टा करते दिखाई देते हैं।

साहित्य किसी भी समाज का आईना होता है। साहित्य के आलोक से समाज में चेतना का संचरण होता है। उन्नीसवीं एवं बीसवीं शताब्दी को हिंदी साहित्य के सांस्कृतिक एवं समाज निर्माण की शताब्दी कहा जा सकता है। इस शताब्दी के साहित्यकारों ने स्वतंत्रता के साथ-साथ समाज सुधार को संघर्ष का विषय बनाया। मध्यकालीन भारतीय समाज की रूढ़िवादिता,संकीर्णता,अंधविश्वासी चेतना को पश्चिमी ज्ञान-विज्ञान के आलोक में झकझोर कर जगाने का कार्य इस दौर के विद्वानों और साहित्यकारों ने किया।भारतेन्दु ने सामाजिक दोषों, रूढ़ियों, कुरीतियों का घोर विरोध किया है ।उन्होंने धर्म के नाम पर होने वाले ढोंग की पोल खोल दी है। छुआछूत के प्रचार के प्रति क्षोभ के स्वर उनकी रचनाओं में सहज ही दिखाई पड़ते हैं।भारतेन्दु ने 'भारत-दर्दशा' नाटक में वर्णाश्रम धर्म की संकीर्णता का इन शब्दों में विरोध करते हुए कहते हैं "बहुत हमने फैलाए धर्म, बढ़ाया छुआछूत का कर्म।"तो वहीं प्रतापनारायण मिश्र जी की दृष्टि 'मन की लहर' में बाल-विधवाओं की करुण दशा की ओर गई है 'कौन करेजो नहि कसकत सुनि विपति बालविधवन की।' मिश्र जी स्त्रियों की शिक्षा के पक्षपाती हैं, बाल-विवाह के विरोधी तथा विधवाओं के दुख से दु:खी है।

साहित्य समाज की उन्नति और विकास की आधारशिला रखता है। कभी कभी साहित्यकार या लेखक शोषित वर्ग से इतना करीब होता है कि उसके कष्टों को वह स्वयं भी अनुभव करने लगता है। मुंशी प्रेमचंद के एक कथन को यहां उद्धृत करना उचित रहेगा..."जो दलित है, पीड़ित है, संत्रस्त है,उसकी साहित्य के माध्यम से हिमायत करना साहित्यकार का नैतिक दायित्व है।" प्रेमचंद का किसान - मजदूर चित्रण उस पीड़ा और संवेदना का प्रतिनिधित्व करता है जिनसे होकर आज भी अविकसित एवं शोषित वर्ग गुजर रहा है।

साहित्य की महती भूमिका होती है कि वह कितनी सूक्ष्मता और मानवीय संवेदना के साथ मानवीय अवयवों को उद्घाटित करता है। साहित्य, समाज की उन्नति के साथ भविष्य का पथ-प्रदर्शक है। हिंदी साहित्य समाज की उन्नति में अमीर ख़ुसरो से लेकर तुलसी, कबीर, जायसी, रहीम, प्रेमचंद, भारतेंदु,निराला नागार्जुन तक की श्रृंखला के रचनाकारों ने समाज के नवनिर्माण में अभूतपूर्ण योगदान दिया है। व्यक्तिगत हानियां उठाकर भी इन्होंने शासकीय मान्यताओं के खिलाफ़ जाकर समाज निर्माण हेतु कदम उठाएं। अतः संक्षेप में कहा जा सकता है कि हिंदी साहित्य के रचनाकारों ने अपने समय से आगे की रचना की। यह उनकी दूरदृष्टि ही कही जा सकती है कि उन्होंने भविष्य की

परिस्थितियों को पहले भांप लिया था और उस समय ही हिंदू-मुस्लिम,जातिगत एकता व बंधुत्व पर अपनी रचना की। अपने रचनाकर्म के माध्यम से जनसामान्य को जागरूक करने का प्रयास करते हुए समता,ममता व समरसता की बात करते हैं। सामाजिक असंतुलन के आज के विभ्रमकारी दौर में हमें इन साहित्यकारों के रचनाओ को फिर से पढ़ने की जरूरत है क्योंकि इसमें सामाजिक समरसता, समानता ,न्याय और सामासिकता की एक अदभुत छटा निखर कर आती है जो हिंदी साहित्य की सच्ची प्रस्तावना है।

****

संदर्भ ग्रंथ:-

1. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, *हिंदी साहित्य का आदिकाल*, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् ,पटना,1952
2. बलदेव उपाध्याय, *वैदिक साहित्य एवं संस्कृति*, शारदा संस्थान, वाराणसी,1969
3. कृष्ण चंद्र,*भारतीय संस्कृति*,सुरभारती प्रकाशन, दिल्ली,1992
4. गोपाल कृष्ण, *भारत की संत परंपरा और सामाजिक समर*सता, मध्य प्रदेश ग्रन्थ अकादमी,2015
5. आचार्य रामचंद्र शुक्ल, *हिंदी साहित्य का इतिहास*, लोकभारती प्रकाशन,2013
6. डॉ रामधारी सिंह दिनकर,*संस्कृत के चार अध्याय*, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली,1946
7. शिव कुमार मिश्र,*भक्ति आंदोलन और भक्ति काव्य,* लोकभारती प्रकाशन, दिल्ली
8. शंभूनाथ (सं.), *जातिवाद और रंगभेद*, वाणी प्रकाशन,1990
9. रामस्वरूप चतुर्वेदी, *हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद

'श्रृंखला की कड़ियां'निबंध में नारी चेतना

अंजली कुमारी
शोध छात्रा हिंदी विभाग
केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश मो.7018930339

शोध सारांश- भारतीय समाज में स्त्री को सामान्य मानव के बजाय त्याग एवं बलिदान की मूर्ति और देवतुल्य व्यक्तित्व के रूप में प्रतिष्ठित करने का प्रयास किया जाता रहा है। स्त्री से एक पुत्री, बहन,पत्नी या किसी अन्य रूप में सदैव अपेक्षा की जाती है कि वह अपने अधिकारों और इच्छाओं की बलि देकर समझौता करे।'श्रृंखला की कड़ियां' निबंध में महादेवी वर्मा ने स्त्रियों के होते आ रहे अन्याय शोषण और विभिन्न परिस्थितियों को आधार बनाकर नारी चेतना संबंधी अपने विचारों को प्रस्तुत किया है। उनके निबंध में विद्रोह पूर्ण स्वर में समाज में व्याप्त रूढ़िवादी मानसिकता का विरोध किया है जो समाज के ठेकेदारों के असंवेदनशील शोषण वृत्ति का परिणाम है।पुरुष प्रधान समाज में नारी से संबंधित सामाजिक विषमता, शिक्षा की कमी के कारण नारियों में अपने अधिकारों के प्रति अज्ञानता,लोकलाज , स्त्रीत्व के नाम पर नारी का मानसिक और शारीरिक शोषण ,आरक्षण के नाम छलावा, लेडीज़ फर्स्ट आदि ऐसे विषय है जिन पर लेखिका का ध्यान आज से नौ दशक पूर्व केंद्रित हुआ। इसलिए लेखिका ने अपने साहित्य के माध्यम से नारी चेतना का जो आह्वान किया वह आज भी समस्त नारी जाति के लिए अनुकरणीय है।

बीच शब्द - लोकलाज ,अज्ञानता, उत्तराधिकार, अस्तित्व, मानसिकता, भारत, नवजागरण।

प्रस्तावना - हिंदी साहित्य की छायावादी कवयित्री महादेवी वर्मा द्वारा सन 1931ईस्वी में प्रकाशित "श्रृंखला की कड़ियां" निबंध संग्रह में भारतीय समाज में स्त्री विमर्श ,समाज का नारी के प्रति दृष्टिकोण, नारी चेतना और विमर्श और मानवीय संबंधों के विश्लेषण को प्रस्तुत किया है जो उनके गहन आत्मिक अनुभूति का परिचायक है। इतिहास साक्षी है कि सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक ,आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तनों से नारी जीवन में कई तरह के उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। परिस्थितिया बदलने के साथ शासन व्यवस्था ने नारी की जीवन शैली में भी बदलाव लाने का प्रयास किया है जिसके परिणामस्वरूप आज नारी का अस्तित्व भी बदला है। 21वीं शताब्दी में नारी विमर्श साहित्यकारों की लेखनी और चर्चा के केंद्र में है। परंतु अधिकतर साहित्यकारों ने बिना किसी आंदोलन के नारी उत्पीड़न और चेतना को अपनी लेखनी के माध्यम से अभिव्यक्त किया है।महादेवी वर्मा ने जीवंत नारियों के संघर्ष ,सुख दुख,आशा निराशा आदि मनोभावों का साक्षात्कार उन्हें अपने अंतःकरण से किया है। उनका कहना था" संसार परिवर्तनशील है ,यहां बड़े-बड़े साम्राज्य बह गए, संस्कृतियां लुप्त हो गई ,जातियां मिट गई,रीति रिवाज़ बदल गए, रूढ़ियां टूट गई ।सब कुछ बदल गया पर स्त्रियों की दशा नहीं बदली है।"[1] लेखिका के जीवन काल में जिन स्त्रियों के साथ संपर्क हुआ उनकी दारुण व्यथा का प्रत्यक्ष अनुभव किया और पुरुष प्रधान समाज में स्त्री विरोधी मानसिकता ने उन्हें व्यथित किया। भारतीय नारी जीवन भर विषम परिस्थितियों का सामना करती हुई स्वयं को समर्पण करने पर भी समाज में उपेक्षित रही। महादेवी वर्मा लिखती है कि "मैं भारतीय नारी की विषम परिस्थितियों को अनेक दृष्टि बिंदुओं से देखने का प्रयास किया है। अन्याय के प्रति मैं स्वभाव से असहिष्णु हूँ अतः इन निबंधों

में उग्रता की गंध स्वाभाविक है ,परंतु ध्वंस के लिए ध्वंस के सिद्धांत में मेरा कभी विश्वास नहीं रहा। मैं तो सृजन के उन प्रकाश तत्वों के प्रति निष्ठावान हूं जिनकी उपस्थिति में विकृति अंधकार के समान विलीन हो जाती है। उन्होंने नारी चेतना के संदर्भ में पुनः उल्लेख किया है कि भारतीय नारी भी जिस दिन अपने संपूर्ण प्राणप्रवेग से जाग सके उस दिन उसकी गति रोकना किसी के लिए संभव नहीं ।उसके अधिकारों के संबंध में यह सत्य है कि वह भिक्षावृत्ति से न मिले हैं न मिलेंगे।"[2] जिस समाज में विसंगतियां, रूढ़िवादी परंपराओं ,मानसिक विकृतियों का सामना करने में जितनी अधिक ऊर्जा सक्रिय होती है ।वह समाज उतना ही चेतना युक्त होता है। चेतना के संदर्भ में रत्नाकर पाण्डेय लिखते हैं"चेतना सामाजिक वातावरण से विकसित होती है, वातावरण के प्रभाव से व्यक्ति नैतिकता और उचित व्यवहारिकता प्राप्त करता है ।चेतना और मनुष्य के सामाजिक चरित्र में मौलिक संबंध है क्योंकि मनुष्य केवल चेतना से उत्पन्न प्रेरणा के कारण ही कोई भी कार्य करता है ।चेतना वह एक विशेष गुण है जो मनुष्य को जीवित बनाती है और चरित्र वह सामाजिक संगठन है, जिसके द्वारा वास्तविकता व्यक्त होती है और जीवन के विभिन्न कार्य चलते रहते हैं ।किसी मनुष्य की चेतना उसकी व्यक्तिगत संपत्ति न होकर सामाजिक उपक्रम का परिणाम होती है।"[3] लेखिका के मन में यह प्रश्न बार-बार कौंधता है कि स्त्री के मातृत्व को महिमा मंडित करने वाला तथा यत्र नार्यस्तु पूज्यंते तत्र रमंते देवता आदि शब्दों के छलावे में भ्रमित करने वाला समाज नारी के प्रति संवेदनहीनता और मानवीयता की सारी सीमाएं कैसे लग सकता है? स्त्री विमर्श की इस यात्रा में जब लेखिका का जब नारी की इस विषाक्त यात्रा से साक्षात्कार होता है तो नारी चेतना के असंख्य प्रश्न अपने आप उभरने लगते हैं। "नारीत्व का अभिशाप" नामक निबंध में महादेवी वर्मा लिखती हैं कि " क्या नारी के बड़े से बड़े त्याग को, आत्म निवेदन को, संसार ने अपना अधिकार नहीं किंतु उसका अद्भुत दान समझकर नम्रता से स्वीकार किया है ?कम से कम इतिहास तो नहीं बताता कि उसके किसी बलिदान को पुरुष ने उसकी दुर्बलता की अतिरिक्त कुछ और समझने का प्रयत्न किया।"4 प्राचीन समय में अधिकतर समाज में स्त्री की आर्थिक निर्भरता ने पुरुष स्त्री के संबंधों को मालिक और दासी के संबंधों के रूप में परिभाषित किया है। समाज में संपत्ति का उत्तरदायित्व मिलने से पुरुष को एक प्रकार का उत्तराधिकार तो मिल गया था ।शारीरिक शक्ति अधिक होने तथा सामाजिक नियमों का निर्माता होने के कारण अधिकार मिलना भी स्वाभाविक था। इस प्रकार भारतीय समाज में एक पुत्री, बहन ,पत्नी, माता आदि का अस्तित्व होने के साथ -साथ नारी सदैव आर्थिक निर्भरता दृष्टि से परामुखोपेक्षिणी रही है। इसके अतिरिक्त भारतीय समाज में नारी को सहचरी, अर्धांगिनी , पत्नी जैसे असंख्य दर्जा प्राप्त हुआ है ,लेकिन वास्तविक रूप में वह आज भी पुरुष के समान दर्जा प्राप्त न कर सकी।"समय की गति के अनुसार न बदलने वाली परिस्थितियों ने स्त्री के हृदय में जिस विद्रोह का अंकुर जम जाने दिया है उसे बढ़ने का अवकाश यहीं घर बाहर की समस्या दे रही है। जब तक समाज का इतना आवश्यक अंग अपनी स्थिति से असंतुष्ट तथा अपने कर्तव्य से विरक्त है, तब तक प्रयत्न करने पर हम अपने सामाजिक जीवन में सामंजस्य नहीं ला सकते। केवल स्त्री के दृष्टिकोण से ही नहीं, वरन् हमारे सामूहिक विकास के लिए यह भी आवश्यक होता जा रहा है कि स्त्री घर की सीमा के बाहर भी अपना विशेष कार्य क्षेत्र चुनने को स्वतंत्र हो।"5 इस प्रकार लेखिका ने "श्रृंखला की कड़ियां" निबंध संग्रह में सदियों से चली आ रही स्त्रियों की अस्तित्व को पुनर्स्थापित कर नारी चेतना का संदेश दे कर मुख्य धारा के साथ जोड़ने का प्रयास किया है।

यद्यपि आधुनिक नारी का संघर्ष पुरुष से नहीं अपितु समाज में व्याप्त रूढ़िवादी मानसिकता से है ।आज की नारी न पुरुष की छाया बनकर जीना चाहती है और न ही वह गुलामी सा जीवन व्यतीत करना चाहती है ।जिस प्रकार पुरुष को घर, परिवार, समाज में जो स्थान प्राप्त है, आधुनिक नारी भी प्रत्येक क्षेत्र में समानता का दर्जा प्राप्त करना चाहती है।" जीवन के विकास के लिए दूसरों से सहायता लेना बुरा नहीं ,परंतु किसी को सहायता दे सकने की क्षमता न रखना अभिशाप है ।सहयात्री वे कहे जाते हैं जो साथ चलते हैं, कोई अपने बोझ को सहयात्री कह कर अपना उपहास नहीं कर सकता। भारतीय पुरुष ने स्त्री को या तो सुख के साधन के रूप में पाया या भार रूप में ,फलता वह उसे सहयोगी का आदर न दे सका।"[6]

Nitrites and Nitrites	In order to avoid food illness, sodium nitrite is used as a preservative in animal products, hamsters, smoked meat, hot dogs, and salami. Although sodium nitrite can stop the development of germs that might cause botulism, it may interact with peptides and produce cancerous effects. N-nitrosamines whenever heated to high temperatures. When nitrate attaches to haemoglobin, the substance that transports oxygen from bloodstreams to the body's tissues, it produces chemically changed haemoglobin (methaemoglobin), which hinders the delivery of oxygen to the tissues and gives the skin its blue hue.
Benzoates	Benzoate is thought to be triggering harm to the brain and can cause allergies like breakouts on the skin and bronchitis. As microbiological food preservatives, benzoates have been linked to inflammation, respiratory conditions, and sensitivities.
Caffeine	Caffeine is a flavouring and colouring agent with diuretic and stimulating qualities. It may result in anxiety, heartburn, and in rare cases, cardiac abnormalities.
Sorbic Acid	Foods are treated with sorbates or sorbic acid as antibacterial preservatives. Although sorbate problems are uncommon, dermatitis from contact and urticaria have been reported

Natural preservatives: Better alternatives

Natural preservatives are likely a topic of greater scholarly interest than commercial or practical benefit. It does, however, offer a fantastic marketing aspect that might help to offset the greater cost of raw materials. The most popular preservation techniques that the formulator already has access to are reviewed first in the paper. Many of these instances may be found in the industry of food and drinks. The study then examines

how to browse through the available material and the issues with frequently employed substitutes for the procedure of preservation. This Review concludes by examining a few particular species that are frequently found in the toiletryFig 3: Natural preservatives and cosmetics industries and providing samples of a few of the botanical sources as shown in Table 7 [17].

Fig 3: Natural preservatives.

Table 7. Natural Preservatives and its properties [18]

Preservatives	Properties
Sugar	High amounts of sugar can protect foods against spoiling microbes; this is evident in jams, conserves, certain sweetness pickled veggies, and marmalades. This plays a significant role in ensuring the longevity of candy, boiled desserts, and other foods. As a result of the substitution of artificial sweeteners, which are less expensive and healthier to consume, for sugar, many items must now be stored in the refrigerator or freezer once they are opened, compromising the product's ability to preserve itself.
Honey	Undiluted honey is also an all-natural preservative; in fact, several scholarly articles mention honey's ability to operate as a viscoelastic shield against germs and illness.
Alcohol	Yeast's ability to convert sugar into alcohol is a separate business. Once the fermentation process is over, a wine that has been meticulously made using sterile supplies and brewed to 13% by capacity will barely be able to withstand additional infection from outside microbes. The moment of fermentation is when the fermented must is most susceptible to infection. Distillation may concentrate the naturally occurring fermentation-grade alcohol, which can then be utilized as a natural preservative in colognes, aftershaves, and toners.
Heat	Other alternative preservation methods that will sterilize items include heating, cooking, and pasteurization. This is particularly important for products that are intended for single-use, such phials or sachets. To stop microbiological deterioration, the product can also be kept in the refrigerator or freezer once it has been opened.
Anhydrous	Similarly, one may intentionally create and construct a completely anhydrous product by using ingredients that don't contain any water at all. The identical limitations that apply to desiccated goods also apply to gels that the user can complete by adding liquid to the mixture of oils, fats, and lubricants.
Cold	As long as the goods was pure before it was put in a freezer and/or had enough preservation "mass" to combat any newly acquired organisms, putting it in the cold just "stops the clock" on microbiological development, which is entirely OK.
Acidic pH	By keeping the pH as low as feasible, the preservation action can be increased. One of the several alpha hydroxy acids (AHAs) derived from citrus varieties, of which citric and malic acids are the main constituents, may provide natural acidity. In addition, it is astonishing that costly organic alpha hydroxy acid sources are being artificially produced while baobab oil makers discard significant amounts of tartaric acid as a byproduct.
Vinegar	Vinegar is utilized as in food industry and household preservation due to its low pH and acetic acid concentration. In actuality, it is employed to pickle a broad range of meals, including meat, vegetables, seafood goods, and spicy fruits.

Onion	It serves as one of the most commonly consumed veggies and offers a number nutritional advantage. Culinary quercetin is abundant in onions. The flavanols quercetin and kaempferol, which are frequently found in glycosylated forms, are their principal representatives. Onions have therefore been suggested as an excellent source of plant-based preservatives, which improve food stability and preservation while also raising its nutritional content. Onions have antibacterial properties because they contain thiosulfates and other volatile chemical substances. They are primarily in charge of the onion's distinct flavour, scent, and lachrymatory action, but their antimicrobial, anti-fungal and antimicrobial properties also make them highly desirable.
Oil	Food oxidizes and begins to spoil when it comes into touch with air. Oil prevents microbes from getting into touch with the food and reduces down the oxidation process.
Grapes fruit Extract	The fluid made from the seed mixture, pulp, and white membranes of the tangerine Citrus Paradise is sometimes referred to as citrus seed extract. Bacteria, viruses, fungus, and other microorganisms can be killed or their development inhibited by this endogenous broad range preservative. For best results, it should be used with other wide-ranging preservatives. It can be added to the composition in amounts as high as 1%.
Acid	In addition to adding taste, food acids serve as antioxidants and preservatives. Typical food acids include lactic acid sorbic acid, vinegar, citric acid, tartaric acid, malic acid, fumaric acid, and tartaric acid. These compounds prevent bacterial and fungal cells from growing, and sorbic acid prevents bacterial spores from germinating and proliferating.
Cloves	In addition to being utilized as natural food preservatives, medicinal herbs are used to season and taste meat, fish, bread, and cakes. They belong to the Myrtaceous family and are naturally occurring herbal remedies that are extracted from evergreen trees. They have emmenagogue, antibacterial, expectorant, aesthetic, and antihistamine qualities. By eliminating microorganisms, they can function as antibacterial agents.
Cinnamon	An antimicrobial and antibacterial essential oil is found in cinnamon, a medicinal plant. The bark, leaves, stems, flowers, and volatile oil are the primary components utilized in herbal therapy. You will feel warm and comfortable because to the powerful scent. This age-old spice has antispasmodic, digestive, astringent, carminative, anti-clotting, fragrant, germicide, and stomachic effects. It is also used as a sex stimulator and to treat uterine bleeding.

Identifying food preservatives using various analytical techniques:

Numerous analytical techniques for identifying preservatives have been documented. Numerous analytical techniques, including UV-visible, calorimetry, HPLC, GC, LCMS, and electrophoresis, were employed to identify different preservatives in a variety of food items using the suggested procedures [19].

Table 9. Methods of determining Preservative [20]

Preservatives	Methods
Benzoic Acid and Sorbic Acid	Overlapped HPLC –PDA
Sodium Benzoate and Potassium Benzoate	HPLC
Benzoic Acid	UV Spectrophotometry
Sorbic Acid	UV Spectrophotometry
Sodium, Potassium Salts of Nitrates and Nitrites	Colorimetry BHT And BHA HPLC
Methgyl Paraben Propyl Paraben	Methgyl Paraben Propyl Paraben

Conclusion and Discussion:

Due to growing consumer knowledge and concern about the negative consequences of synthetic chemical additions, foods preserved using natural ingredients have gained popularity. As a result, scientists and food producers are increasingly focusing on natural. preservatives. Natural food additives with minimal adverse reactions and those that are widely accepted as safe should be used if the utilization of nutritional additives is required due to their benefits. We have observed that natural preservatives have less adverse effects than synthetic ones, which are used to preserve foods, cosmetics, etc. accessible and reasonably priced. so that we can utilize it with ease. When applied to food goods, medicines, and cosmetics, organic preservatives not only prolong their shelf life but also inhibit the growth of microorganisms. Additionally, it keeps things fresh or consistent for a long period without having any harmful effects. Chemicals used as artificial preservatives have the potential to be harmful to one's health. These days, people are becoming more conscious of the negative consequences of chemical substances found in food, cosmetics, and medications. Because of their numerous health benefits and non-toxic nature, natural preservatives have more advantages than their artificial equivalents

References:

1.Alam, M. W., Saravanan, P., Al-Sowayan, N. S., Almutairi, H. H., Rosaiah, P., Prakash, N. G., & Ko, T. J. (2025). Polysaccharides and proteins based edible coatings for food protection: classification, properties, & public demands (2020–2024). *Journal of Food Measurement and Characterization*, 1-24.

2.Silva, M. M., & Lidon, F. C. (2016). Food preservatives-An overview on applications and side effects. *Emirates Journal of Food and Agriculture*, *28* (6), 366.

3.Russell, N. J., & Gould, G. W. (Eds.). (2003). *Food preservatives*. Springer Science & Business Media.

4.Parke, D. V., & Lewis, D. F. V. (1992). Safety aspects of food preservatives. *Food Additives & Contaminants*, *9*(5), 561-577.

5.Rasooli, I. (2007). Food preservation–a biopreservative approach. *Food*, *1* (2), 111-136.

6.Bhattacharya, S., & Salama, H. H. A. E. A. (2023). *Natural Food Preservatives*. CRC Press.

7.Talib, A., Samad, A., Hossain, M. J., Muazzam, A., Anwar, B., Atique, R., ... & Joo, S. T. (2024). Modern trends and techniques for food preservation. *Food and life*, *2024*(1), 19-32.

8.Hernández-Lozada, G., Pérez-Flores, J. G., García-Curiel, L., González-Olivares, L. G., Contreras-López, E., Escobar-Ramírez, M. C., & Pérez-Escalante, E. (2025). Application of bacteriocins in food preservation and safety: A bibliometric analysis approach. *Food Science Today*, *4*(1), 12-22.

9.Mwale, M. M. (2023). Food additives: Recent trends in the food sector. *Health Risks of Food Additives-Recent Developments and Trends in Food Sector*.

10.Owusu-Apenten, R., & Vieira, E. (2022). Food Additives. In *Elementary Food Science* (pp. 355-376). Cham: Springer International Publishing.

11.Li, Q., Hou, J., Stevenson, J. S., & Liu, C. (2025). An integrated approach can improve China's food additives security. *Trends in Food Science & Technology*, 104904.

12.Said, N. S., & Lee, W. Y. (2025). Pectin-Based Active and Smart Film Packaging: A Comprehensive Review of Recent Advancements in Antimicrobial, Antioxidant, and Smart Colorimetric Systems for Enhanced Food Preservation. *Molecules*, *30*(5), 1144.

13.Demirgül, F., Kaya, H. İ., Ucar, R. A., Mitaf, N. A., & Şimşek, Ö. (2025). Expanding Layers of Bacteriocin Applications: From Food Preservation to Human Health Interventions. *Fermentation*, *11*(3), 142.

14.Reddy, N. B. P., Indumathi, C., Deotale, S., Nath, P. C., Ashoksuraj, B. S. R., Rajam, R., & Thivya, P. (2025). Recent developments and innovative application of propolis in the food industry: a natural preservative from honeybee waste. *Food Science and Biotechnology*, 1-21.

15.Maddaloni, L., Gobbi, L., Vinci, G., & Prencipe, S. A. (2025). Natural Compounds from Food By-Products in Preservation Processes: An Overview. *Processes*, *13*(1), 93.

16.Ratnasekhar, C. H., Khan, S., Rai, A. K., Mishra, H., Verma, A. K., Lal, R. K., ... & Elliott, C. T. (2025). Rapid metabolic fingerprinting meets machine learning models to identify authenticity and detect adulteration of essential oils with vegetable oils: Mentha and Ocimum study. *Food chemistry*, *471*, 142709.

17.Oliveira, T. S., Almeida, R. C. D. C., Silva, V. D. L., Ribeiro, C. V. D. M., Bezerra, L. R., & Ferreira Ribeiro, C. D. (2025). Enhancing Beef Hamburger Quality: A Comprehensive Review of Quality Parameters, Preservatives, and Nanoencapsulation Technologies of Essential and Edible Oils. *Foods*, *14*(2), 147.

18.El Hassani, N. E. A., Baraket, A., & Alem, C. (2025). Recent advances in natural food preservatives: a sustainable solution for food safety and shelf-life extension. *Journal of Food Measurement and Characterization*, *19*, 293-315.

19.Alam, M. W., Saravanan, P., Al-Sowayan, N. S., Almutairi, H. H., Rosaiah, P., Prakash, N. G., & Ko, T. J. (2025). Polysaccharides and proteins based edible coatings for food protection: classification, properties, & public demands (2020–2024). *Journal of Food Measurement and Characterization*, 1-24.

20.Nie, X., Zuo, Z., Zhang, R., Luo, S., Chi, Y., Yuan, X., ... & Wu, Y. (2025). New advances in biological preservation technology for aquatic products. *npj Science of Food*, *9*(1), 15.

भारतीय जनजातीय जनसँख्या में परिवर्तन का विश्लेषण

डॉ. सारदा प्रसाद
सहायक आचार्य
प्रसार एवं विकास अध्ययन विद्यापीठ
इग्नू नई दिल्ली -110068 **Mob**. 8368982167

सारांश-

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 366 (25) के अनुसार अनुसूचित जनजातियों को उन समुदायों के रूप में संदर्भित करता है, जो संविधान के अनुच्छेद 342 के अनुसार अनुसूचित हैं। इंसान चरित्र से स्वार्थी होता है लेकिन इतना भी स्वार्थी नहीं होना चाहिए कि किसी की जिंदगी को परेशानी में डाला जाये और उसके विकास की सारी हदें या सारे दरवाजे बंद कर दिए जायें | विकास का मुख्य उद्देश्य समानता और समरसता होता है और अगर विकास एक तरफ़ा और समाज के एक पहलू का हो तो वो समाज में अराजकता और भ्रष्टाचार और असमानता और सामाजिक विद्रोह पैदा करता है/ कुछ अख़बारों में छापे हुई समाचार की सचाई यहाँ दर्शना चाहते हैं कि कैसे जनजाति की भलाई वाली योजना का लाभ पढ़े-लिखे और अमीर दुरपयोग करते हैं | हर रोज सामाजिक भेदभाव की घटनाये भारत में होती हैं और उनका रूप बहुत ही तरह का होता हैI जैसे नीचे तस्वीरों में दिखाया गया है कि कैसे लोग जनजाति का प्रमाणपत्र बनवाकर लाभ के पद पर रह कर उन्ही का शोषण करते है और जातिवादी सोंच के साथ ही छुआछूत जैसे अमानवीय घटनाएं भी होती हैI अब ये बात सोंचने वाली है कि क्या ये सब अनपढ़ और अनभिज्ञ लोग करते है या कोई षड्यंत्र है जिसको पूर्व नियोजित तरीके से किया जाता हैI

क्या इसका प्रभाव आने वाली पीढ़ी पर सकारात्मक पड़ेगा या समाज में सामाजिक दूरियां बढेंगीI किसी भी रूप में सामाजिक समानता कायम करने में साहित्यकारों का अहम भूमिका थी और हमेशा रहेगी, इसलिए साहित्यकार समाज का वर्तमान और भविष्य का आईना होता है जो भूतकाल के अनुभव से वर्तमान और भविष्य का रास्ता निर्धारित करता हैI समाज को भाषा, भेष-भूसा, खानपान, रहन-सहन, कर्म, रंग आदि के आधार पर बाँट सकते है पर क्या मानव के प्राकृतिक स्वाभाव और प्राकृतिक संरचना को भी बांटा जा सकता हैI जनजाति और सभी जाति के लोगों में अगर कोई अंतर है तो वह है भाषा का और अगर सब की भाषा एक हो जाये तो शायद समाज को विकसित करने में ज्यादा समय नहीं लगेगाI कोई भी भाषा प्राकृतिक नहीं होती है ये अपने तरीके से अपने लिए अपनों के द्वारा संचार का माध्यम मात्र हैI अगर कोई भाषा प्राकृतिक होती तो नया जन्म लेने वाला शिशु अंग्रेजी में, संस्कृति में, हिंदी,उर्दू, पंजाबी, बंगाली, फ्रेंच, रसियन (रूसी), चीनी, जापानी आदि में रोताI इसलिए समाज में व्याप्त बुराईयाँ सिर्फ वाद से होती है और ये वाद है – भाषावाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्मवाद, रंगभेदवाद, और अन्य तरह के वाद | जनजातियों की संख्या बढ़ना ठीक है, पर नीति विरुद्ध अतार्किक तरीके से बढ़ना देश व समाज के लिए घातक हो

सकता है I जो जनजाति जन्म से है उनका पूर्ण विकास से पहले और जातियों को जनजाति बना देना ये एक अन्याय ही नहीं बहुत बड़ा धोखा है उन अशिक्षित और बेरोजगारों के लिए|

बीज शब्द:- शिक्षा, स्वास्थ, जनजातीय, जनसँख्या, भाषा, साहित्य-मूल्य

मूल आलेख-किसी भी देश व व्यक्ति के समावेशी विकास में अर्थव्यवस्थाओं में विकास रणनीति की भूमिका अहम् है। नब्बे के दशक में जबसे आर्थिक सुधारों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है तब से मानव कल्याण योजना के विकास और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के साथ असमानताओं में कमी विशेष रूप से कमजोर सामाजिक समूह, जैसे एसटी, एससी, इत्यादि मे हुई है। इस कल्याण की योजनाओं में व्यक्तिगत लाभ शामिल है जैसे शिक्षा, रोजगार, स्वस्थ्य देखभाल, पोषण स्तर, बिजली और जल आपूर्ति, स्वच्छता, आवास इत्यादिI आखिरी दशक के दौरान राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों में जनजाति अनुसूची में कुछ बदलाव किये गए है और उस सूची मेंकुछ नई जातियों को सम्मिलित किया गया हैI 2001 की जनगणना के बाद अनुसूचित जनजातियों की सूची राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों में कुल मिलाकर संशोधनों की संख्या, जोड़ों के रूप में मौजूदा में समानार्थी / उप-समूह प्रवेश, मुख्य प्रविष्टि / मुख्य के रूप में जोड़ समानार्थी / उप-समूह के साथ प्रवेश, अनुसूचित जाति सूची, हटाना, क्षेत्र से स्थानांतरण प्रतिबंध ओमेटेड, क्षेत्रीय प्रतिबंध लगाया / परिभाषित, प्रतिस्थापन और पहले प्रविष्टि में संशोधन।

व्यापक रूप से जनजाति दो अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों - मध्य भारत और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में रहते हैं। जिसमे अनुसूचित जनजाति आबादी का आधा हिस्सा मध्य भारत में केंद्रित है, यानी, मध्य प्रदेश (14.6 9%), छत्तीसगढ़ (7.5%), झारखंड (8.2 9%), आंध्र प्रदेश (5.7%), महाराष्ट्र (10.08%), उड़ीसा (9.2%), गुजरात (8.55%) और राजस्थान (8.86%)। दूसरा क्षेत्र उत्तर पूर्व भारत का हैI जिसमें मिजोरम में सबसे ज्यादा जनजाति है, वहीं सबसे कम जनजाति उत्तर प्रदेश में है जो की क्रमशः ९४.४३ व ०.५७ % है.

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 366 (25) के अनुसार अनुसूचित जनजातियों को उन समुदायों के रूप में संदर्भित करता है, जो संविधान के अनुच्छेद 342 के अनुसार अनुसूचित हैं। अनुच्छेद 342, जनजातियों या आदिवासी समुदायों या जनजातियों या जनजातीय समुदायों के भीतर के समूहों के विनिर्देशों के लिए प्रदान करता है जो कि राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में अनुसूचित जनजातियों के संविधान के प्रयोजनों के लिए समझा जाता है। अनुसूचित जनजाति के रूप में दूसरे समुदाय को शामिल करना एक सतत प्रक्रिया है। जनजाति समुदाय की विशेषताएं, जिसे लोकुर समिति द्वारा पहले ही निर्धारित किया गया था, जो अनुसूचित जनजातियों के रूप में पहचाने जाने के लिए है, निम्न है –

अ) आदिम लक्षणों का संकेत (Indications of primitive traits)
ब) विशिष्ट संस्कृति (Distinctive culture)
स) बड़े पैमाने पर समुदाय के साथ संपर्क की शर्म(Shyness of contact with the community at large)
द) भौगोलिक अलगाव (Geographical isolation)
ई) पिछड़ेपन (Backwardness)

उपर्युक्त विशेषताएं जनजाति यानि आदिवासी को परिभाषित करता है और आज २१वीं सदी में भी वही लक्षण को ही आदर्श मानते हैI इस सन्दर्भ में अनुसूचित जनजाति और आदिवासी में अंतर को समझना होगाI सभी आदिवासी अनुसूचित जनजाति है लेकिन सभी अनुसूचित जनजाति संविधान के अनुसार आदिवासी नहीं हैI यानि जिन जातियों को अनुसूचित जनजाति के सूची में सम्मिलित किया गया है चाहे जिस जाति व धर्म का हो. हिमाचल और कश्मीर के ब्राह्मण भी अनुसूचित जनजाति कहलाते है जबकि वो आदिवासी नहीं थे क्योंकि संविधान के अनुसार उन जातियों को अनुसूचित जनजाति माना जाये जो जनजाति क्षेत्र में जन्म लिए है यानि वो हर व्यक्ति चाहे आदिवासी हो या नहीं, वो सब अनुसूचित जनजाति हैI २१वीं सदी में कुछ जनजातियों ने अपने को मुख्यधारा से जोड़ा और वहीं दूसरे पहलूओं को देखने से आज भी बहुत से लोग मुख्यधारा से दूर है और अलग थलग पड़े हुई है. इसके बहुत से कारण हैं, लेकिन जो मुख्य कारण है वो है आधुनिक शिक्षा का विकास और उनके लिए उनके हिसाब से उनकी भाषा में शिक्षा और विकास की नीति नहीं हो पाना है और अगर बन भी गया तो नीति को ठीक से लागू नहीं किया गया है. जबकि कुछ आदिवासी समुदायों ने मुख्यधारा को अपनाया है, स्पेक्ट्रम के दूसरे छोर पर, कुछ अनुसूचित जनजातियां हैं, विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी- Particularly Vulnerable Tribal Groups) के रूप में जानी जाती है और उनकी जाति की कुल संख्या 75 है, जिनकी निम्न विशेषताए हैं: -

क) प्रौद्योगिकी के पूर्व कृषि स्तर (Pre-agriculture level of technology)
ख) स्थिर या गिरने वाली आबादी (Stagnant or declining population)
ग) अत्यंत कम साक्षरता (Extremely low literacy)
घ) अर्थव्यवस्था का निर्वाह स्तर (Subsistence level of economy)

जनजातियों की जीवनशैली और विकास की गति मुख्यधारा की तरह आज भी नही है| सभी साहित्य चाहे भाषा के हो या सामाजिक और प्राकृतिक विज्ञान के हो, ये बताते है कि जनजातियां यहाँ की मुख्य या मूल निवासी हैं और उनकी संपत्ति को किस तरह से उनसे छीना गया था या छीना जा रहा है या उनको अस्वासन देकर उनको छाला गया था, आज ये सोंचने की बात है कि अभी भी उनके जीने के तरीके और रहन सहन के तरीकों में आशानुरूप परिवर्तन नहीं हुआ हैI उसके बहुत से कारण है जिसका विस्तार से इस लेख में नहीं कर सकते है.

सब भाषा और साहित्य के विद्वान जो आज जनजाति साहित्य या कोई भी साहित्य लिख रहे हैं, वो साहित्य भविष्य के लिए पथ प्रदर्शक होगा और आनेवाली पीढ़ी उसी के अनुसार अपने को जानेगी कि पहले वो क्या थे, क्या है और आगे क्या हो सकते है . सभी साहित्यकारों को पता होगा कि जनजाति कि जनसँख्या हर साल व हर दशक में बढ़ती ही जाती है लेकिन २००१ से २०११ में जो जनजातियों की जनसँख्या बढ़ी है, वो हम सबसे लोक सवाल करती है कि क्या कारण है जो जनजाति में इतनी ज्यादा वृद्धि हुई है. इस लेख का मुख्य उद्देश्य निम्न हैं:

१- जनजातियों की संख्या में कैसे और कहाँ और कितनी वृद्धि हुई
२- एक दशक में जनसँख्या में इतनी ज्यादा वृद्धि कैसे हुई

इस लेख में जो भी आंकड़े और साहित्य प्रयोग किया गए है वो भारत सरकार की जनगणना २००१ व २०११ और राष्ट्रीय प्रतिदर्श

२०१६ का है और बहुत से प्रतिलेखन व विवरण को सम्मिलित किया गया हैI जनगणना के अनुसार जनजातियों को ३० राज्य में नोटिफाई यानि चिन्हित किया गया है जो ७०५ संजाति समूह में पाए जाते है.

जनजाति संख्या में वृद्धि-किसी भी देश की जनसँख्या मुख्यतः दो कारणों से बढ़ती है - प्राकृतिक और अप्राकृतिक क्रमशः उस देश की जन्म दर और पलायन दर . ये सर्व विदित है की जनजाति की जन्मदर दूसरों की अपेछाकृत अधिक है लेकिन जिस दर से जनजाति की संख्या में वृद्धि हुई वो प्राकृतिक वृद्धि नहीं माना जा सकता है. जनजाति जी संख्या बढ़ने के चार कारण मुख्यतः चिन्हित किये गए है जो निम्न है -

१-प्राकृतिक वृद्धि जो जन्म दर पर आधारित है (fertility rate)

२-पलायन - स्थाई व अस्थाई रूप से (माइग्रेशन)

३-दूसरे समुदाय को अनुसूचित जनजाति के सूची में सम्मिलित करना (Inclusion)

४-अनुसूचित क्षेत्रों के विस्तार के लिए प्रावधान (पीईएसए)(**पंचायत के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996** or PESA) (Schedule area एक्सपेंशन)

अगर हम २०११ जनगणना पर नजर डाले तो पता चलता है कि १०.४३ करोड़ जनजाति कि संख्या है जो कि भारत कि कुल जनसँख्या का ८.६ % है. उनमे से ९०% ग्रामीण इलाके में रहते हैं और बाकि शहरी परिवेश में. लेकिन २००१ से २०११ के बीच २३.६६% **जन-जाति** संख्या कि वृद्धि हुई जबकि भारत की पूरी आबादी में १७.६९% कि वृद्धि हुई है. पुनः अगर हम जनगणना १९६१ से २०११ तक देखे तो जनजाति की संख्या में २४२.५ % की वृद्धि हुई है जबकि भारत की पूरी आबादी में १७५% की वृद्धि हुई हैI जनगणना १९६१ के अनुसार जनजाति की संख्या ३०.१ करोड़ थी वही २०११ में बढ़ कर १०४.३ करोड़ हो गयी है/ सबसे ज्यादा जनजति की संख्या १९७१ से १९८१ से दौरान हुई थी जो करीब ३६% थी (तालिका 1)I

तालिका 1: जनजाति आबादी के अनुपात में रुझान १९६१ से २०११ के दौरान

जनगणना वर्ष	कुल आबादी (दस लाख)	जनजाति आबादी (दस लाख)	जनजाति का अनुपात %
1961	439.2	30.1	6.9
1971	547.9	38.0	6.9
1981#	665.3	51.6	7.8
1991*	838.6	67.8	8.1
2001$	1028.6	84.3	8.2
2011	1210.8	104.3	8.6

#Excludes Assam in 1981, * Excludes J&K in 1991

$ the figures exclude MAO-Maram, Paomata and Purul Sub-divisions of Senapati District of Manipur, 2001

भारत का मानचित्र दर्शाता है की कहा जनजाति की संख्या कितने सघनता पर हैI उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, केरल और तमिलनाडु में जनजाति सबसे कम है जो ५% से नीचे है.



सारणी 2: 2001 से 2011 के दौरान जनसंख्या

राज्य	जनजातियाँ %			कुल जनसँख्या %		
	कुल	ग्रामीण	शहरी	कुल	ग्रामीण	शहरी
भारत	**23.66**	**21.31**	**49.72**	**17.69**	**12.25**	**31.8**
गोवा	26274	46026	16293	8.23	-18.51	35.23
उत्तर प्रदेश	950.61	975.97	750.41	20.23	17.97	28.82
सिक्किम	85.23	64.01	312.95	12.89	-4.99	156.52
बिहार	76.25	77.07	61.68	25.42	24.25	35.43
हिमाचल प्रदेश	60.32	57.93	135.61	12.94	12.65	15.61
जम्मू और कश्मीर	35.02	33.41	67.92	23.64	19.42	36.42
अरुणाचल प्रदेश	34.98	30.28	63.81	26.03	22.56	39.27
केरल	33.13	23.73	265.19	4.91	-25.89	92.76
राजस्थान	30.16	29.4	43.58	21.31	18.96	29.01
दादरा और नगर हवेली	30.12	18.47	181.41	55.88	7.7	218.24
मेघालय	28.25	26.99	35.07	27.95	27.17	31.12
मध्य प्रदेश	25.2	24.73	32.13	20.35	18.42	25.69
मिजोरम	23.45	17.77	29.44	23.48	17.4	29.65
कर्नाटक	22.66	16.88	54.72	15.6	7.4	31.54
महाराष्ट्र	22.54	20.3	37.9	15.99	10.36	23.64
तमिलनाडु	22.01	19.8	34.18	15.61	6.61	27.05
झारखंड	21.98	21.05	32.34	22.42	19.58	32.36
मणिपुर	21.8	12.07	217	18.63	9.14	44.83
पश्चिम बंगाल	20.2	17.38	63.38	13.84	7.68	29.72
गुजरात	19.2	16.82	45.69	19.28	9.31	36
छत्तीसगढ़	18.23	15.42	68.24	22.61	17.78	41.84
आंध्र प्रदेश	17.79	12.59	81.86	10.98	1.73	35.61
ओडिशा	17.75	16.84	33.37	14.05	11.77	26.94
त्रिपुरा	17.45	15.45	93.66	14.84	2.22	76.17
असम	17.4	16.19	42.16	17.07	15.47	27.89
उत्तरांचल	13.97	10.25	70.13	18.81	11.52	39.94
दमन और दीव	9.76	-31.92	175.76	53.76	-40.12	218.84
लक्षद्वीप	6.63	-58.2	89.78	6.3	-58.02	86.64
अंडमान और निकोबार द्वीप	-3.19	-6.12	79.17	6.86	-1.19	23.49
नगालैंड	-3.55	-15.36	75.71	-0.58	-14.55	66.57

स्रोत : भारत की जनगणना २०११ व २००१

तालिका-२ में पुनः राज्यवार जनसंख्या का आंकलन करने पर पाते है कि दो राज्यों में अविश्वनीय जनजाति संख्या वृद्धि का पता चलता है और वो दो राज्य है गोवा जहाँ २६७२४% की जनजाति में वृद्धि हुई है २००१ और २०११ के बीच में. गोवा में जनजति की मुख्य जाति ये है - गोवा संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1968 के अनुसार और 1987 के अधिनियम 18 द्वारा डाला गया- ढोडिया, डब्लूबा (हलपाती), नायकदा (तालाविया), सिद्दी (नायक) व वर्ली। गौड़ा और कुनबी जनजाति समुद्रतट पर रहते है और इनको वहां का मूलनिवासी नहीं माना जाता है/ ये कोंकण क्षेत्र से गोवा को पलायन किये थे जो मुख्यतः क्रिस्चियन कम्युनिटी से सम्बन्ध रखते है। गोवा में सबसे ज्यादा जनजाति की वृद्धि ग्रामीण परिवेश में हुई है/ गोवा में जनजाति की संख्या बढ़ने का मुख्य कारण नई जातियों को जनजाति में सम्मिलित करना है/

इसके बाद उत्तर भारत के जनसँख्या की दृष्टि से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में जनजाति की संख्या में ९५०.६% की वृद्धि हुई है एक दशक में. उत्तर प्रदेश के परिधीय क्षेत्र में आदिवासी, संविधान (अनुसूचित जनजाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967 के अनुसार -बागा, भार, भोकसा, बांध, चेरो, गोंड, कोल और कोरवा जैसे कई जनजातीय समुदायों का घर हैं। इन आदिवासी समुदायों में से पांच को भारत सरकार द्वारा वंचित अनुसूचित जनजातियों के रूप में दोबारा जोड़ा गया है, जैसे- थारस, बोक्सस, भोटियास, जौनसवारिस और राजिस। – भोटिया, बुक्सा, जौनसारी, राजी, व थारू। रेंकेआयोग (२००८) के अनुसार उत्तर प्रदेश की बहुत सी जातियों को अनुसूचित जाति के अंदर अधिसूचित किया गया था जो इसप्रकार है –

1.आभाया, 2. आहेरिया (बेहेलिया), बेहेलिया, 3. ऑधर, 4. बदाक, 5. बैरिया, बेडिया, 6. बंजारा, 7. बंसी, 8. बरवर, 9.बावडिआ, 10. बेलदार, 11. भर, 12.भाँतु, 13.भट, 14.भात्री, 15.बोरिया, 16.बृजवासी, 17.चमार, 18. चमरमाँगता, 19. दलेश कहर, 20. दर्जी, 21। डॉम, 22. गादोला, 23. घोसी (हिंदू), 24. गोदनहार, 25. गोसाईं, 26. गुर्जर, 27. हाबुरा, 28. जोगी, 29. कंजर, कंजाद या कुचबांगिया, 30. कलंदर, फकीर, 31. कपारिअ, 32. कर्मांगिया (हिंदू महावत), 33। करबा, 34. केवट, 35. उतार प्रसाद, खटिक, खतेक, 36. खुरपालता, 37. कीगिरिया, 38. कुंकली, 39. लोध, 40. लोना चमार, 41. मदारी, 42. महावत तथ लुंगिपथन, 43.मल्लाह, 44.मेवाती, 45. मुगिआ (Mung), 46.मुसर (वानमानुश), 47. नट या कर्णतक, 48. पालवार दुसाध, 49. परवल , 50. पासी, 51. पिघिआ , 52. संतीआ, 53. टागभट , 54. वैद, 55. सपेरा,56. सिकिगर, 57. सिंघीवाला। भारत में उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त अनुसूचित जनजाति में 2017 के रूप में निम्नलिखित शामिल हैं:

1. अग्रिया (सोनभद्र जिले में)
2. बागा (सोनभद्र जिले में)
3. भोटिया
4. भुईया, भुएन्या (सोनभद्र जिले में)
5. बुक्सा
6. चेरो (सोनभद्र और वाराणसी जिलों में)

गोंड, धुरीया, नायक, पाथारी, राज गोंड (मेहरराजगंज जिलों में, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, मऊ, आज़मगढ़, जोनपुर, बलिया, गाज़ीपुर, वाराणसी, मिर्जापुर और सोनभद्र)

7.जौनसारी,
8.खरवार, खैरवार (देवरिया, बलिया, गाज़ीपुर, वाराणसी और सोनभद्र जिलों में)
9.पंक, पानिका (सोनभद्र और मिर्जापुर जिलों में)
10.परहिया (सोनभद्र जिले में)
11.पाटारी (सोनभद्र जिले में)
12.राजी
13.सहारा (ललितपुर जिले में)
14.थारू

इस प्रकार से हम कह सकते है जनजाति की संख्या डेनोटिफ़िएड या अधिसूचित करने से ही इतनी अधिक की वृद्धि हुई है/ अब ये प्रश्न उठता है कि इनको सम्मिलित करने के बाद उन जनजाति के ऊपर क्या प्रभाव पड़ेगा जो जन्म से जनजाति है। क्या वो सभी जनजाति का विकास हो गया जो और जातियों को सम्मिलित करने की जरुरत पड़ी या राजनीतिक खेल है जो वोट बैंक और विशेष जाति के लोगों को लाभ पहुचाने के लिए किया गया है। सरकारी रियायत जो जनजाति को मिलना चाहिए क्या वो मिलेगा या जो नई जाति जनजाति में सम्मिलित हुई है उनको इसका फायदा होगा/ इसपर आगे लिखेंगे।

हम पुनः तालिका २ पर नजर डाले तो पाते है भारत के ३६ राज्य में से केवल 31 राज्यों में ही जनजाति है और जिनमे जनजाति नहीं है वो राज्य है दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पॉन्डिचेरी। सिर्फ नागालैंड और अंदमान और निकोबार द्वीव समूह में जनजाति कि संख्या में कमी हुई है बाकि हर राज्य में जनजाति कि संख्या में वृद्धि हुई है. तालिका-२ दर्शाता है कि कितने जिलों में कितना प्रतिशत जनजाति है। जनगणना 2011 के अनुसार, 640 जिलों हैं देश में से 631 ग्रामीण जिले है। 5879 उप जिले है, (तहसील), 597483 गांव, 8398 कस्बों और 82251 वार्ड है। तालिका-३ में जिला स्तर पर, 2011 की जनगणना से पता चलता है कि 90 जिले हैं जहां एसटी जनसंख्या 50 प्रतिशत या उससे अधिक है।

तालिका 3: अनुसूचित जनजाति जिलेवार

% अनुसूचित जनजाति	जिलों की संख्या
<1	55
1 to 5	282
6 to 20	134
21 to 50	79
50+	90

कहीं - कहीं जनजाति क्षेत्र में कोई बाहरी आदमी जमींन नहीं खरीद सकता है, वहां की जनजाति जनसँख्या कैसे बढ़ी, ये अनुसन्धान का विषय है, और सभी साहित्यकारों को इस पर काम करना चाहिए और

ये पता करना चाहिए की क्यों और किस स्तर तक जनजाति की संख्या में समय समय पर परिवर्तन हुआ है लेकिन इतनी ज्यादा दर से ये सोंचने का विषय हैI अनुसूचित क्षेत्रों के वृद्धि से भी संख्या बढ़ी है जो नीचे व्याख्या की गयी हैI

पंचायत के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 or PESA -

पंचायतों के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996 या पीईएसए भारत सरकार द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए पारंपरिक ग्राम सभाओं के माध्यम से स्वशासन सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार द्वारा अधिनियमित एक कानून है। अनुसूचित क्षेत्र भारतीय संविधान के पांचवें अनुसूची द्वारा पहचाने जाने वाले क्षेत्र हैं। अनुसूचित क्षेत्र भारत के दस राज्यों में पाए जाते हैं जिनमें जनजातीय समुदायों की जनसंख्या अधिक होती हैi अधिनियम के तहत जितने भी लोग उस एरिया में जन्म लेंगे वो अनुसूचित जनजाति कि श्रेणी में आएंगे. इसलिए बहुत से जाति जैसे - हिमाचल, कश्मीर, उत्तराखंड, पूर्वी राज्य में ब्राह्मण, गुर्जर आदि अनुसूचित जनजाति में आते है और इनको फायदा भी मिलता है जैसे आरक्षण आदि मेंI

२१वीं सदी में जनजाति साहित्य-

जैसे कि पहले ही लिख चुके है जनजाति साहित्य में चुनौतियां और सम्भावनाये बहुत है लेकिन इसको उस दृष्टि से लिखना चाहिए ताकि आज का जनजाति समुदाय उदारीकरण, निजीकरण और भूमंडलीयकरण के साथ कदम से कदम मिला के चल सके और उनके भविष्य के विकास में पथप्रदर्शक बनेI आज के जनजाति साहित्य को पुराणों और वेदो को आधार बनाकर विज्ञान से जोड़ के लिखना होगा और भ्रम और भेदभाव पूर्ण साहित्य को नकारना होगा तब शायद २१वी सदी में जनजाति साहित्य को विश्वपटल में रखा जा सकता है और दूसरे साहित्य से मिल जूल के आगे बढे. २१वीं सदी में जनजाति साहित्य कैसा होना चाहिए इस पर थोड़ी पिक्चर देखिये और ऊपर जो डाटा दिया गया है उसको मिला के साहित्य को लिखना होगा जो बहुभाषी, बहुआयामी और बहु-सांस्कृतिक होI अब ऐसे साहित्य नहीं चाहिए जिसमे पछपातपूर्ण कहानी का वर्णन हो जैसे सबरी ने राम जी को बेर खिलाये और सिर्फ आशीर्वाद के शिवाय कुछ नहीं मिला लेकिन वहीँ सुदामा ने एक चावल खिलाया और श्रीकृष्ण जी ने उनको करोड़पति बना दिया थाI एकलव्य के अंगूठा दान को भी आज के साहित्य में जगह होनी चाहिए, क्योंकि इससे चालाकी और सच्चाई में फर्क पता चलेI भगवान् बिरसा मुंडा और आदिवासी वीरों के कहानी को लिखना होगा और संबुक की हत्या क्यों की गयी और किसने की और किसके कहने पर की ये भी जनजाति साहित्य में होना चाहिएI आज जनजाति साहित्य दुनिया के साहित्य और संस्कृति से मिले जो मानवता को उजागर करता हुआ भविष्य की पीढ़ी को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेI झूठी और काल्पनिक साहित्य से सिर्फ समय को गवांया जा सकता है लेकिन जनजातियों के सामाजिक आर्थिक और राजनितिक भविष्य को व वर्तमान को बदला नहीं जा सकता हैI जनजाति साहित्य जन जातियों के लिए जनजातियों के द्वारा व जनजाति के भाषा में लिखा जाना चाहिए ताकि उनके मस्तिष्क को कुंद न किया जा सकेI

शिक्षा-शिक्षा सर्वांगीण विकास की कुंजी है और मानव विकास के लिए अमृत है और समाज विकास के लिए रामबाण/ सर्वरोगहारी (Panacea) हैI जनजाति साहित्य में शिक्षा को बहुत महत्व दिया जाना चाहिए और शिक्षा आधारित कहानिया लिखनी चाहिए/ शिक्षा एक व्यक्तियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण घटक है, जो अधिक से अधिक सक्षम बनाता हैI जागरूकता, और उनके सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक वातावरण के बारे में बेहतर समझ और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार में भी सुविधा प्रदान करता हैI शिक्षा भारत में अनुसूचित जनजाति के मामले में सच है। जनगणना २०११ के अनुसार जनजाति साक्षरता दर में 11.86 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो की भारत की पूरी साक्षरता में वृद्धि से ज्यादा है (8.15%) 2001 से 2011 अवधि के दौरानI राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (NSSO) २०१६ के अनुसार जनजाति २.४% स्नातक और स्नातकोत्तर तक शिक्षित है जो बढ़ी सोचनीय और ध्यान देने योग्य हैI हालांकि साक्षरता दर पुरुषों की तुलना में महिलायों की साक्षरता दर कम हैI जनजातियों के लिए शिक्षा उनकी ही भाषा में दी जानी चाहिए और उनको शिक्षित करने का मुख्य तरीका प्रौढ़ शिक्षा और प्रसार शिक्षा ही होगा. अगर हम उनको उनकी भाषा में शिक्षा नहीं दिए तो उनके दिमाग को मरने का तरीका प्रस्तुत करते है उनके सामने.

स्वास्थ्य- शिक्षा के बाद सबसे महत्वपूर्ण विषय स्वस्थ्य का होना चाहिए जनजाति साहित्य मेंI अगर स्वास्थ्य की दशा को देखा जाये तो जनजातियों की स्थिति कुछ बेहतर नहीं हुए हैI जनगणना 2001 के अनुसार, शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और 5 वर्ष से कम मृत्यु दर मध्य प्रदेश में एसटी के लिए दर (यू 5 एमआर) सबसे अधिक है (110 और 16 9 क्रमशः प्रति 1000 जीवित जन्म) उसके बाद अरुणाचल प्रदेश का नाम आता है (104 और 158 क्रमशः प्रति 1000 जीवित जन्म)। प्रसवपूर्व देखभाल भी जनजाति महिलाओं में कम है और अपने खानपान में ९० लौह की गोलियां भी नहीं लिया गर्भावस्था के दौरान जोकि सरकार के द्वारा प्रस्तावित है और अनिवार्यरूप से लेना होता हैI सरकार के प्रयास के बावजूद भी जनजाति क्षेत्रों में उप-केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और अन्य आवश्यक स्वस्थ्य सुविधाएं बहुत ही कम और यदि उपलब्ध भी है तो उनका उपयोग जनजाति के लोग कम करते है/ इसका कारण बहुत है पर स्वस्थ्य केंद्र का दूर होना और समय पर न खुलना व स्वास्थ्य कर्मियों का व्योहार ठीक ने होना मुख्य कारण होता हैI तालिका-४ से यह विदित हो जाता है कि जनजाति को सबसे ज्यादा व्याधि मलेरिया और टाइफाइड होता है फिर पेट की बीमारी होती है/ प्रजनन सम्बन्धी बीमारी जनजाति में होती है लेकिन वो रिपोर्टिंग नहीं देते है सर्वे के दौरान/अधिकांश जनजाति एलोपैथिक दवाएं प्रयोग करते है जो एक सकारात्मक पहलू जो अब जादू टोना झाडफूंक में विश्वास न करके वैज्ञानिक दवाएं अपनाते है. लगभग सभी जनजाति सरकारी अस्पताल को प्रयोग करते हैं. सरकारी अस्पताल प्रयोग करने का मुख्य कारण सस्ता इलाज है जबकि भारत की आधे से ज्यादा लोग निजी अस्पताल का प्रयोग करते है.

अनुसूचित जनजातियों में पुरुषों के अपेक्षाकृत महिलाओं में फल और दूध या दही में विशेष रूप से कम आहार होता हैI दूध या दही साप्ताहिक एसटी पुरुष 33.5 प्रतिशत और एसटी महिलाओं का 41.8 प्रतिशत तक खाया जाता हैI जनजाति महिलाओं के फल का सेवन ज्यादा प्रचलित नहीं है और ७२.६ प्रतिशत महिलाये सप्ताह में एक बार भी फल का सेवन नहीं करती हैंI अधिकांशतः जनजाति महिला व पुरुष में खून की कमी के लक्षण पाए गए हैI जनजाति महिलाओं की अवशत शादी की उम्र १६.५ वर्ष होती है. सबसे ज्यादा एच आई वी और यौन संचारित रोगों की दर जनजाति में ज्यादा पायी जाती है

इसका मुख्य कारण अज्ञानता और अनभिग्यता है जिसकी उनको यौन शिक्षा और स्वस्थ्य शिक्षा से पूर्ण किया जा सकता हैI आज भूमंडलीयकरण के समय में उनकी शिक्षा भी विश्वस्तरीय होनी चाहिए, ताकि वे देश क्या विश्व के किसी भी कोने में जाकर और वहां रहकर अपना जीवनयापन कर सके|

तालिका 4: जनजातियों में व्याधियां/बीमारियां

रोग/व्याधि	पुरुष			महिला			कुल		
	ग्रामीण	शहरी	कुल	ग्रामीण	शहरी	कुल	ग्रामीण	शहरी	कुल
सभी बुखार- मलेरिया टाइफाइड	13.3	9.2	12.7	15.4	15.4	15.4	13.7	10.5	13.2
दुर्घटनाग्रस्त	5.6	5.4	5.6	3.4	6.9	3.9	5.2	5.7	5.3
पेट में दर्द: गैस्ट्रिक और पेप्टिक अल्सर	4.4	5.8	4.6	4.7	3.7	4.6	4.5	5.4	4.6
दस्त की खुराक	2.8	2.5	2.7	3.5	3.0	3.4	2.9	2.6	2.9
हृदय रोग: छाती का दर्द, श्वासहीनता	2.0	4.5	2.3	2.4	3.9	2.6	2.0	4.3	2.3
किसी भी जोड़ में संयुक्त या हड्डी रोग	2.0	3.0	2.1	1.8	.5	1.6	1.9	2.5	2.0
उच्च रक्तचाप	1.6	1.0	1.5	3.1	2.8	3.1	1.8	1.4	1.8
चेतना के नुकसान के साथ बुखार	1.5	.4	1.3	1.9	4.1	2.2	1.5	1.1	1.5
तपेदिक	1.1	.9	1.1	3.5	.3	3.1	1.6	.8	1.5
मोतियाबिंद	1.5	1.2	1.5	1.4	1.1	1.3	1.5	1.1	1.4
कैंसर	1.0	3.5	1.3	1.8	3.2	2.0	1.1	3.5	1.4

Source: NSSO, 2016, 71st round

जनजातीय में रोजगार/व्यवसाय-अगर शिक्षित व्यक्ति स्वस्थ्य रहे तो उसको हर काम करने में लगन होती है और जनजाति साहित्यमें उनके आर्थिक कार्य करने कीस्थिति को भी सम्मिलित करना चाहिए कि वो कौन सा काम तत्परता के साथ कर सकते है और किस हद तक कर सकते है और कहाँ - कहाँ कर सकते है, किसके लिए कर सकते है और उस काम का परिणाम उनके सामाजिक, आर्थिक और राजनितिक स्तर पर कितना होगा. रोजगार की स्थिति को परिभाषित किया गया कि कोई भी आर्थिक रूप से उत्पादन 'कार्य' की भागीदारी के रूप में परिभाषित किया गया है। इस परिभाषा के अनुसार, संपूर्ण आबादी को तीन मुख्य श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है- मुख्य श्रमिक, मामूली श्रमिक और गैर -श्रमिक। मुख्य कर्मचारी वे हैं जो वर्ष भर में १८३ दिन या छह माह या इससे अधिक समय तक कोई भी आर्थिक उद्पादक कार्य करते हों I मामूली श्रमिक, जो वर्ष में १८३ दिन से कम कार्य किये हों I गैर-श्रमिक वे हैं जो गणना की तारीख से पहले वर्ष में किसी भी समय काम नहीं किया हैI कार्य गतिविधि की स्थिति जानने के लिए कुछ बिंदु पर ध्यान आकर्षित करते है जैसे – (i) मै काम कर रहा हूं; (ii) काम के लिए खोज या उपलब्ध, यानी बेरोज़गार; (iii) न तो काम करना और न ही 'तलाशना या काम के लिए उपलब्ध '। श्रेणी (i) और (ii) के तहत व्यक्तियों के गतिविधि की स्थिति 'श्रम बल (labour force) के अंतर्गत आती है 'और श्रेणी (iii) के तहत हैं, 'श्रम बल (not in labour force) से बाहर'। जनजाति में सबसे ज्यादा पुरुष श्रमिक है और सबसे ज्यादा प्रतिशत जम्मू-कश्मीर (66.24%) जबकि कुल महिला एसटी श्रेणी में श्रमिक आंध्र प्रदेश सबसे ज्यादा है (48.05%)। पुरुष मुख्य श्रमिक श्रेणी में, जम्मू-कश्मीर राज्य सबसे ऊपर है (81.52%), इसके बाद त्रिपुरा (74.80%) के साथ। जनजाति महिलाये मुख्य कार्यकर्ता की श्रेणी में अरुणाचल प्रदेश शीर्ष श्रेणी में जबकि लक्षद्वीप में सबसे कम प्रतिशत है (45.65%)I

ऐतिहासिक रूप से, भारत में अधिकांश जनजातियों की अर्थव्यवस्था शिकार और भोजन एकत्रित करने में किया गया था और उसके बाद में जीविका आधारित कृषि व जंगलों पर निर्भर है। भारत में एक बड़ी संख्या में जनजातीय आबादी ग्रामीण इलाकों में अभी भी रहती हैI आजीविका, खाद्य सामग्री, ईंधन, आवास जैसी बुनियादी आवश्यकताएं, आदि जंगल से लेते हैंI जनजातियों का बड़ा प्रतिशत वन क्षेत्रों के करीब रहने के कारण जनजातियां, समाज के सबसे वंचित वर्ग में गिनी जाती है और उनका प्रति व्यक्ति आय, उनकी साक्षरता दर, स्वास्थ्य की स्थिति और बुनियादी सुविधाओं की पहुंच की कमी रहती हैI जनजातियों के आर्थिक विकास के लिए उनके ही तरीके से उनको कार्य कुशल बनाना होगा जिसको विश्वस्तरीय करने के लिए उनको नए तरीके सिखाने होंगे ताकि वो बिना हिचक और बिना संकोच के उसको अपना लेI आज का समय उदारीकरण, निजीकरण और भूमंडलीय करण का है और जनजाति के समग्र विकास के लिए उनको शिक्षा और दीक्षा इसी आधार पर देना होगा और पाखंड और भ्रमित करने वाली शिक्षा से दूर करना होगा. ये बातें आज के जनजाति साहित्य में होना चाहिए और हो सके तो उनके पारम्परिक को आधुनिक व्यवसाय से जोड़ना और उसी व्यवसाय के अनुसार प्रशिक्षण देना सोने पर सुहागा होगा.

बुनियादी सुविधाएं-शिक्षा, स्वस्थ्य और धंधा/रोजगार के बाद जनजाति के रहन सहन और उनके लिए बुनियादी सुविधाओं का भी उल्लेख होना चाहिए जनजाति साहित्य में/ वैसे हर जीव के लिए भोजन जरुरी होता है लेकिन इंसानों के लिए भोजन, वस्त्र और निवास (रोटी, कपडा और मकान) अनिवार्यरूप से होना चाहिए/ बुनियादी सुविधाएं: जनगणना 2011 दिखाता है कि बुनियादी सुविधाओं के मामले में आवास की स्थिति , पेयजल उपलब्धता, स्वच्छता सुविधा, ईंधन का इस्तेमाल, बिजली, संचार सुविधाओं और परिवारों का बैंक खाते और कुछ अचल परिसंपत्तियां आदि में अनुसूचित जनजातियां बहुत ही पिछड़े हैंI राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण २०१६ के अनुसार, जनजाति भोजन पकने में ८४.५ % घर असुरक्षित ईंधन (लकड़ी और चिप) का प्रयोग करते है और लगभग ११% लोग एलपीजी का प्रयोग करते हैI ७०% जनजाति हैंडपंप से पानी पीते है और जिनके घर निकासी नाली नहीं हैI हम कह सकते है कि उनके पास आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी हैI आज बहुत से जगह पर जनजाति के लिए पीने योग्य पानी की व्यवस्था नहीं है. भारत की आजादी के ७० वर्ष बाद भी आज वे लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित है इसका मुख्य कारण हमारी विकास की एक तरफ़ा और नगर केन्द्रित नीति है जो लोग पढ़-लिख गए वे शहर को पलायन कर गए, लेकिन अपने लोगों से दूरियां बना लिया | भ्रष्टाचार भी इसका दूसरा और सबसे

खतरनाक सचाई है जो जनजाति के विकास की बात करते थे वे अमीर हो गये और वनवासी बेचारे वहीं के वहीं रह गए.

जनजाति भाषाएं- भाषा संचार का माध्यम है और विविध हर जगह हर समुदाय की भाषा अलग होती हैI भारत बहु भाषी बहु सांस्कृतिक और बहु-जातीय व धर्मों का देश है जो कि हर कोष में पानी बदले और चार कोष में वाणीI भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाएं शामिल है -असमिया, उड़िया, उर्दू, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, गुजराती, डोगरी, तमिल, तेलुगू, नेपाली, पंजाबी, बांग्ला, बोड़ो, मणिपुरी, मराठी, मलयालम, मैथिली, संथाली, संस्कृत, सिंधी, और हिंदीI जनजाति की भाषाएँ उनके परिवार व जन्म से सम्बंधित होती है और इस हिसाब से भारत में अनेको भाषाएं जनजाति अपने क्षेत्र के हिसाब से बोलते हैI साहित्यकारों ने इन भाषाओं को उनके परिवार के हिसाब से पांच तरीके से विभाजित किया है जैसे इंडो आर्यन परिवार, तिब्बतो-बर्मन परिवार, द्रविड़ियन परिवार, ऑस्ट्रो -एशियाटिक परिवार और अंडमानीज परिवार. तालिका -5 में सारी भाषाओं को इंगित किया गया हैI भारत में सबसे ज्यादा जनजाति भाषा इंडो-आर्यन परिवार की बोली जाती है | उसके बाद तिब्बती-बर्मन और द्रविण परिवार की भाषाएं बोली जाती हैI

अब यहाँ समस्या है कि इतनी भाषाओं की लिपि क्या है और क्या होना चाहिएI इन २२ भाषाओं की लिपि भारत में पहले से ही है और अगर इन सभी भाषाओं की लिपि भी बन जाये तो शायद भाषावाद का विरोध होने की संभावनाएं भविष्य में हो सकती हैI भारत की एकता और अखंडता के लिए त्रिभाषा लिपि तैयार करना चाहिए और ये तीन भाषाएं है - हिंदी, स्थानीय या राज्य भाषा व अंग्रेजी भाषाI इन तीनों भाषाओं से ही जनजातियों का सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक विकास संभव होगा जो आज के उदारीकरण, निजीकरण और भूमंडलीयकरण के युग में बहुत ही जरुरी हैI बहुत सारी लिपि से सीखने की क्षमता को नीरस बनाएगा और समय की बर्बादी होगीI साहित्यकारों को चाहिए की सभी भाषाओं के शाब्दिक अर्थ को सम्मिलित किया जाये ना कि हर भाषा का लिपि तैयार करना चाहिए/ हर भाषा को अनुवाद (ट्रांसलेट) करके उसको सर्वजन के पढ़ने योग्य बनाना चाहिए और लिपि जो पहले से है उसी लिपि में ही जनजाति साहित्य को लिखना चाहिएI ताकि वे विश्व के साथ मिलकर अपना सर्वांगीण विकास कर सकेI

तालिका 5: जनजातियों द्वारा उनके परिवार में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाएं

क्षेत्र/राज्य	भाषा का नाम	परिवार
अंडमान द्वीप समूह	ओंगे	अंडमानी
उत्तरी सेंटिनल द्वीप - अंडमान	सतीनेलेज	
उत्तर प्रदेश, झारखड, असम, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल	थारू	इंडो-आर्य
उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश	जौनसारी,	
गुजरात और राजस्थान	भीली,गरासिया,कोकणी	
गुजरात, महाराष्ट्र	मवची	
गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र	ढकी	
छत्तीसगढ़	बैगानी,धुर्वा,कोरवा	
छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश	हल्बी	
पश्चिम बंगाल	खोट्टा	
बंगाल और असम	चकमा	
बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल	मगही	
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र	निमारी	
मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र	राठी,कोरकू	
मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात	कोटवालिया	
मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, उड़ीसा, प बंगाल	लमनी	
महाराष्ट्र, गुजरात, दादरा और नगर हवेली	वार्ली	
मेघालय, असम, अरुणाचल प्रदेश	हाजोंग	
राजस्थान	धुंधरी ,थार	
राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश	वागरी	
राजस्थान, मध्य प्रदेश	हाड़ौती	
हरियाणा, उ. प्र, म प्र, राजस्थान, गुजरात, पजाब, दिल्ली	गुजरी	
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	शोम्पेन, जरावा	ऑस्ट्रो-एशियाटिक
छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बगाल, ओडिशा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, असम, त्रिपुरा	खरिआ	
झारखंड	आसुरी ,मुंदरी	
झारखड, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, पश्चिम बगाल, असम	संताली	
झारखंड, ओडिशा	हो	
निकोबार द्वीप समूह	निकोबारी	
पश्चिम बगाल, ओडिशा	लोढ़ा	
महाराष्ट्र	कुर्मी	
अरुणाचल प्रदेश	आदिकाशिन्गे ,अपातानी ,डफ ला ,मोनपा,सजालौंग ,ज़खरिंग	तिब्बती-बर्मन
अरुणाचल प्रदेश, असम	सिंगफो	
अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड	कोन्याक	
असम	बोडो,मिशिंग,टैग करे	
असम, अरुणाचल प्रदेश	देवरी,शेरदुकपेन	
उत्तराखंड	भोटिया	
कश्मीर	बाल्टी	
नगालैंड	औ ,नागा,रेंगमा ,वांचो	
मणिपुर	कोइरंग ,पाइते,ज़ोउ	
मणिपुर, असम, मेघालय, त्रिपुरा	वैफेई	
मणिपुर, नागालैंड	चिरु	
मणिपुर, मेघालय, असम	गगटे	
मिजोरम	दृहलियन-झकार,हूआलगो ,मारा	
मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड	लुशाई	
मिजोरम, मणिपुर, असम	हमार	
हिमाचल प्रदेश	लाहौली	
आंध्र प्रदेश	येरूकुला,सवार	द्रविड़
आंध्र प्रदेश, ओडिशा	कोया	
आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र	कोलामी ,नाइकी	
ओडिशा	कुई,कुवि ,पेंगो ,बान्दो ,जुआग	
कर्नाटक	कोडागू	
कर्नाटक, केरल	कोरगा ,तुलु	
बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़	कुरुख	
मध्य प्रदेश	परजी	
मध्य प्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़	गोंडी	
मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़	मारिया	

Source: https://www.wordsinthebucket.com/indian-tribal-languages-1

निष्कर्ष-

इंसान चरित्र से स्वार्थी होता है लेकिन इतना भी स्वार्थी नहीं होना चाहिए कि किसी की जिंदगी को परेशानी में डाला जाये और उसके विकास की सारी हदें या सारे दरवाजे बंद कर दिए जायें | विकास का मुख्य उद्देश्य समानता और समरसता होता है और अगर विकास एक तरफ़ा और समाज के एक पहलू का हो तो वो समाज में अराजकता और भ्रष्टाचार और असमानता और सामाजिक विद्रोह पैदा करता है/ कुछ अख़बारों में छापे हुई समाचार की सचाई यहाँ दर्शना चाहते हैं कि कैसे जनजाति की भलाई वाली योजना का लाभ पढ़े-लिखे और अमीर दुरपयोग करते हैं |

हर रोज सामाजिक भेदभाव की घटनाये भारत में होती हैं और उनका रूप बहुत ही तरह का होता हैI जैसे नीचे तस्वीरों में दिखाया गया है कि कैसे लोग जनजाति का प्रमाणपत्र बनवाकर लाभ के पद पर रह कर उन्ही का शोषण करते है और जातिवादी सोंच के साथ ही छुआछूत जैसे अमानवीय घटनाएं भी होती हैI अब ये बात सोंचने वाली है कि क्या ये सब अनपढ़ और अनभिज्ञ लोग करते है या कोई षड्यंत्र है जिसको पूर्व नियोजित तरीके से किया जाता हैI

क्या इसका प्रभाव आने वाली पीढ़ी पर सकारात्मक पड़ेगा या समाज में सामाजिक दूरियां बढेंगीI किसी भी रूप में सामाजिक समानता कायम करने में साहित्यकारों का अहम भूमिका थी और हमेशा रहेगी, इसलिए साहित्यकार समाज का वर्तमान और भविष्य का आईना होता है जो भूतकाल के अनुभव से वर्तमान और भविष्य का रास्ता निर्धारित करता हैI समाज को भाषा, भेष-भूसा, खानपान, रहन-सहन, कर्म, रंग आदि के आधार पर बाँट सकते है पर क्या मानव के प्राकृतिक स्वाभाव और प्राकृतिक संरचना को भी बांटा जा सकता हैI जनजाति और सभी जाति के लोगों में अगर कोई अंतर है तो वह है भाषा का और अगर सब की भाषा एक हो जाये तो शायद समाज को विकसित करने में ज्यादा समय नहीं लगेगाI कोई भी भाषा प्राकृतिक नहीं होती है ये अपने तरीके से अपने लिए अपनों के द्वारा संचार का माध्यम मात्र हैI अगर कोई भाषा प्राकृतिक होती तो नया जन्म लेने वाला शिशु अंग्रेजी में, संस्कृति में, हिंदी,उर्दू, पंजाबी, बंगाली, फ्रेंच, रसियन (रूसी), चीनी, जापानी आदि में रोताI इसलिए समाज में व्याप्त बुराईयाँ सिर्फ वाद से होती है और ये वाद है – भाषावाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्मवाद, रंगभेदवाद, और अन्य तरह के वाद |

जनजातियों की संख्या बढ़ना ठीक पर नीति विरुद्ध अतार्किक तरीके से बढ़ना देश व समाज के लिए घातक हो सकता है I जो जनजाति जन्म से है उनका पूर्ण विकास से पहले और जातियों को जनजाति बना देना ये एक अन्याय ही नहीं बहुत बड़ा धोखा है उन अशिक्षित और बेरोजगारों के लिए. क्या एक जातिवादी व्यक्ति को अनुसूचित जनजाति बना दिया जाये तो क्या उसकी नियत में सकारत्मक प्रभाव पड़ेगा | बिलकुल नहीं, जबकि वो उनकी सारी लाभ की योजनायों को हड़प लेगा और उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति पहले से बद से बदतर हो जायेगीI इसलिए जनजातीय साहित्य में दिन प्रतिदिन परिवर्तन को दिखाना अत्यन्त आवश्यक हैI

संदर्भ:-

1.भारत की जनगणना (2001). महालेखाकार और जनगणना आयुक्त कार्यालय, भारत, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

2.भारत की जनगणना (2011). महालेखाकार और जनगणना आयुक्त कार्यालय, भारत, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

3.सारदा प्रसाद और प्रवीण कुमार (2013), "मध्य प्रदेश और भारत के अनुसूची जनजातियों के बीच रोग पैटर्न और इसके उपचार" संघर्ष में प्रकाशित: दलित साहित्यिक अध्ययन के ई-जर्नल, अक्टूबर-दिसम्बर,Vol.02(04):52-72,(ISSN-2278-3067) http://dalitsahitya.com/assets/content/volumes/Sangharsh_Vol_02_Issue_04_2013_web

4.https://www.wordsinthebucket.com/indian-tribal-languages-1

5.NSSO (2016), National Sample Survey Organization, 71st round report, Ministry of Statistics and Programme Implementation, Government of India. https://www.mospi.gov.in/

दलित आत्मकथा: चेतना, चिंतन और सौन्दर्यबोध

राम चन्द्र[1]
भारतीय भाषा केंद्र, जवाहरलाल नेहरू विश्विद्यालय,
नई दिल्ली–110067 मो. 9968293185

प्रवीण कुमार [2]
सहायक आचार्य,हिंदी विभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक , मध्यप्रदेश -484887, मो – 9752916192

सारांश: प्रस्तुत शोध आलेख आत्मकथा के सौंदर्यबोधीय तत्वों पर केन्द्रित है, जिसमें सौंदर्यशास्त्र की निर्मिति और स्वरूप की विवेचना की गई है। इस क्रम में यह सत्य उद्घाटित होता है कि सौंदर्यशास्त्र सौन्दर्यबोध व सौन्दर्य चेतना से उत्स लेता है और सामाजिक–सांस्कृतिक सम्बद्ध परिस्थितियों एवं वातावरण के बीच विकसित तथा विस्तारित होता है। आत्मकथा जिन स्वानुभूति से आकार लेती है और समाज सापेक्ष वह स्व निर्मित कथा समाज सम्बद्धता से निकल कर मानवीय मूल्यों से जुड़ जाती है, वहीं से उसका सौन्दर्यबोध जीवन-सौन्दर्य में तब्दील हो जाता है । इस आलेख में इसी का विस्तार है । यूँ कह सकते हैं कि दलित आत्मकथा का सौंदर्यशास्त्र जीवन-सौन्दर्य की सापेक्षता का सौंदर्यबोध है।

In order to gather enough data about the purchase habits of FMCG customers in the Kathmandu Valley, this study employed a descriptive and analytical research methodology. Descriptive design was used to illustrate the information about the phenomena and the demographics of the respondents whereas analytical design has been used to determine causality. The study, which is based on primary data sources, aims to investigate the factors influencing consumers' decisions to buy FMCG products in the Kathmandu Valley. The general consumers in the Kathmandu Valley who belonged to various age and professional groups made up the study's population. In order to gather information from department stores and online, well-crafted questionnaires were given to individuals of all ages. 193 respondents made up sample for the study, which examined the relationship between consumer's purchasing decision and factors like product pricing, offer, and display. In order to choose the sample respondents, convenience sampling has been employed.

The primary sources of data were used in this study. Quantitative approach has been used. The Kathmandu Valley's consumers' primary data was used to get knowledge on the factors influencing their FMCG purchase decisions. A questionnaire was employed as the data collection tool. The main instrument used to collect data was a self-administered survey questionnaire designed to determine respondents' opinions regarding consumer buying habits. Multiple questions and the respondent's personal information were included in the questionnaire. The questionnaire's first section addressed demographic information such as gender, age, income, and level of education. Similarly, a series of questions concerning the variables utilized in the study to investigate the impact of consumer purchasing habits in the Kathmandu Valley were included in the second section of the

questionnaire. Five statements were used to describe each of the factors. A scale, with 1 representing "strongly disagree" and 5 representing "strongly agree," was used to rate each item in order to determine the respondents' thoughts. Items used in the questionnaire were taken from previous studies but certain changes have been occurred as per expert's opinion.It was organized when all of the respondents' completed questionnaires were gathered. The Statistical Package of Social Science (SPSSv26) software and Microsoft Excel were used to analyze and interpret the data. All of the replies that were gathered from the respondents were coded and input into an SPSS spreadsheet. The results were shown following the responses' processing and interpretation. Cronbach's alpha was used for the validity and reliability tests. To arrive at the results, a variety of techniques were used, such as the mean and frequencies under descriptive statistics and statistical tests of significance including regression analysis, t-test, F-test, and R2. In order to evaluate the hypotheses, the final stage of data analysis involved correlation and regression analysis of primary data.

Proposed regression model

$$CBD = \beta 0 + \beta 1\ PP + \beta 2\ OF + \beta 3\ PD + \varepsilon i$$

CBB= Purchasing decision of the consumer

PP= Price of product

OF= Offer

PD= Product display

Analysis and Results

The reliability test was the first step in the analysis, and Cronbach's alpha was employed to assess the consistency. The value of cronbach alpha of each variable exceeded 0.7 indicating that the instruments have maintained the consistency in the pattern of response. The value can be represented as

Table 1: Cronbach's alpha

Constructs	Items	Alpha
Product price	6	.787
Offer	4	.813
Display location	5	.791
Consumer buying decision	7	0.812
Overall	22	0.863

Analysis concentrated on respondent's demographic classification based on gender, age, educational level and monthly income. Majority consumers were male (58.55%) and female (41045%). The respondent's age was divided into four groups: those aged 20–30, 31–40, 41–50, and over 50. The majority of responders (37.82 percent) are between the ages of 31 and 40, followed by those between the ages of 41 and 50 (31.61%), 20 to 30 (20.73%), and 50 and older (9.84%). Four groups were created based on the respondents' educational backgrounds: SLC or SEE, PlusTwo(+2), Graduate, and Postgraduate. Postgraduates made up 45.60 percent of the respondents, followed by graduates (25.91 percent), , +2 (23.32 percent) and SLC (5.18 percent). The majority of respondents earn between Rs. 30,000 and Rs. 60,000 per month (39.38 percent), followed by those who earn between Rs. 60001 and Rs. 90000 (28.50 percent), those who earn over Rs. 90000 (17 percent), and the remaining respondents who earn Rs. 30,000 and less (15.09 percent).

The average value of the product price was 3.51indicates that product price affects consumer's decision to purchase an FMCG product. The offer's weighted average mean of 3.96 indicates that different marketing offers would assist customers in making purchasing decisions. The weighted average means for product display is 3.79, indicating that display influences consumers' purchasing decisions. The weighted average value for consumer purchasing decisions is 3.84, indicating that respondents have a favorable opinion on FMCG and are more likely to decide to buy it because of factors including price, offers, and display.

Product price (PP) was positively correlated to consumer buying decision (CBD). It indicates that product price stimulates the buying behavior of the consumer. Likewise, offer (OF) was also positively correlated to consumer buying decision (CBD). It indicates that the offers encourage the consumer towards buying of FMCG. Similarly, there was a positive correlation between product display (PD) and consumer buying decision (CBD). It indicates that product display influences the buying behavior of the consumers. Correlation coefficient of each predictor with output variable was significant at <.0000 suggesting H1a, H1b and H1c were accepted.

Table 2: Correlation analysis

Statement	PP	OF	PD
CBD	0.539^{**}	0.625^{**}	0.843^{**}

Regression analysis revealed the value of R2 was 0.6326 indicates used predictors (price, offer & product display) explain variation of consumer buying decision (dependent variable) on FMCG by 63.26%. In a similar vein, every coefficient is positive and significant, demonstrating that the predictors employed have adequate ability to forecast or affect the dependent variable at various levels. A high coefficient value suggests that a one unit change in that predictor will result in a large

variation in the purchasing decisions of consumers. Since the coefficient values are positive, all independent variables have been shown to have a positive relationship. (product price, offer and product display) and dependent variable (consumer satisfaction). Both regression and correlation result's point toward positive direction.

Table:3 coefficient

Variables	β	S.E.	t	sig.
(Constant)	0.214	0.201	2.261	.005
Product Price(PP)	0.189	0.192	4.572	0.007
Offers (OF)	0.287	0.237	3.218	0.004
Product Display (PD)	0.401	0.186	4.396	0.000

Regression Model

$CBD = \beta 0 + \beta 1\ PP + \beta 2\ OF + \beta 3\ PD + \varepsilon i$

CBD= 0.214+0.189 PP+0.287 OF+0.401 PD

Conclusion and Discussion

Consumers involve in buying and consuming an incredible variety of goods and services. This study looks at the variables influencing Kathmandu Valley consumers' decisions to purchase FMCG goods. 193 observations served as the study's major source of data. The study demonstrates that customer purchasing decisions for FMCG are positively impacted by product pricing, offer, and display. Price affects the buying decision of consumer and this finding is within the line of (Miremadi & Faghanie, 2012; Mishra, 2017; Sisodiya & Sharma, 2018). It has found that offers affect buying decision as earlier results of (Lama & Chataut, 2022; Raj et al., 2024). Similarly, results suggested that product display affects consumer buying decision of FMCG as found by (Sarker & Rahman, 2017; Kumar & Kk, 2024). The coefficient value indicates that, in comparison to product pricing and offers; product display has a greater influence on consumers' decisions to purchase FMCG. Therefore, marketers should focus on creating and establishing the display in such a way that must makes the buyers more attentive in display location. This study has contributed significantly to enhance the knowledge on this issue and findings of study can benefit marketers and academicians to understand the factors which are responsible for determining consumer buying decision of FMCG. Similarly, it has opened the scope for new researcher to carry more comprehensive research to enhance the knowledge in the field.

****

References :-

1.Banerjee, S., & Kedia, A. (2018). Influence of Packaging of FMCG products on the Consumer's Purchase Decision - A Study. *The International Journal of Management*, 36. https://doi.org/10.18843/IJMS/V5I3(2)/06

2.Dudu, O. F., & Agwu, M. E. (2014). A Review of the Effect of Pricing Strategies on the Purchase of Consumer Goods. *International Journal of Research in Management, Science & Technology*, 2, 88-102.

3.Gajjar, N. (2013). Factors affecting consumer behavior. *International Journal of Research in Humanities and Social Sciences*, 1(2), 10-15.

4. Kotler, P. Wong, U., Sanders, J., & Armstrong, G. (2001). *Principles of Marketing*.

5.Harlow: Pearson Education Ltd.

6.Kumar, D., & Kk, P. (2024). A Study on Factors Influencing Buying Preference of Consumers Towards Fast Moving Consumer Goods. *Shanlax International Journal of Management*. https://doi.org/10.34293/management.v11is1-mar.7999

7.Lama, P. B., & Chataut, M. K. (2022). Sales Promotion and Consumer Buying Behavior of FMCG Products In Kathmandu. *Journal of Development Review*, *7*(1), 18–27. https://doi.org/10.3126/jdr.v7i1.67011

8.Miremadi, A., & Faghanie, E. (2012). An Empirical Study of Consumer Buying Behavior and Its Influence on Consumer Preference in Iranian FMCG Market: A Case Study. *International Business Management*, *5*(1), 146–152. https://doi.org/10.3968/J.IBM.1923842820120501.1115

9.Mishra, Su. (2017). *A study on buying behavior of rural consumer towards selected FMCG products*. https://krishikosh.egranth.ac.in/handle/1/5810035358

10.Mamuaya, N. C. I. (2024). Investigating the Impact of Product Quality, Price Sensitivity, and Brand Reputation on Consumer Purchase Intentions in the FMCG Sector. *International Journal of Business, Law, and Education*. https://doi.org/10.56442/ijble.v5i2.614

11.Mahato, P. (2024). A Study of Consumer Buying Behavior and Brand Loyalty in a FMCG Market. *International Journal for Research in Applied Science and Engineering Technology*. https://doi.org/10.22214/ijraset.2024.61897

12.Rani, P. (2014). Factors influencing consumer behavior. *International journal of current research and academic review*, 2(9), 52-61.

13.Rafsanjani, R., Afriani, S. A., & Nurzam, N. (2023). *The Influence Of Advertising, Price And Display On Purchasing Decisions At Indomaret Betungan Bengkulu City*. https://doi.org/10.53697/jim.v3i4.1544

14.Raj, K. D., Devi, S., Sudarvel, J., & Velmurugan, R. (2024). *Impact of sales promotion techniques on consumer purchase intentions in FMCG products in Coimbatore*. 103–107. https://doi.org/10.4324/9781003606642-24

15.Steg, L., Bolderdijk, J. W., Keizer, K. and Perlaviciute, G. (2014). An integrated framework for encouraging pro-environmental behavior: The role of values, situational factors and goals. *Journal of Environmental Psychology*, 38, 104-115, DOI:10.1016/j.jenvp.2014.01.002

16.Sarker, M. A. H., & Rahman, M. (2017). Consumers' Purchasing Decision Toward Fast Moving Consumer Goods (FMCGs): An Empirical Study. *Social Science Research Network*. https://papers.ssrn.com/sol3/papers.cfm?abstract_id=3515850

17.Sisodiya, P., & Sharma, G. (2018). *The Impact of Marketing Mix Model/Elements on Consumer Buying Behaviour:A Study of FMCG Products in Jaipur City*. *3*(1). https://doi.org/10.30780/IJTRS.V3.I1.2018.016

18.Shamshuddin, Dr. S., Venkateswarulu, T., adinarayana, U., Bangaruraju, I., & Ramarao, Dr. S. (2020). Buying Behaviour and Preferences of Consumers with Reference to Fmcg Goods in North Coastal Andhra Pradesh. *The International Journal of Management*, *4*(8), 5–15. https://doi.org/10.35940/IJMH.G0715.044820

19.Tyagi, V., Tyagi, A.K. & Pandey, V. (2014). A case study on consumer buying behavior towards selected FMCG products. *International journal of scientific research and management*, *2*(8), 1168-1182

किन्नर बच्चों के लिए संघर्षरत माँ- हिन्दी उपन्यासों के सन्दर्भ में

अमिता टेटे & डॉ. महेन्द्र कुमार वर्मा
अतिथि प्रवक्ता, हिन्दी विभाग
जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय
श्रीविजयपुरम, अंडमान निकोबार

माँ और संतान का संबंध संसार का सबसे पवित्र और निष्कलंक संबंध माना जाता है। यह वह नाता है जो किसी भी सामाजिक पहचान, लिंग, या परिस्थितियों की परवाह किए बिना अटूट प्रेम और अपनत्व का प्रतीक है। लेकिन जब संतान किन्नर (ट्रांसजेंडर) हो, तब यह संबंध और भी महत्वपूर्ण बन जाता है क्योंकि यह न केवल माँ की ममता की परीक्षा होती है, बल्कि समाज के रूढ़ विचारों के विरुद्ध स्नेह की एक सशक्त अभिव्यक्ति भी होती है। माँ और किन्नर संतान के प्रेम को समझना, दरअसल मानवीय संवेदनाओं की गहराई को समझना है। माँ की ममता कभी भी किसी शर्त या अपेक्षा पर आधारित नहीं होती। जब वह अपने बच्चे को जन्म देती है, तब वह नहीं देखती कि वह बच्चा किस लिंग का है या वह समाज की किस श्रेणी में फिट होता है। उसके लिए वह केवल उसका 'बच्चा' होता है – उसकी कोख से जन्मा, उसके दिल की धड़कन। जब माँ को पता चलता है कि उसका बच्चा एक किन्नर है, तो वह भले ही समाज के दृष्टिकोण से अनभिज्ञ न हो, परंतु उसके स्नेह में कोई कमी नहीं आती। बल्कि वह और अधिक संवेदनशील हो जाती है क्योंकि उसे पता होता है कि उसका बच्चा एक ऐसे जीवन की ओर बढ़ रहा है जहाँ उसे कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। किन्नर समुदाय को हमारे समाज में अब भी पूरी स्वीकृति नहीं मिली है। उन्हें तिरस्कार, उपेक्षा और भेदभाव का सामना करना पड़ता है। कई बार माता-पिता स्वयं समाज के डर से अपने किन्नर बच्चे को अस्वीकार कर देते हैं। किंतु जहाँ माँ की ममता सच्ची होती है, वहाँ वह समाज की रूढ़ियों को तोड़कर अपने बच्चे के साथ खड़ी होती है। वह अपने किन्नर बच्चे को वह प्रेम, सुरक्षा और आत्मविश्वास देती है जिसकी उसे सबसे अधिक आवश्यकता होती है। किन्नर बच्चों का जीवन चुनौतियों से भरा होता है। पहचान की लड़ाई, शिक्षा और रोजगार में भेदभाव, और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं से जूझते हुए उन्हें एक मजबूत सहारे की आवश्यकता होती है। माँ इस संदर्भ में एक सशक्त स्तंभ बनकर सामने आती है। इतना ही नहीं कभी-कभी माँ अपने किन्नर बच्चे को समाज और परिवार से बचाने के लिए रौद्र रूप भी धारण कर लेती हैI वह अपने बच्चे के लिए अपने पति से भी लड़ जाती है और जरुरत पड़ने पर रूढ़ियों से घिरे किन्नर समुदाय से भी संघर्ष करती है जो उसके किन्नर बच्चे को अपने समूह में सम्मिलित करने हेतु बच्चे को माँ से छीनने आ जाते हैंI वह न केवल अपने बच्चे को सामाजिक मानसिकता से लड़ने का साहस देती है, बल्कि उसे यह विश्वास भी दिलाती है कि वह जैसे है, वैसे ही पूर्ण और सम्मान के योग्य है।

यदि किसी परिवार में तृतीयलिंगी बच्चे का जन्म होता है तब ऐसी स्थिति में सर्वप्रथम माँ ही इस बात से परेशान और चिंतित होती है क्योंकि परिवार में किसी भी बच्चे के प्रति माँ का व्यवहार समान ही देखा गया है। बच्चा चाहे जैसा भी हो माँ का प्यार सदैव समान रूप से प्रत्येक बच्चे के लिए उतना ही होता है जितना कि एक सामान्य बच्चे के लिए होता है। फिर इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि बच्चे में कोई शारीरिक, मानसिक या लैंगिक कमी है। अपने लैंगिक विकलांग बच्चे अर्थात् तृतीयलिंगी बच्चे के प्रति भी माँ अपने सामान्य बच्चों की ही भांति प्यार करती है। एक माँ को अपने किसी भी बच्चे की दरी सहन नहीं होती। बच्चे के दूर जाने की कल्पना मात्र से ही वह शिहर उठती है। समाज के द्वारा बनाये गये नियमों के चलते ऐसा प्रचलन हो गया है कि यदि परिवार में किसी तृतीयलिंगी बच्चे का जन्म होता है तो उस बच्चे को घर में नहीं रखा जा सकता। ऐसे बच्चों को या तो पारिवारिक अन्य सदस्य स्वयं कहीं दूर कर देंगे या फिर तृतीयलिंगी समुदाय जानकारी होने पर इन बच्चों को इनके परिवार से दूर करने का पुरजोर प्रयास करेगा। ऐसे में एक माँ अपने बच्चे से जुदा होने या उसे खो देने की कल्पना मात्र से दु:खी हो जाती है। नीरजा माधव कृत 'यमदीप' उपन्यास में ऐसा ही कुछ देखने को मिलता है। जिसमें उपन्यास की मुख्य पात्र नंदरानी जिसका जन्म एक तृतीयलिंगी के रूप में हुआ और जब तृतीयलिंगी समुदाय के लोगों को इस बात की जानकारी हुई तब वे नंदरानी के घर उसे लेने पहुंच जाते हैं। किंतु उनके आते ही नंदरानी की माँ उनके प्रयोजन को जानकर, अपनी बच्ची को बचाने के लिए गुस्से से उनको भगाने का प्रयास करती है। उस समय एक माँ की ममता अपने रौद्र रूप में बाहर आ जाती है। नंदरानी की माँ द्वारा तृतीयलिंगी समुदाय के लोगों पर प्रकट किये क्रोध को नंदरानी इस प्रकार बयां करती है- ***"हे ज्यादा बढ़-चढ़ के न बोलो। चलो, भागो यहाँ से! मम्मी दहाड़ उठी थीं। ममता के लुटने के विचार मात्र से उनके डर ने अंदर से एक खूंखार आदमखोर सिंह का आकार ग्रहण कर लिया था।"*** [1]
अधिकांशतः यह पाया गया है कि तृतीयलिंगी समुदाय जैसे ही इस बात की जानकारी प्राप्त कर पाता है कि कहीं किसी घर में तृतीयलिंगी बच्चे का जन्म हुआ है, वे शीघ्र ही अपने समुदाय के लोगों के साथ उस बच्चे को लेने पहुंच जाते हैं। ऐसे में एक माँ को अपने तृतीयलिंगी बच्चे के प्रति असुरक्षा की भावना पैदा हो जाती है। किंतु यह तो बाहरी खतरा है जोकि एक माँ अपने तृतीयलिंगी बच्चे के प्रति महसूस करती है, लेकिन वह इस बात से भी भली-भांति वाकिफ होती है कि उसका पति उसके तृतीयलिंगी बच्चे को कभी स्वीकार नहीं करेगा। इसीलिए वह सदैव अपने उस बच्चे के बचाव का प्रयास करती है। किंतु वह एक पत्नी होने की वजह से कभी-कभी खुलकर अपने पति का विरोध नहीं कर पाती। इसी वजह से उसके बच्चे को पति द्वार दी गयी प्रताड़ना को सहन करना पड़ता है। किंतु पति के जाने के उपरांत वह अपने बच्चे की तकलीफों पर रोती-बिलखती है। उसके जख्मों को देख-देख स्वयं भी बच्चे के दु:ख में दु:खी हो जाती है। महेन्द्र भीष्म कृत 'मैं पायल' उपन्यास में ऐसा ही एक संदर्भ उल्लिखित है। जिसमें उपन्यास की मुख्य पात्र पायल जोकि तृतीयलिंगी है और इसी बात को उसके पिता सहन नहीं कर पाते। जिसकी वजह से पायल को पिता की बेतहाशा मार को सहन करना पड़ता है। किंतु पायल के पिता के जाने के उपरांत उसकी माँ पायल की चोटों पर मरहम लगाती है और उसके दु:ख में स्वयं भी दु:खी हो जाती है। जिसका उल्लेख उपन्यास में इस प्रकार किया गया है- ***"पिता जी के जाने के बाद मेरी दुखती चोटों को देखा जाता उन पर दवा का लेप किया जाता, अम्मा सिंकाई करते रोती जातीं, विलाप करने लगतीं। भगवान से मेरे लिए प्रार्थना करतीं..... मैं अम्मा को***

चुप कराती और खुद भी सुबकने लगती। देखा-देखी सभी बहिनें रोने लग जातीं। एक ऐसा शोक का वातावरण कुछ देर के लिए बन जाता जैसे कोई बहुत बड़ा अनिष्ट हो चुका है या जल्दी ही होने वाला है।" [2] एक माँ इस बात को भली-भाँति जानती होती है कि जो बच्चा उसकी कोख से तृतीयलिंगी के रूप में जन्मा है, उसमें उस बच्चे का कोई कुसूर नहीं है और शायद परिवार के अन्य सदस्य भी इस बात से वाकिफ होते हैं किंतु वे इसबात को मानना नहीं चाहते और उस तृतीयलिंगी बच्चे को प्रताड़ित करते हैं, उसे खरी-खोटी सुनाते हैं। यहाँ तक कि उसे घर-परिवार से बेदखल भी कर देते हैं। किंतु एक माँ ही है जो उस बच्चे की तकलीफ को समझती है और सदैव उसके बचाव के प्रयास में लगी रहती है। एक बच्चा जिसने तृतीयलिंगी के रूप में जन्म लिया है, इसमें उस बच्चे की क्या गलती है? इस बात को भी परिवार के सदस्यों को समझना चाहिए। किंतु ऐसा नहीं होता और माँ को अपने उस बच्चे के बचाव के लिए आगे आना पड़ता है। ऐसा ही एक संदर्भ नीरजा माधव कृत 'यमदीप' उपन्यास में उल्लिखित है। जिसमें उपन्यास की मुख्य तृतीयलिंगी पात्र नंदरानी के भाई को इस बात की चिंता सताती है कि घर में नंदरानी की वजह से अन्य लोगों के शादी-विवाह में बाधा उत्पन्न होगी। तब नंदरानी की माँ अपने बेटे को इस प्रकार समझाती है- ***"अरे चुप रे नंदन। नंदरानी सुन लेगी तो उसका मन कितना अधीर होगा। वह अभागिन क्या करे? स्वयं तो नहीं गढ़ा उसने अपना शरीर? मेरी कोख ही ऐसी ऐबही रही तो वो क्या करे?"*** [3] एक माँ के लिए उसकी संतान सर्वोपरि होती है। बात चाहे सामान्य बच्चे की हो या फिर तृतीयलिंगी या फिर उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, माँ बच्चों में भेद नहीं करती। वह सबको सामान्य रुप से प्रेम करती है। माँ अपनी संतान के लिए ममता के वशीभूत होती है और इसी वजह से वह अपने प्रत्येक बच्चे पर बेहिसाब प्रेम लुटाती है। किंतु तृतीयलिंगी बच्चे का नाम सुनते ही एक पिता के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है कि वह उस बच्चे के साथ एक ही घर में रह सके। इसलिए उस बच्चे को अपने पिता की प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है। हर संभव प्रयास किया जाता है कि उस बच्चे को स्वयं से, उसकी माँ से और समस्त परिवार से दूर कर दिया जाए। इसके लिए पिता उस बच्चे को मार-पीट से लेकर हर प्रकार की प्रताड़ना देते हैं। किंतु एक माँ को जब इस बात की जानकारी होती है कि पति द्वारा उसके बच्चे को प्रताड़ित किया जा रहा है तब वह अपनी ममता को नहीं रोक पाती और हर संभव प्रयास करती है कि वह अपने पति से उस बच्चे को बचा ले। कभी-कभी तो माँ को ऐसे बच्चे के लिए अपने पति का सामना भी करना पड़ता है और उस बच्चे की जगह स्वयं को ही उस मार-प्रताड़ना के लिए प्रस्तुत होना पड़ता है। ऐसा ही एक जीवंत उदाहरण भगवंत अनमोल के उपन्यास 'जिंदगी 50 50' में दिया गया है। जिसमें उपन्यास की पात्र हर्षा जो कि तृतीयलिंगी है, जिससे उसके पिता बहुत नाराज रहते हैं। वे उसे अक्सर अपने कोप का भाजन बनाते रहते हैं। किंतु एक दिन हर्षा की माँ को जब इस बात की जानकारी होती है कि उसके पति हर्षा को बेइंतहा पीटे जा रहे हैं, तब वह अपने पति और अपने बच्चे हर्षा के बीच आ जाती है। और अपनी ममता के वशीभूत होकर अपने बच्चे को बचाने के लिए अपने पति से संघर्ष करती हुई नजर आती है। जिसका उल्लेख उपन्यास में इस प्रकार है - ***"अगर मारना ही है तो पहले हमें मारो। हमारी लाश मा चढ़ के तुम हमरे बेटा को मार सकते हो। एक माँ का हृदय बोल उठा। वह जोर-जोर से रो रही थी और चिल्लाये जा रही थी, आखिर का गुनाह किया है इसने?"*** [4] जब एक स्त्री को तृतीयलिंगी बच्चा होता है तब वह इस बात से भली-भांति परिचित होती है कि उसके उस बच्चे का क्या अंजाम होगा। क्योंकि हमारा समाज पुरुष प्रधान समाज है और ऐसे समाज में परिवार में तृतीयलिंगी बच्चे का होना परिवार और पुरुषत्व पर दाग के समान समझा गया है। इसलिए एक माँ जब तृतीयलिंगी बच्चे को जन्म देती है तब उसका चिंतित होना स्वाभाविक हो जाता है। वह सदैव इस बात को लेकर चिंतित रहती है कि कैसे वह अपने पति से उस तृतीयलिंगी बच्चे को बचाए? जरूरत पड़ने पर माँ किसी भी व्यक्ति के सामने अपने तृतीयलिंगी बच्चे की असलियत को छिपाने के लिए प्रार्थना करती हुई दिखने लगती है। चाहे वह व्यक्ति उसके समकक्ष हो या उससे छोटा। महेन्द्र भीष्म कृत 'किन्नर कथा' उपन्यास में ऐसी ही एक माँ का उल्लेख किया गया है। जिसमें उपन्यास की पात्र आभा जिसने एक तृतीयलिंगी बच्ची को जन्म दिया है और उसे इस बात की जानकारी होते ही वह दाई निरंजना से इस राज को छिपाने की प्रार्थना करती है। ताकि परिवार की लाज के लिए उसे अपनी बच्ची की कुर्बानी न देनी पड़े। जिसका उल्लेख उपन्यास में इस प्रकार दिया गया है- ***"क्या? एक साथ सैकड़ों बिजलियां आभा की आंखों के सामने कौंध गईं। वह सन्न रह गई। कभी वह अपने हिजड़े बच्चे को देखती तो कभी सामने खड़ी निरंजना का मुंह ताकती, क्या करे, क्या न करे? आभा की कुछ समझ में नहीं आ रहा था। सोच में काफी देर डूबी रहने के बाद भरे गले वह निरंजना से बोली, काकी! अब हमाई सबकी लाज तुमाए हाथन है।"*** [5] माँ अपने बच्चे को बचाने का हर संभव प्रयास करती है। खासकर तब जब उसे अंजाम की जानकारी हो। वह अपने बच्चे को बचाने के लिए किसी भी हद तक गुजर सकती है और इसके बदले कुछ भी लुटा सकती है। बस उसे अपने बच्चे की फिकर होती है, इसके सामने उसे धन, संपत्ति का मोह नगण्य महसूस होता है। इसीलिए जब आभा को अपनी तृतीयलिंगी बच्ची की जानकारी हुई, तब उसे अपने पति के गुस्सैल स्वभाव के सामने अपनी बच्ची का भविष्य खतरे में नजर आया। तब वह निरंजना से अपनी बच्ची को बचाने के लिए इस राज को छिपाने के एवज में निरंजना को मुंह मांगी धन-संपत्ति देने को तैयार हो जाती है। जिसका उल्लेख महेन्द्र भीष्म कृत 'किन्नर कथा' उपन्यास में इस प्रकार है- ***"तुम तो दायजू को सुभाव जानती हो, कितेक गुस्सैल हैं वे, जा खबर तो वे बरदाश्त न कर पेहें, काकी तुमें जा बात सबसे छुपाने परे, हमाये तुमाये के अलावा कोऊ न जान पाए, दायजू भी....उने पतो परे तो वे ई नन्हीं-सी जान खां मरवा डारे, काकी तुमें हमाई सौगंध....तुमें जो रुपइय्या पईसा चाऊने हो, मैं मौ मांगी करों, पर तुमें ई बात हां एकदम गुप्त रखने।"*** [6] इसी उपन्यास में आभा सदैव इस बात से चिंतित रहती थी कि उसकी पुत्री सोना जोकि तृतीयलिंगी है, वह कभी भी उसके पति जगतराज के हाथों न पहुंच पाये। क्योंकि वह जानती थी कि अगर ऐसा हुआ तो उसका भेद खुल जाएगा और उसकी पुत्री सोना की जान खतरे में आ जाएगी। किंतु एक दिन किसी धार्मिक आयोजन के समय सोना की जुड़वा बहन जगतराज की गोद में पहुंच गई। जिसे देखकर आभा की चिंता और बढ़ गई। क्योंकि आभा इस बात से अंजान थी कि जो बच्ची उसके पति की गोद में है वह सोना नहीं बल्कि उसकी जुड़वा बहन रूपा थी। इसलिए आभा भगवान से अपनी ममता को लुटने से बचाने की प्रार्थना कर रही थी। जिसका उल्लेख उपन्यास में इस प्रकार से किया गया है- "***आभा को अपने सिर पर सैकड़ों पहाड़ टूटते-से लगे। पति देव की गोद से बच्ची कैसे ले? वह उपाय सोच ही रही थी कि जगतराज ने बच्ची की गीली चड्ढी फिर कलोट हटा दी। आभा ने अपने नेत्र मूंद लिए। निरंजना पहले ही हाथ जोड़े, बंद आंखों से ईश्वर का स्मरण कर रही थी।"***[7] इसी उपन्यास में आभा ममता के वशीभूत और अपनी बच्ची को खोने के डर से इस प्रकार घबरा गई थी कि उसे इस

बात का भान भी नहीं हुआ था कि जो बच्ची उसके पति की गोद में है वह सोना की जुड़वा बहन है, और उसकी तृतीयलिंगी बच्ची सोना तो उसकी ही गोद में है। किंतु आभा ने इसके विपरीत कल्पना की थी जिसके परिणाम स्वरूप वह डर गई थी और ईश्वर से अपनी बच्ची को बचाने की प्रार्थना कर रही थी। जैसे ही उसे इस बात की भनक लगी कि उसकी सोना तो उसकी ही गोद में खेल रही है, उसने उसे दुलारना शुरू कर दिया। इस संदर्भ का उल्लेख उपन्यास में इस प्रकार है-***"कुछ पल शांति के साथ व्यतीत हो गए, कहीं कोई हलचल नहीं। आभा धीरे-धीरे अपनी आंखें खोलती है, वह क्या देखती है कि पति देव बच्ची के कपड़े बदल उसे सही कर रहे थे, तो क्या? आभा की सांस में सांस आई। उसने अपनी गोद में लेटी दूसरी बच्ची को देखा। वह नन्हीं नटखट माँ की गोद में लेटी अपनी आंखें मटकाए उसे ही निहार रही थी। आभा ने ईश्वर को याद किया, गोद में लेटी बच्ची को प्यार से उठाकर चूम लिया। किन्नर बच्ची के गाल माँ की आंखों के आंसुओं से गीले हो गए।"*** [8] किसी माँ से जब उसका बच्चा बिछड़ जाता है तब ऐसी परिस्थिति में उस माँ का जीवन किसी नर्क से कम नहीं होता। भले ही वह बच्चा तृतीयलिंगी ही क्यों न हो। किंतु जो दर्द और पीड़ा एक माँ महसूस करती है उसे एक पिता शायद ही कभी समझ पाता हो। उपर्युक्त उपन्यास में आभा बहुत प्रयास करती है कि सोना जोकि तृतीयलिंगी है उसे अपने पति से दूर रखे किंतु वह अपने इस प्रयोजन में सफल नहीं हो पाती और जगतराज को जब सोना के तृतीयलिंगी होने की जानकारी मिलती है तब वह उसे उसकी माँ से जुदा कर देता है। जगतराज उस समय एक माँ की पीड़ा को महसूस नहीं कर पाता क्योंकि उसे सोना अपने वंश पर कलंक जैसी लग रही थी। किंतु एक माँ होने के नाते आभा को इन सब बातों से कोई सरोकार नहीं था। वहीं जगतराज को एक माँ की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं था। उपन्यास में आभा के दःख और जगतराज के पत्थर दिल को इस प्रकार अभिव्यक्त किया गया है- ***"दूसरी ओर सोना के विछोह और उसके साथ हुए अंजाम से आभा का रो-रोकर बुरा हाल था। बच्चे के लिए हीड़ती माँ के हृदय में समाए दुःख-दर्द, पीर की लहर को कोई माँ ही महसूस कर सकती थी। पाषाण हृदय जगतराज जैसा पिता कदापि नहीं। संतान का विछोह सबसे बड़ा संताप है। जिसे पिता से कहीं अधिक माँ शिद्दत से महसूस करती है, भोगती है, कलपती है।"*** [9] एक माँ के लिए उसके बच्चे ही उसकी दुनिया और दुनिया की सारी खुशियों के समान होते हैं। वह अपने बच्चों के अंदर की प्रतिभा को जानती होती और उसी अनुरूप अपने बच्चे के सुनहरे भविष्य की कल्पना करती है। माँ अपने बच्चों के सपने साकार करने में हर संभव मदद करती है। किंतु कभी-कभी समाज के द्वारा बनाये गये नियमों के चलते विघ्न उत्पन्न हो जाता है और बच्चे के साथ-साथ माँ को भी उसके दुःख का सहयोगी बनना पड़ता है। चित्रा मुद्गल के उपन्यास 'पोस्ट बॉक्स नम्बर 203 नाला सोपारा' में ऐसी ही एक विडंबना का उल्लेख किया गया है। जिसमें उपन्यास का मुख्य पात्र बिन्नी जोकि तृतीयलिंगी है और इसी के चलते उसे उसकी माँ से दूर कर तृतीयलिंगी समुदाय के हाथों सौंप दिया जाता है। बिन्नी गणित में होशियार था और उसकी माँ का यह सपना था कि उसके पुत्र का भविष्य एक गणितज्ञ के रूप में है और वह अपना सपना टूटने नहीं देती। इस बात का उल्लेख बिन्नी की माँ ने उपन्यास में इस प्रकार किया है- ***"मैंने भी उन्हें चिट्ठी लिखी थी। मेरे दीकरे की प्रतिभा आपकी विरासत है। देश-विदेश में व्यस्त रहती हैं आप अक्सर लेकिन किसी रोज ऐसा होगा। आप स्वयं आएंगी मेरे दीकरे से मिलने। गर्व करेंगी। मुझे नहीं मालूम मेरे बच्चे का सपना क्या है? लेकिन मैं जानती हूँ उसे लेकर मेरा सपना क्या है? वह दुनिया का सबसे बड़ा गणितज्ञ बनेगा। अपना सपना कभी टूटने नहीं दूंगी शकुंतला जी।"*** [10]

माँ और किन्नर बच्चे के प्रेम से हमें यह सीखने को मिलता है कि प्रेम की कोई सीमा नहीं होती। यह न रिश्तों की परंपरागत परिभाषाओं में बंधा है, न ही सामाजिक पहचान की शर्तों में। यह प्रेम हमें इंसानियत के उस शिखर पर ले जाता है जहाँ केवल करुणा, स्नेह और स्वीकृति का स्थान होता है। माँ के माध्यम से यह संदेश जाता है कि किन्नर बच्चे भी उतने ही प्रेम, अधिकार और गरिमा के पात्र हैं जितने कोई और। माँ और किन्नर बच्चे का संबंध केवल एक व्यक्तिगत रिश्ता नहीं है, बल्कि यह समाज को एक व्यापक संदेश देता है – कि हर जीवन समान रूप से मूल्यवान है और हर रिश्ते को समान रूप से सम्मान मिलना चाहिए। यदि हर माँ अपने किन्नर बच्चे को उसी ममता से स्वीकारे जैसी वह अन्य बच्चों के लिए रखती है, तो न केवल उस बच्चे का जीवन उज्ज्वल हो सकता है, बल्कि समाज में समावेश, करुणा और प्रेम की एक नई परंपरा की शुरुआत हो सकती है।

संदर्भ सूची :-

1) यमदीप, पृ. – 249
2) मैं पायल, पृ. – 34
3) यमदीप, पृ. – 248
4) जिन्दगी 50 50, पृ. – 42
5) किन्नर कथा, पृ. – 16
6) वही, पृ. – 16
7) वही, पृ. – 19
8) वही, पृ. – 16
9) वही, पृ. – 43
10) पोस्ट बॉक्स नम्बर 203 नाला सोपारा, पृ. – 72

हिन्दी उपन्यासों में आदिवासी नारियों का आर्थिक संघर्ष

सुमन बारला& डॉ. महेन्द्र कुमार वर्मा
अतिथि प्रवक्ता, हिन्दी विभाग
जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय
श्रीविजयपुरम, अंडमान निकोबार

भारत के आदिवासी समाज की अपनी विशिष्ट जीवनशैली है, जो अन्य समाजों से सर्वथा भिन्न और प्रकृति के अत्यंत समीप है। इस समाज की नारियाँ विशेष रूप से इस जीवनशैली की आधारशिला रही हैं। उनका जीवन पूरी तरह से प्रकृति पर आधारित रहा है, क्योंकि वे प्राचीन काल से ही वनों, पर्वतों, नदियों और घाटियों जैसे दुर्गम स्थलों में निवास करती आई हैं। प्रकृति की गोद में पली-बढ़ी इन नारियों ने न केवल अपने परिवार के पोषण की जिम्मेदारी निभाई, बल्कि समाज की आर्थिक रीढ़ भी बनीं। आदिवासी महिला का जीवन प्रकृति से इतना गहराई से जुड़ा हुआ है कि उसकी दिनचर्या, परंपराएँ, विश्वास और आजीविका सब कुछ प्रकृति पर निर्भर करते हैं। वनों से प्राप्त लकड़ी, फल, कंद-मूल, जड़ी-बूटियाँ, बांस आदि उनके जीवन के अभिन्न अंग हैं। यही कारण है कि उनकी आर्थिक आवश्यकताएँ भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इन्हीं संसाधनों से पूरी होती रही हैं। प्राचीन काल में आदिवासी समाज का जीवन अत्यंत सरल एवं स्वावलंबी था। जीवन में वस्तुओं के आदान-प्रदान से ही अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाती थी। धन का महत्व गौण था। आदिवासी महिलाएँ अपने श्रम और कौशल से परिवार के लिए आवश्यक वस्तुएँ स्वयं जुटा लेती थीं। वे कृषि में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करतीं, जंगलों से भोजन, ईंधन व अन्य उपयोगी वस्तुएँ एकत्र करतीं और परिवार के भरण-पोषण में केंद्रीय भूमिका निभाती थीं वर्तमान समय में जब संपूर्ण विश्व तेजी से बाजारवाद और उपभोक्तावादी संस्कृति की ओर बढ़ रहा है, तब आदिवासी समाज भी इससे अछूता नहीं रह गया है। जीवन अब केवल प्रकृति पर आधारित नहीं रह गया, बल्कि आर्थिक संसाधनों की आवश्यकता अधिक होने लगी है। ऐसे में आदिवासी महिलाएँ भी पारंपरिक भूमिकाओं से आगे बढ़कर नए व्यवसायों से जुड़ने लगी हैं। वे जंगलों से खाद्य सामग्री, औषधीय पौधे एवं वनोपज का संग्रहण करती हैं, जिन्हें बाजार में बेचकर धन अर्जित करती हैं। इसके अलावा वे बकरी पालन, मुर्गी पालन, झाड़ू-बनाई, टोकरी बुनाई, हथकरघा आदि जैसे लघु एवं कुटीर उद्योगों से भी जुड़ने लगी हैं। इंटरनेट के इस तेज़ रफ्तार युग में, जहाँ मनुष्य एक ही स्थान पर बैठे-बैठे पूरे विश्व की सैर कर सकता है, वहीं जीवन की सभी आवश्यक वस्तुएँ ऑनलाइन माध्यम से मात्र एक आदेश पर घर के द्वार पर उपलब्ध हो जाती हैं। ऐसे तकनीकी और मशीनी युग में भी समाज का एक वर्ग आदिवासी समुदाय आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। अपने जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आदिवासी नारियाँ जंगलों से प्राप्त वनोपज को बेचने के लिए मीलों पैदल चलकर स्थानीय हाट-बाजारों में आती हैं। गरीबी से जूझती ऐसी ही एक आदिवासी नारी का संवेदनशील चित्रण महुआ माझी ने अपने उपन्यास **'मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ'** में किया हैं। इस उपन्यास में आदिवासी स्त्री की संघर्षपूर्ण दिनचर्या का उल्लेख करते हुए लेखिका लिखती हैं- ***"सारंडा की सात सौ पहाड़ियों में से एक पहाड़ी के बीच किसी दुर्गम घाटी वाले हतु या सई से आई थी वह। टोकरी भर पके हुए तिरिल (केंदु) फल बेचने... तिरिल खरीदने इक्के-दुक्के ग्राहक ही आ रहे थें... हाट में अपना-अपना सामान बेचकर जो पैसे मिलते हैं, उनसे नमक और चावल ही खरीदा जा सके तो बहुत है।"***[1] आदिवासी नारियों के लिए वनों से प्राप्त होने वाली सभी वस्तुएँ आर्थिक कमाई का साधन रही हैं, किंतु इनमें सबसे अधिक मूल्यवान उनके लिए **महुआ** है। आदिवासी समाज में महुआ का महत्व किसी सोने से कम नहीं आँका जाता। महुआ का उपयोग भोजन के रूप में भी किया जाता है तथा उससे देशी शराब भी बनाई जाती है। यही कारण है कि महुआ, चाहे जिस भी रूप में और जहाँ से भी प्राप्त हो, आदिवासी महिलाएँ उसे एकत्रित करने का कोई अवसर नहीं छोड़तीं। वनोपज महुआ की उपयोगिता और उसके संग्रहण में आदिवासी नारियों की कठिन मेहनत को राकेश कुमार सिंह ने अपने उपन्यास **'महाअरण्य में गिद्ध'** में प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया है। आर्थिक दृष्टि से महुए का महत्त्व आदिवासी नारियाँ भली-भाँति समझती हैं, इसीलिए वे न केवल उसका संग्रहण करती हैं, बल्कि उसे पालतू पशुओं से बचाने का भी हर संभव प्रयास करती हैं। इस संदर्भ का वर्णन राकेश कुमार सिंह के 'महाअरण्य में गिद्ध' उपन्यास में इस प्रकार वर्णित किया गया है- ***"निकट के गाँव -टोले की स्त्रियाँ दिन के तीसरे पहर से सूरज के डूबने तक मेले में पहुँचती रहती थीं और रात अधियाने तक मेले से निवृत होकर वापस अपने गाँव के लिए लौट पड़ती थीं ताकि भोर में महुआ बीनने का अनिवार्य कार्य कदापि नागा न हो सके। भोर हो चुकने के बाद जंगली सूअर और चरने के लिए छोड़े गये ढ़ोर-डाँगर महुए के फूल खाने लगते हैं। महुए की उपेक्षा किसी कीमत पर नहीं की जा सकती क्योंकि भूमिहीन निर्धन वनवासियों के लिए महुआ ठहरा जंगल का खरा सोना... वृक्षों की छाया में टपक कर चादर की भांति बिछा ताजा महुआ हो या सूखा लिया गया फूल... जब इच्छा हो नकदी में बदली जा सकने वाली बिन पूंजी की फसल है यह प्रकृति प्रदत्त वरदान।"***[2] आदिवासी समाज में पारिवारिक जीवन की धुरी प्रायः नारी होती है। परिवार के भरण-पोषण की संपूर्ण जिम्मेदारी उसी के कंधों पर होती है। इस दायित्व के निर्वहन हेतु वह प्रतिदिन जंगलों की ओर प्रस्थान करती है, जहाँ से वह वनोपज एकत्रित करती है। यही वनोपज न केवल उनके परिवार का पेट भरती हैं, बल्कि उनकी आर्थिक आजीविका का भी प्रमुख साधन बनती हैं। लेखक राकेश कुमार सिंह ने अपने उपन्यास 'जो इतिहास में नहीं है' में संथाल आदिवासी स्त्रियों के इस संघर्षशील जीवन का अत्यंत संवेदनशील चित्रण किया है। अन्य आदिवासी समुदायों की स्त्रियों की भाँति संथाल नारियाँ भी दिनभर के घरेलू कार्यों से निवृत्त होकर, भोजन एवं आवश्यक सामग्री की खोज में जंगलों की ओर निकल पड़ती हैं। उपन्यास में संथाल नारियों द्वारा वनोपज संग्रहण की प्रक्रिया को इस प्रकार चित्रित किया गया है- ***"गिरि-पड़ी सूखी पत्तियों का ईंधन अभी भी बटोर लाती थीं संथाल स्त्रियाँ... बाघामुंडी की लड़कियाँ जंगल के भीतर तक धँस पड़ती थीं। करील, गँता, बेल और करौंदे बीनती थीं। बड़े-बड़े बाँस के खाँचों में सूखे पत्ते बटोर लाती थीं।"***[3] आदिवासी नारी की श्रमशीलता उसका स्वाभाविक गुण है, जो उसे बीहड़ जंगलों को भी खेती योग्य भूमि में बदलने की प्रेरणा प्रदान करता है। अपने अटूट संकल्प, अदम्य साहस और कठिन परिश्रम के बल पर उसने अनेक दुर्गम स्थानों को न केवल निवास योग्य बनाया है, बल्कि वहाँ उपजाऊ खेत भी तैयार किए हैं। इस कार्य में

आदिवासी नारियों का योगदान अत्यंत सराहनीय और प्रेरणास्पद रहा है। आदिवासी महिलाएँ जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों का सहचर बनकर कार्य करती हैं। वे कंधे से कंधा मिलाकर अपने समुदाय के आर्थिक और सामाजिक विकास में भागीदारी निभाती हैं। उनकी सहभागिता ने यह सिद्ध कर दिया है कि संसाधनों की कमी के बावजूद, यदि श्रम और सहयोग की भावना हो, तो कोई भी समाज प्रगति की दिशा में अग्रसर हो सकता है। आदिवासी नारियों के कठोर श्रम और जुझारूपन का सजीव चित्रण प्रसिद्ध लेखक **हरिराम मीणा** ने अपने उपन्यास **'धूणीतपे तीर'** में किया है। इस उपन्यास में स्त्री-पुरुष मिलकर घने वनों को खेती योग्य भूमि में बदलने के लिए कठिन परिश्रम करते हैं। जंगलों की विशाल झाड़ियों, नागफणी और कंटीली झाड़ियाँ काटना, तथा धरती की गोद में गहराई तक समाई जड़ों को उखाड़ फेंकना अत्यंत श्रमसाध्य कार्य है। लेखक ने इस श्रम-संस्कृति का वर्णन इन शब्दों में किया है- **"अगले दिन सूरज उगने से पहले ही आदिवासी औरत-मर्द दड़वाह के जंगल में पहुँच गये। गेंती, फावड़े, कुदाल व कुल्हाड़ियाँ लेकर जंगल के दरख्तों, थार, नागफाणियों और झाड़ियों को काटने के काम में सामूहिक रूप से जुट गए। थार नागफणी और कंटीली झरबेरी को काट कर उखाड़ने में काफी मेहनत करनी पड़ रही थी।"**[4] आदिवासी नारियों ने जीवन यापन के सभी संभावित उपाय अपनाए, किंतु समाज ने उन्हें हर स्तर पर हाशिए पर ही रखा। अत्यधिक निर्धनता और अभाव के कारण, वे भूख-प्यास से जूझती रहीं और अंततः जीवन रक्षा के लिए उन्हें अवैध कार्यों की ओर अग्रसर होना पड़ा। रोजगार के अभाव में आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उन्होंने मजबूरी में शराब के व्यापार को अपनाया। मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यास *'अल्मा कबूतरी'* में कबूतरा जाति को जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करते हुए चित्रित किया गया है। भूमिहीन कबूतराओं ने किसानों से थोड़ी-सी जमीन निवास हेतु मांगी, किंतु पैसे न होने के कारण वे भूमि का मूल्य अदा नहीं कर सकीं। तब उनके समुदाय के मुखिया ने किसानों को मुफ्त शराब देने और बदले में जमीन देने का प्रस्ताव रखा, जो अंततः स्वीकार कर लिया गया। किसानों की अनुमति मिलने पर कबूतरी महिलाओं ने खेतों में ही शराब की भट्टियाँ स्थापित कीं और इस व्यवसाय को अपनी आजीविका का साधन बना लिया। उपन्यास में इस व्यापार का चित्रण कुछ इस प्रकार किया गया है- ***"खेतों में कच्चे ओटले उठने लगे। भट्टियां खुदने लगी। घड़े और कनस्तर आए। महुआ और गुड़ केखमीर ने फसलों को घेर लिया। दारू और दारा के मेल ने गांवों पर मूठ मारी। किसान मंत्रबिद्ध से खींचे चले आते। कबूतारियाँ ढालती, पिलाती। बसावटें आबाद हो गई। आज तो हाल यह है कि आदमी लैसेंसी ठेकेदारों के यहाँ न जाकर कबूतरा-बस्ती में पहुंचता है। वैध -अवैध का भेद भुलाकर छककर पीता है।"***[5] भारत एक ऐसा देश है जहाँ नारी को सदा से देवी के रूप में पूजनीय माना गया है। यहाँ तक कि राष्ट्र को भी 'भारत माता' कहकर संबोधित किया जाता है। नारी अपने विविध रूपों में सम्मान की अधिकारिणी है, किंतु जब वह आर्थिक तंगी और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों के बोझ से विवश होकर देह व्यापार का मार्ग अपनाने को बाध्य हो जाती है, तब वही समाज उसकी गरिमा को कलंकित दृष्टि से देखने लगता है। उसकी संपूर्ण प्रतिष्ठा धूमिल हो जाती है। वेश्यावृत्ति न केवल उस स्त्री की अस्मिता को आघात पहुँचाती है, बल्कि पूरे समाज की नैतिक संरचना को भी प्रश्नांकित करती है। परिणामस्वरूप, इस क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को समाज तिरस्कार, बहिष्कार एवं अमानवीय व्यवहार का सामना करने के लिए छोड़ देता है। देह व्यापार में संलग्न महिलाएं विभिन्न जातियों और समुदायों से आती हैं। इस क्षेत्र में आने का प्रमुख कारण निर्धनता है, यद्यपि आधुनिक जीवन की चकाचौंध और भोगवादी प्रवृत्ति भी कभी-कभी इस ओर करती है। परंतु यदि हम विशेष रूप से आदिवासी नारियों की बात करें, तो उनके देह व्यापार में प्रवेश का मूल कारण भौतिक विलास नहीं, बल्कि जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति है। जातीय भेदभाव एवं सामाजिक उपेक्षा के चलते आदिवासी महिलाओं को उचित रोज़गार के अवसरों से वंचित रखा गया। बेरोज़गारी और भुखमरी ने उन्हें अस्तित्व संकट की ओर धकेल दिया। जब जीविका के अन्य साधन समाप्त हो गए, तब तथाकथित सभ्य समाज ने उनकी विवशता का लाभ उठाकर उन्हें देह व्यापार में धकेल दिया। भूख, नग्नता, जातिगत उत्पीड़न और प्रशासनिक बर्बरता की शिकार ये महिलाएं धीरे -धीरे इस दलदल में धँसती चली गईं। शरद सिंह द्वारा रचित उपन्यास 'पिछले पन्ने की औरतें' में बेड़िया समुदाय की महिलाओं की पीड़ा, उनकी आर्थिक विवशता और उनके साथ हुए दैहिक शोषण का मार्मिक चित्रण मिलता है। हमारा समाज दोहरे मापदंड अपनाता है— एक ओर तो वह आदिवासी महिलाओं को जातिगत आधार पर हेय दृष्टि से देखता है और उन्हें मुख्यधारा से अलग कर देता है, वहीं दूसरी ओर उन्हीं महिलाओं का उपभोग कर अपने कामुक स्वार्थों की पूर्ति भी करता है। परिणामस्वरूप, बेड़नियाँ मात्र परिवार का पेट भरने के लिए पुरुषों की कामनाओं का शिकार बनने को विवश हो जाती हैं। शरद सिंह बेड़िया नारियों की विवशता को इन शब्दों में व्यक्त करती हैं— **"वे भूख, गरीबी और कामुक-पशुता के विरुद्ध जीवित रहना चाहती थी और इस के बदले में उन्हें 'पतुरिया'-'नचनिया'-'नचनारी' बनने के लिए विवश किया जा रहा था।"**[6] देहव्यापार कोई महिला अपनी रुचि या शौकवश नहीं करती, बल्कि यह उसकी आर्थिक विवशता का परिणाम होता है। यदि उन्हें सम्मानजनक रूप से आजीविका अर्जित करने का कोई और विकल्प उपलब्ध हो, तो वे इस अपमानजनक कार्य की ओर कभी न जाएँ। तथाकथित सभ्य समाज एक ओर तो इस कार्य को नैतिकता के विरुद्ध और घृणित ठहराता है, वहीं दूसरी ओर अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए उन्हीं आदिवासी नारियों को इस कार्य में ढकेलता है। स्वयं को सभ्य कहलाने वाला समाज परोक्ष रूप से इस व्यापार का लाभ उठाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि आदिवासी महिलाएँ महज अपने परिवार का भरण-पोषण करने की मजबूरी में यह कार्य करती हैं। इसके बावजूद समाज उन्हें हेय दृष्टि से देखता है और उन्हें अपराधी की तरह ठहराता है। शरद सिंह के उपन्यास *'पिछले पन्ने की औरतें'* में जब लेखिका को श्यामा के देहव्यापार में संलग्न होने की जानकारी मिलती है, तो वह श्यामा को यह कार्य छोड़ देने की सलाह देती है। इस पर श्यामा बड़ी स्पष्टता से अपनी सामाजिक-आर्थिक विवशता प्रकट करते हुए कहती है— **"छोड़ दूंगी तो खाऊँगी कहाँ से? अपना अपने बच्चों का, अपने परिवार का पेट पालने के लिए कुछ तो करना ही होगा।"**[7] आदिवासी समाज की स्त्रियाँ जब भयंकर आर्थिक संकटों से घिर जाती हैं, तो उनके समक्ष जीवन-निर्वाह की चुनौतियाँ केवल शारीरिक श्रम तक सीमित नहीं रह जातीं, बल्कि उन्हें सामाजिक मर्यादाओं और आत्मसम्मान की कीमत पर भी कठोर निर्णय लेने के लिए विवश होना पड़ता है। रणेंद्र द्वारा रचित बहुचर्चित उपन्यास *'ग्लोबल गाँव के देवता'* में आदिवासी समुदाय, विशेषतः असुर जनजाति की नारियों की इस त्रासदीपूर्ण स्थिति का अत्यंत यथार्थपूर्ण और संवेदनशील चित्रण किया गया है। उपन्यास में यह उजागर किया गया है कि किस प्रकार एक ओर तो प्राकृतिक संसाधनों पर बाहरी शक्तियों का कब्ज़ा है, और दूसरी ओर जीवन यापन के लिए बुनियादी साधनों की कमी ने आदिवासी स्त्रियों को देहव्यापार जैसे अमानवीय रास्ते पर चलने को विवश कर दिया है. उपन्यास में असुर नारियों के संदर्भ में उल्लेख किया गया है कि जब घर में महीनों का अन्न भंडार

नहीं होता, जब बाल-बच्चों को दो वक्त की रोटी नहीं मिलती, और जब पुरुषों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ता है, तब स्त्रियाँ ही अपने परिवार की आशा की अंतिम किरण बनकर सामने आती हैं। परंतु यह आशा स्वयं के आत्मबलिदान से जुड़ी होती है। ऐसी ही विवशताओं के बीच कई असुर युवतियाँ परिवार के भरण-पोषण हेतु समाज द्वारा कलंकित राह चुनने के लिए बाध्य होती हैं। उपन्यास में यह स्थिति अत्यंत मार्मिक रूप में इस कथन के माध्यम से प्रस्तुत की गई है– **"घर में तीन-चार माह से ज्यादा का अनाज नहीं हो तो कौन बेटों को गाँव छोड़ने और बेटियों को डेरा में काम के बहाने रखनी बनने से रोक सकता है।"**[8] आदिवासी समाज की आर्थिक संरचना में नारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। परंपरागत रूप से आदिवासी महिलाएँ ही परिवार के भरण-पोषण और आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु जिम्मेदार रही हैं। सदियों से जंगलों पर निर्भर यह समाज अपनी अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति वनों से करता आया है। परंतु वन संरक्षण कानूनों के लागू होने के बाद आदिवासियों, विशेष रूप से आदिवासी महिलाओं, का वनों पर पारंपरिक अधिकार समाप्त हो गया। फलस्वरूप उन्हें आजीविका के लिए वैकल्पिक स्रोतों की ओर मुड़ना पड़ा।

शिक्षा, संसाधनों और व्यापारिक कौशल के अभाव में ये महिलाएँ धीरे-धीरे आर्थिक शोषण का शिकार बनने लगीं। आदिवासी समाज में हाट-बाजार की अवधारणा सामुदायिक स्वरूप की होती है, जहाँ महिलाओं का प्रमुख नियंत्रण रहता है। वे अपने उत्पादों का मोल-भाव स्वयं करती हैं और यह बाजार उनके आत्मनिर्भर आर्थिक जीवन का सशक्त माध्यम बनता है। किन्तु जब यही महिलाएँ गाँव से बाहर, मुख्यधारा के शहरी या गैर-आदिवासी बाजारों में जाती हैं, तो उन्हें वहाँ के व्यापारिक व्यवहार, मूल्य निर्धारण एवं मुनाफाखोरी की प्रवृत्तियों की समझ नहीं होती। इस कमजोरी का लाभ गैर-आदिवासी व्यापारी, बनिए तथा दलाल उठाते हैं, और उन्हें ठगकर या डराकर कम मूल्य पर उनकी वस्तुएँ खरीद लेते हैं। इस सामाजिक और आर्थिक विडंबना का मार्मिक चित्रण राकेश कुमार सिंह के उपन्यास *'पठार पर कोहरा'* में मिलता है। उपन्यास की प्रमुख पात्र **रंगेनी** सब्जियाँ बेचकर अपनी आजीविका चलाती है। स्थानीय बाजार में वह आत्मविश्वास से व्यापार करती है, किंतु जब वह शहर के बाजारों में पहुँचती है तो वहाँ की व्यापारिक चालबाजियों और मानसिकता से अनभिज्ञ होने के कारण ठगी जाती है। उपन्यासकार ने रंगेनी की स्थिति को रेखांकित करते हुए लिखा है- **"शहर बाज़ार की समझ न होने के कारण आदिवासी शहरों में प्रायः ठगे भी जाते हैं। कभी निमोहिये शहराती लौंडे भी धौंस-रौब दिखाकर सोने जैसी चीज़े कौड़ियों के मोल उठा लेते हैं। कुल मिलाकर जंगल के बाहर व्यापार करने जाने में हज़ार झमेले हैं।"**[9] आदिवासी महिलाएँ प्रारंभ से ही आत्मनिर्भर रही हैं। उनकी जीविका का आधार पारंपरिक रूप से वनों और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहा है, परंतु समय के साथ लागू वन-कानूनों ने उनके जीवन-यापन के प्राकृतिक स्रोतों को सीमित कर दिया। परिवार की आर्थिक ज़िम्मेदारी मुख्यतः उनके ही कंधों पर होती है, जिसके कारण उन्हें परिस्थितियों के अनुसार नए आय-साधनों की खोज करनी पड़ी। कुछ आदिवासी महिलाएँ ऐसी भी हैं जिन्हें जीवित रहने के लिए समाज द्वारा उपेक्षित और अवैध कार्यों की ओर प्रवृत्त होना पड़ा। जहाँ एक ओर आधुनिक समाज की महिलाएँ शिक्षा और सुविधाओं के सहारे आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं, वहीं आदिवासी महिलाएँ बिना इन साधनों के भी अपने श्रम और संकल्प से परिवार को सहारा देती आई हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि आदिवासी महिलाओं की आत्मनिर्भरता उनके सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन का अभिन्न अंग रही है।

****

सन्दर्भ सूची:-

1. मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ, महुआ माझी, पृ.25
2. महारण्य में गिद्ध, राकेश कुमार सिंह, पृ.44
3. जो इतिहास में नहीं है, राकेश कुमार सिंह, पृ.143
4. धूणी तपे तीर, महुआ माझी,पृ. 280
5. अल्मा कबूतरी, मैत्रेय पुष्पा, पृ.12
6. पिछले पन्ने की औरतें, शरद सिंह, पृ.92
7. पिछले पन्ने की औरते, पृ.24
8. ग्लोबल गावं के देवता, पृ.39
9. पठार पर कोहरा, पृ.18

राजू शर्मा के कथा साहित्य में आर्थिक स्थिति

उमा बणिचुल
शोधार्थी
हिंदी विभाग, विश्वविद्यालय - हैदराबाद

समाज के महत्त्वपूर्ण अंग के रूप में अर्थ व्यवस्था को प्रमुख स्थान दिया जाता है। अर्थ के आधार पर ही मनुष्य का सामाजिक स्तर निर्धारित किया जाता है। राजू शर्मा के कथा साहित्य के अंतर्गत आर्थिक परिवेश एवं उसके विभिन्न पहलूओं को रूप प्रदान किया गया है। राजू शर्मा द्वारा रचित साहित्य में अर्थ के महत्त्व व आर्थिक परिवेश को यथार्थ रूप प्रदान करते हुए पाठक वर्ग एवं समाज के समक्ष प्रस्तुत किया है। इन्होंने आर्थिक रूप से मजबूत उच्चवर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर निम्न वर्ग के साथ ही साथ मध्य वर्ग के विभाजन का एक प्रमुख आधार अर्थ को ही स्वीकार किया है।

आर्थिक रूप से मजबूत उच्च वर्ग जहाँ ऐशो आराम से युक्त जीवन जीता है वहीं आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग सुविधाहीन कमज़ोरी व लाचारी से युक्त जीवन यापन करने को बेबस व मजबूर नज़र आता है। स्वामीराम प्रसाद 'हलफनामे' उपन्यास का एक ऐसा गरीब किसान है जो अत्यंत गरीबी व कष्टपूर्ण जीवन जीता है तथा इसी आर्थिक कमजोरी के कारण साहूकार के कर्ज़ में दब जाता है।

'शब्दों का खाकरोब' कहानी संग्रह के अंतर्गत 'मारफत' कहानी का प्रमुख पात्र 'हरप्रसाद द्विवेदी' मध्यवर्गीय जीवन को दर्शाता है जो कि कम खर्च द्वारा तथा अपनी मेहनत कर्म द्वारा अपने परिवार का भरण-पोषणकर संघर्षमय जीवन यापन करते हुए अपनी संतान को पढ़ा लिखा कर योग्य बनाता है।

अर्थ कहने से हमारा अभिप्राय अथवा प्रयोजन, किसी बात या शब्द की व्याख्या, धन, संपदा, या संपत्ति आदि को निरूपित करना है । अर्थ से ही आर्थिक शब्द की सृष्टि हुई है। अर्थ व्यवस्था संबंधी (जहाँ पर संकट, लाभ को दर्शाया जाए) हीं आर्थिक है। आर्थिक स्थिति एक अर्थशास्त्र का हिस्सा है जिसमें यह कहा जाता है कि किसी भी चीज की आर्थिक स्थिति आर्थिक क्षेत्र सब कुछ आर्थिक से संबंधित है। आर्थिक स्थिति ही आर्थिक परिवेश को प्रभावित करती है। अर्थव्यवस्था समाज का एक महत्वपूर्ण अंग है । वर्तमान युग अर्थ को महत्व देता है। अर्थ के बिना मनुष्य का जीवन निरर्थक है। अर्थ के आधार पर ही किसी का सामाजिक स्तर निर्धारित किया जाता है। उपन्यासकार राजू शर्मा के कथा साहित्य में आर्थिक परिवेश के विभिन्न पहलू दर्शाये गये है।

आर्थिक स्थिति- जीवन यापन करने के वे संसाधन है जो जीवन को सरलता प्रदान करते हैं यह संसाधन अनेक प्रकार के हो सकते हैं। यदि संसाधन की प्राप्ति सुगमता से होती है तो आर्थिक स्थिति मजबूत मानी जाती है। वहीं विपरित अवस्था में यदि यह संसाधन सरलता से प्राप्त न हो सके या बहुत कम मात्रा में प्राप्त हो तो आर्थिक स्थिति को कमजोर माना जाता है। राजू शर्मा के कथा साहित्य में आर्थिक स्थिति को निम्नलिखित रूप में दर्शाया गया है- हलफनामे' उपन्यास का प्रमुख पात्र स्वामीराम प्रसाद है जिसका देहांत हो चूका था। वह सवेरा गाँव में रहने वाला था। उस गाँव के अधिकतर लोग कृषि अधारित व्यवसाय करते थे। कृषि ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था का केन्द्र थी। स्वतंत्रता से पहले जमींदारी एवं साहूकारी व्यवस्था मजबूत स्थिति में थी। स्वतंत्रता के बाद भी कुछ दिन तक यहीं स्थिति कायम रही। ज़मीन के लिए किसानों को लगान देना पड़ता था। किसान ज़मीन के उपज से ही अपना परिवार चलाते थे। उनके लिए और कोई रोजगार का रास्ता नहीं था। वे बहुत मुश्किल से जीवन यापन करते थे। पीढ़ी दर पीढ़ी सूत्र में आने से संतानों के बीच ज़मीन का बँटवारा हो जाता था तो ज़मीन का परिमाण घटता जाता था। जो परिवार की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करता था। इस बात की पुष्टी 'हलफनामे' उपन्यास के पुरूष पात्र स्वामीराम प्रसाद द्वारा इस प्रकार की गई है-

"स्वामीराम प्रसाद-एक किसान है सरकारी भाषा में एक 'लघु कृषक'। अट्ठराह पुश्तों से वे एक गाँव में रहते आए, पुरखों ने इसी ज़मीन की मुगलों को लगान दी। यह समझ तो अब आया है कि सरकार ने छोटे काश्तकारों की वसूली माफ कर दी, पर ज़मीन परिवार में बँटकर धीरे-धीरे घटती गई।" इस कथन के माध्यम से मकईराम अपने पिता स्वामीराम छोटे कृषक होने से सरकार ने कर माफ़ करने को दर्शाता है। इससे स्पष्ट रूप से देखने के लिए मिल रहा है कि स्वामीराम की ज़मीन बहुत कम, तथा लघु कृषक के रूप में परिचय हुआ तो इनकी आर्थिक स्थिति अच्छा न होना स्वाभाविक ही है।

'विसर्जन' उपन्यास में खलनायक के रूप में पी.वी.रंगराजन दर्शाया गया है। वह होनहार छात्र और वैज्ञानिक, एक मशहूर अर्थशास्त्री, मानद प्रोफेसर, मुक्त कंठ दार्शनिक, मनीषी एवं विचारक परोपकारी एवं दानवीर, व्यवसायी एवं बिलेनियर, उद्दमी एवं आविष्कारक, दिव्य दरदृष्टा, युग प्रवर्तक तथा आध्यात्मिक गुरू के रूप में प्रसिद्ध थे। इनकी आर्थिक स्थिति को इस प्रकार उद्घाटित किया गया है-

"रंगराजन के तमाम काम और कारोबार है, उसकी कम्पनियाँ और संस्थानों का साम्रज्य अंतराष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ है।" इस संवाद में कहा गया है पी.वी. रंगराजन का कंपनियाँ और संस्थानें सारे विश्व में फैला हुआ था, तो विश्व में इनकी ख्याति तथा प्रसिद्धि को दर्शाता है। इससे प्रतीत है कि रंगराजन विश्व भर अपना कारोबार को फैलाकर अपनी स्थिति को मजबूत रखा था।

पराधीन देश को आज़ाद करने में गाँधी जी की महत्वपूर्ण भूमिका है। ठीक उसी तरह आर्थिक समस्या की समय समस्या से उभरने के लिए पी.वी. का कार्य देश के लिए हितकर है। पी.वी. के तेज दिमाग को गाँधी जी के बुद्धि और विचार के साथ समानता देखते हुए कहा गया है कि-

"जिस तरह गांधी अधेड उम्र में अचानक दक्षिण आफ्रीका से लौटा था, पी.वी. अमरीका से खास समय लौटा है। बहुत जल्दी महात्मा ने कांग्रेस पार्टी और देश की जनता पर अपना प्रभुत्व जमा लिया था। पी.वी. ने तमाम संस्थाओं का नेटवर्क तैयार किया है, वह उनका नेतृत्व कर रहा है। मिडिल क्लास उसका नित्य अभिनन्दन कर रही है। महत्मा गांधी ने चरखा, धोती और खादी को अपने आन्दोलन का प्रतीक बनाया, पी.वी ने योग साधना की क्लट पैदा की, आर्थिक सुधार, अभिव्यंजना और अभिलाषा को खुशहाली का गुरूमंत्र बनाया और बचत, निवेश और विकाश का सदगुरू चक्र। गांधीजी ने आजादी के लिए अहिंसा और सत्याग्रह का अनोखा तरीका ईजाद किया, पी.वी.ने बाज़ारवाद और ग्लोबलाइजेशन का एक देशी संस्करण सामने रखा। महात्मा गांधी ने आत्मत्याग और सरल जीवन का पाठ पढ़ाया था, और पी.वी ने अनन्त अभिलाषा और लाभ के लिए उधारजनित उपभोग को दिव्य बोध की रोशनी दी।" इससे स्पष्ट होता है कि पी.वी. रंगराजन जैसे

व्यक्ति ने इतने सारे कारोबार देश-विदेश में फैलाकर अपनी आर्थिक स्थिति को ऊँचाई तक पहुँचाया।

'विसर्जन' उपन्यास में आदर्श दरबारी एक मुख्य पुरूष पात्र था। काजल दरबारी आदर्श दरबारी का बहन थी। अग्निवेश दरबारी उपन्यास का मुख्य नहीं सही लेकिन एक पुरूष पात्र था। अग्निवेश दरबारी का दो संतान थी एक लड़का जिसका नाम आदर्श दरबारी एवं एक लड़की जिसका नाम काजल दरबारी था। वह मध्यम वर्गीय व्यक्ति था। उनकी आर्थिक स्थिति मध्यम थी। अपनी नौकरी के साथ-साथ वह अपनी इच्छा पूर्ति के लिए भी दवाई देने का कार्य करता रहता था, जो उपन्यास में इस तरह वर्णित किया गया है-

"काजल दरबारी। उसका बाप किसी सरकारी दफ्ततर में काम करता था और शाम को घर से एक आयुर्वेद दवाखाना चलाता था।" इस संवाद में ऐसार ने काजल दरबारी की पारिवारिक, आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। इससे स्पष्ट होता है कि दरबारी परिवार का आर्थिक स्थिति मध्यम थी।

आज़ादी के कई दशक बाद भी भारत अनेक समस्याओं से घिरा रहा। गाँव के ज्यादातर लोगों की जिंदगी कृषि पर निर्भर करती है। ज्यादातर ग्रामीण किसान होते हैं। कुछ लोग पशुपालन और कृषि आधारित कुटीर शिल्पों, उद्योगों द्वारा भी जीविकापार्जन करते हैं। वे काफी मेहनती, नम्र एवं उदार होते हैं। इसके बावजूद भी अपने परिवार का गुज़ारा अच्छे से नहीं कर पाते अतः आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु दूसरी जगह पर भी मेहनत-मजदूरी करने के लिए जाते हैं।

कहानी संग्रह 'शब्दों का खाकरोब' में 'मुकदमा' एक प्रमुख कहानी है। इस कहानी के प्रमुख पात्र पूरन की आर्थिक स्थिति के बारे में इस प्रकार कहा गया है- "पूरन एक सीमान्त कृषक है- सभ्यता के कगार पर खड़ा कुल मिलाकर डेढ़ बिघा पुख्ता खेत है। ले-देकर यही एक संपति है जिससे परिवार का गुज़ारा होता है। खाली समय में सुमति (पूरन की पत्नी) और पूरन फारम (फार्म) पर मजूरी करते हैं।" इस संदर्भ से पता चल रहा है कि पूरन की आर्थिक स्थिति सही नहीं लेकिन सामाजिक जीवन शैली में वह जैसे-तैसे अर्थात् कृषि मज़दूरी करके अपने परिवार को चलाने की कोशिश करता है उदाहरण निम्नलिखित है-

'शब्दों का खाकरोब में' 'चिट्ठी के मारफत' कहानी के अंतर्गत हरप्रसाद द्विवेदी को कहानी के मुख्य पात्र है। वह ऑफिस का जूनियर क्लर्क था। वह प्रति दिन ठीक समय में अपने ऑफिस आकर अपना काम करता था। केवल ऑफिस नहीं परिवार में भी सीमित रोजगार होने के बावजूद अपनी समस्त जिम्मेदारियाँ निभाता था। उसने अपनी प्रति होने की, पिता होने की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। अपनी संतान को पढ़ा-लिखा कर योग्य बनाया। जिससे उसे अपने अंदर सुकून की अनुभूति होती जिसका उदघाटन कहानी में इस प्रकार हुआ है-

"घर की सब जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। बड़ा लड़का शहर में ही वकील है, इस बात का उन्हें गर्व है।" इससे स्पष्ट होता है कि हरप्रसाद द्विवेदी ने अपनी आर्थिक स्थिति को सही रखते हुए अपने परिवार का निर्वाह सुचारू रूप से किया जो उनके लिए एक गर्व की बात है।

'शब्दों का खाकरोब' कहानी संग्रह में 'मोटी बातें' कहानी में मन्नीलाल गुप्ता मुख्य पात्र है। कहानी की ईर्द-गिर्द उनकी जीवन शैली, सोच आदि को रखा गया है। उनके परिवार में तीन पुत्र व चार पुत्रियाँ, पत्नी एवं पिता थे। इनकी बातचीत तथा सोच विचार से पता चलता हे कि वह खुश मिज़ाज आदमी था। एम.एस.गुप्ता नाम से इनका अपना एक उद्योग-धंधा था। उसके वह मालिक थे। जिसके बारे कहा गया है कि-

"जिस शख्स का जिक्र हो रहा है उसका नाम श्री मन्नीलाल गुप्ता है। एम.गुप्ता ग्रुप का मालिक। उद्योग और व्यापार की दुनिया में जाना-माना नाम।" इससे स्पष्ट होता है कि मन्नीलाल गुप्ता एक कंपनी के मलिक है जिससे इनकी आर्थिक स्थिति अच्छा होना स्वाभाविक था।

'समय के शरणार्थी' कहानी संग्रह में 'नोटिस' कहानी में समझावन मुख्य पात्र है। वह गाँव का रहने वाला था। माता-पिता के मृत्यू के बाद सोलह साल की उम्र में वह शहर आ गया था। वह गाँव में हाई स्कूल तक पढा था। जीवन को जीने की तलाश में कुछ साल व्यतित हो गए। तत्पश्चात उसकी दोस्ती सूरी भाई से हुई। समझावन का विवाह तुलसी से हुआ। समझावन की आर्थिक स्थिति के बारे में इस प्रकार वर्णन किया गया है-

"किसी सरकारी कार्यालय में प्रवेश पाने के लिए निकल, उसके हाथ में एक थैला होता था। चूँकि तेज गर्मी थे और बिना किसी पूर्व आहट के यदा-कदा मूसलधार बारिश हो जाया करती थी, वह एक छतरी अपने पास रखता था। सूरी भाई से उसने इन दिनों साईकिल माँग ली थी। साइकिल के पीछे कैरियर में उसका एक छोटा सा टिफिन लगा रहता था।" इस कथन के माध्यम से समझावन ने सरकारी कार्यालय में नौकरी पाने के लिए किये हुए संघर्ष को दर्शाता है। इससे स्पष्ट होता है कि समझावन की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। जीवन जीने के लिए रोजगार पाने के लिए उसे रोज भटकना पड़ती है।

कहानी संग्रह 'समय के शरणार्थी' में 'कान्ता' एक प्रमुख कहानी है। कहानी का शीर्षक कहानी के मुख्य नारी पात्र का नाम पर आधारित है 'कान्ता'। कान्ता आपनी माँ के साथ गाँव में रहती थी।

कान्ता के परिवार में और कोई नहीं थे इसलिए बहुत मुश्किल से अपना गुज़ारा करती थी। उसकी आर्थिक स्थिति का पता निम्नलिखित बातों से चलता है-

"कान्ता शहर से कोई सात मील दूर एक गाँव की रहने वाली है। पहले वह अपनी लंगड़ी माँ के साथ रहती थी। माँ-बेटी झाड़ू बनाने का काम करती थी। उसकी माँ को पागलपन का रोग हुआ और वह चल बसी।" इस संवाद के माध्यम से वकील ने कांता की लाचारी आर्थिक स्थिति के बारे में दर्शाता है। इससे लक्षित होता है कि कन्ता की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। यदि आर्थिक स्थिति सही रही होती तो शायद वह अपनी माँ को रोग से मुक्त कर पाती। कम से कम जीवन में अकेली न होती या बेसहरा न बनती। बेसहरापन बाद में जा कर उसको कलंकिनी बना देता है तथा समाज में उसे लांछित भी होना पड़ता है।

कहानी संग्रह 'नहर में बहती लाशें' के अंतर्गत 'आई.टी.ओ क्रॉसिंग' एक मुख्य कहानी है। इस कहानी का मुख्य पात्र एक बालक है। बालक की मनःस्थिति को कहानी में अभिव्यक्त किया गया है उस बालक का नाम लोबन था। लोबन पन्द्रह साल का था। उसका घर सहरानपुर जिले के एक गाँव में था। वह जब गाँव में माँ के साथ रह रहा था तो इनके जीवन में घर, ज़मीन, ढोर-डगर सब कुछ बेहतर था। एक दिन अचानक माता का स्वर्गवास हो गया। गाँव में किसी रिश्ते से एक मोटे मामा ने उसका जिम्मा ले लिया। मामा के साथ उसका मन न लगा तथा मामा के साथ एक साल रहने के बाद एक दिन उसने अपना स्कूल बैग उठाया और गाँव से दिल्ली शहर भागा गया। दिल्ली की सडकों को अपना घर बनाया। न उनके पास रहने के लिए घर न ही कुछ खाने के लिए था। आर्थिक स्थिति सही नहीं होने के कारण उसे जीने के लिए संघर्ष करना पड़ा। उसका जीवन खतरों से घिरा रहा, जिसके विषय में कहानी में इस प्रकार लिखा गया-

"लड़का अब करीब पन्द्रह साल का लगता है। तीन साल पहले वह घर से भागा और दिल्ली की सड़कों को अपना घर बनाया। नन्हा बालक ऐसे पाशविक खतरों से घिरा था जिनका उसे धुँधला अनुमान भर था।" इससे देखने को मिलता है कि लोबन का पास यदि पैसा होता तो कम से कम दिल्ली की सडकों को अपना घर न बनाना पड़ता। खाने के लिए नन्हें से बालक को पाशविक खतरों से न गुजरना पड़ता।

कहानी संग्रह 'नहर में बहती लाशें' में 'जलन' एक सामाजिक कहानी है। कहानी में शशिबाला और रजनीबाला नामक दो नारी पात्र हैं और जो बहने हैं। शशिबाला बड़ी और रजनीबाला छोटी। मनहरलाल और मदनलाल दो भाई है। बड़े भाई मनहरलाल ने शशिबाला से शादी की। कुछ साल बाद शशिबाला ने अपना छोटी बहन रजनीबाला का विवाह अपने देवर मदनलाल के साथ करवा दिया। शशिबाला के दो बेटे थे तथा रजनीबाला की तीन बेटे और एवं एक बेटी थी। शहर से थोड़े दूरी पर दोनों परिवार रह रहे थे। उनकी एक छोटी सी किराने की दुकान थी जिससे पूरे परिवार का गुज़ारा होता था। परिवार के सदस्य ज्यादा थे एवं रोजगार का स्रोत केवल वह दुकान थी। दिन भर परिश्रम करने पर भी गुज़ारा बहुत मुश्किल था। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण, वे बहुत परेशान हो गये। आर्थिक स्थिति के अच्छे न होने के कारण छोटी बहन रजनीबाला ने अपनी बड़ी बहन शशिबाला से कुछ इस प्रकार कहा-"दीदी, क्या ये सब झेलने के लिए पैदा हुए थे। इससे तो कुकुर अच्छे हैं। अलग-अलग घर का भरपूर जूठन तो मिल जाता है कम-से-कम। हमारे तो ढाक के वही तीन पात। रोज एक ही राग, वही झमेले... मैं तो बाज आई दीदी... आँखें खोलो तो वही जंगाला, वही आँगन, रोज मशीन की तरह पिसो और रात को निकले वही धुन लागा गेहूँ... रोज चिल्लर गिनते रहो और बाचता है वही दो आना...।" इस कथन के माध्यम से रजनीबाला पारिवारिक जीवन की आर्थिक स्थिति को दर्शाता है। इससे दृष्टिगत होता है कि उनकी आर्थिक स्थिति उनकी सामाजिक जीवन शैली को प्रभावित कर रही थी।

कहानी संग्रह 'नोटिस-2' में 'हम सैनिक फार्म्स की बदौलत' कहानी में जज साहब एक पुरूष पात्र है। उन्होंने जीवन के तीस बरस इन अदालत में बिताये। जज साहब के परिवार में पत्नी शीरी एवं एक बेटी थी। जज साहब की पत्नी शीरी ने रिटायरमेंट के बाद बंगले में न रहकर फ्लैट में रहने की माँग की जिसके लिए जज साहब ने मना कर दिया। पत्नी की जिद करने पर जज साहब अपनी आर्थिक स्थिति को खंगालने लगे। जो की इस प्रकार थी-

"जज ने बचत और खाते का हिसाब लगाया। कितने पेंशन होगी। पी एफ और ग्रैचुइटी। लीव का नकद। कितना कर्जा ई एम आई पर उठा सकता है। इतने से इस सफेद के जोड़ से, पूरा नहीं हो रहा था। पर और भी पैसा था।" इससे प्रतीत होता है कि जीवन को साधारण तौर से जीने के लिए आर्थिक स्थिति का ठीक होना आवश्यक है। जज साहब ने गलत तरीके से धन नही जूटाया जिसके कारण वह धनाढ्य एवं पूँजीपति न बन सके। जिसके कारण आज वे जिंदगी भर की कमाई को इकट्ठा करने के बावजूद एक फ्लॅट के लिए पैसे जुटाने में नाकामयाब रहें। पत्नी की इच्छा को पूरी नहीं कर पायी।

****

संदर्भ

1. राजू शर्मा- हलफनामे, पृ. – 07.
2. राजू शर्मा- विसर्जन, पृ. – 104.
3. राजू शर्मा- विसर्जन, पृ. – 110.
4. राजू शर्मा- विसर्जन, पृ. – 17.
5. राजू शर्मा- शब्दों का खाकरोब, पृ. – 72.
6. राजू शर्मा- शब्दों का खाकरोब (चिट्ठी के मारफत), पृ. – 18.
7. राजू शर्मा- शब्दों का खाकरोब (मोटी बातें), पृ. – 78.
8. राजू शर्मा- समय के सरणार्थी (नोटिस), पृ. – 14.
9. राजू शर्मा- समय के सरणार्थी (कान्ता), पृ.– 62.
10. राजू शर्मा- नहर में बहती लाशें (आई.टी.ओ क्रॉसिंग), पृ. – 42.
11. राजू शर्मा- नहर में बहती लाशें (जलन), पृ. – 87.
12. राजू शर्मा- नोटिस-२(हमसैनिक फार्म्स की बदौलत), पृ. – 141.

Effect of Industries on Future Animals and Plants in Singrauli District

Dr.Vishwanath Singh Kushram
Assistant Professor Botany
PMCOE Govt Rajnarayan Smriti P.G. College Waidhan Singrauli(M.P.)
Mail-id-drvskushram123@gmail.com

Abstract- Singrauli District, located in northeastern Madhya Pradesh, India, has emerged as a critical hub for coal mining and thermal power generation, contributing significantly to the nation's energy needs. However, this rapid industrialization has inflicted severe environmental degradation, particularly on local flora and fauna. This research paper examines the multifaceted impacts of industrial activities—primarily open-cast coal mining and coal-fired power plants—on biodiversity, with a forward-looking perspective on future scenarios influenced by climate change and resource depletion. Drawing from environmental profiles, pollution indices, and ecological studies, the analysis reveals deforestation rates exceeding 35% over recent decades, heavy metal contamination in soils and water bodies, and habitat fragmentation threatening species such as the Asian elephant and native dry deciduous forest trees like *Shorea robusta* (Sal). Current pollution levels, including fly ash spills and acid mine drainage, have led to biodiversity loss, with vascular flora on mine spoils limited to 197 species dominated by pioneer herbs. Projections indicate coal reserve exhaustion in 15-20 years, exacerbating climate-induced stressors like erratic rainfall and rising temperatures, potentially rendering 50% of remaining habitats uninhabitable for endemic species by 2050. Mitigation strategies, including phytoremediation and compensatory afforestation, are evaluated for their efficacy in restoring ecosystems. The paper concludes that sustainable transitions to renewables are imperative to safeguard Singrauli's biodiversity for future generations, emphasizing policy reforms for integrated environmental management. This study underscores the urgent need for balancing energy security with ecological preservation in industrial hotspots.

Keywords-Singrauli District; Coal Mining; Thermal Power Plants; Biodiversity Loss; Habitat Fragmentation; Climate Change; Phytoremediation; Acid Mine Drainage; Fly Ash Pollution; Dry Deciduous Forests

Introduction-Singrauli District, spanning approximately 5,673 square kilometers in the Son Valley of Madhya Pradesh, represents a paradoxical landscape: a verdant

expanse of dry tropical forests juxtaposed against sprawling industrial complexes. Historically, the region was characterized by dense Northern Tropical Dry Deciduous Forests, harboring rich biodiversity including Sal (*Shorea robusta*), Teak (*Tectona grandis*), and Bamboo (*Dendrocalamus strictus*), alongside wildlife corridors vital for species like the Asian elephant (*Elephas maximus*) and Bengal tiger (*Panthera tigris tigris*). However, since the 1960s, the discovery of vast coal reserves—estimated at over 2,000 million tonnes—has transformed Singrauli into India's "Energy Capital," hosting over 13 thermal power plants with a combined capacity exceeding 21 GW and open-cast mines operated by Northern Coalfields Limited (NCL). This industrial boom, driven by national energy demands, has accelerated land-use changes, with forest cover declining by 35.76% between 1986 and 2001 alone, while mining areas expanded sevenfold.

The environmental toll is profound: air pollution from particulate matter (PM10, PM2.5), sulfur dioxide (SO2), and nitrogen oxides (NOx); water contamination via acid mine drainage (AMD) and fly ash leachates; and soil degradation from overburden dumps. These stressors not only degrade current ecosystems but portend dire futures for animals and plants amid global climate change. Singrauli's Comprehensive Environmental Pollution Index (CEPI) score of 81.79 in 2009 classified it as critically polluted, ninth among India's 14 worst industrial clusters. With coal reserves projected to deplete in 15-20 years, future industrial expansions—such as Adani's Gondbahera Udaipur project—could intensify habitat loss, while climate projections forecast 20-30% reduced rainfall, amplifying drought vulnerability for flora and migration disruptions for fauna.

This paper synthesizes existing literature to delineate current impacts and extrapolate future trajectories, employing a review methodology informed by secondary data from peer-reviewed studies, government reports, and environmental assessments. The thesis posits that unchecked industrialization will precipitate irreversible biodiversity collapse by mid-century unless proactive restoration and policy interventions are enacted. Sections explore industrial overviews, impacts on flora and fauna, future projections, and mitigation pathways, culminating in recommendations for sustainable development.

Overview of Industrial Activities in Singrauli District-Singrauli's industrial landscape is dominated by coal extraction and power generation, forming an interconnected "coal cycle" that amplifies environmental pressures. Open-cast mining, preferred for its cost-sites like Jayant, Amlohri, and Singrauli, yielding 100-120 million tonnes annually. These operations involve overburden removal—up to 10-15 meters deep—exposing sulfur-rich pyrite to oxidation, generating AMD with pH as low as 3.5 and mobilizing heavy metals like mercury, arsenic, and lead.

Adjacent thermal power plants, including NTPC's Vindhyachal Super Thermal Power Station (4.76 GW capacity), consume vast coal quantities, producing 25 million tonnes of CO2 yearly and generating 10-12 million tonnes of fly ash. Fly ash disposal via ponds risks breaches, as seen in the 2020 Sasan Ultra Mega Power Project incident, where slurry inundated villages, contaminating reservoirs and farmlands. Cement factories and chemical units further compound pollution, with limestone quarrying exacerbating dust emissions.Land-use shifts are stark: from 1986 to 2001, mining land surged from 2.6 to 9.29 sq. km, built-up areas from 4.71 to 14.73 sq. km, at the expense of forests (down 35.76%) and agriculture (down 19.31%). This "resource curse" manifests in displacement of over 50,000 people since 1970s and ecosystem conversion from forests to savannas. Future expansions, like Adani's 1,320 MW addition despite non-compliance with 2023 environmental clearances, signal intensified pressures.

Current Impacts on Flora-Industrial activities in Singrauli have profoundly altered vegetative cover, reducing forest density and introducing invasive species. Pre-industrialization, the district boasted 2,219.65 sq. km of forests, primarily Sal-dominated dry deciduous types covering 14% of the area. Mining-induced deforestation has fragmented these habitats, with clearance for overburden dumps and haul roads eliminating canopy species like *Butea monosperma* and *Boswellia serrata*. On mine spoils—barren, nutrient-poor substrates—vascular flora is impoverished, comprising 197 species from 45 families, dominated by herbs (57.36%) from Poaceae (18.27%), Fabaceae (20.30%), and Asteraceae (7.10%). Pioneer trees like *Nyctanthes arbor-tristis* and *Woodfordia fruticosa* colonize edges, but exotics such as *Prosopis juliflora* proliferate, outcompeting natives and reducing restoration potential. Air pollution tolerance indices (APTI) reveal tolerant species like *Cassia fistula* accumulating heavy metals (e.g., 15-20 mg/kg lead in leaves), while sensitive plants exhibit chlorosis from SO2 exposure.

Water and soil contamination exacerbate floristic decline: AMD leaches aluminum and iron, acidifying soils (pH 4-5) and inhibiting root growth in crops and wild plants. Fly ash deposition, rich in boron and molybdenum, causes toxicity in 30-40% of roadside vegetation,

per studies near Sasan plant. Overall, biodiversity indices on spoils show 40% lower Shannon diversity than undisturbed forests, signaling long-term impoverishment.

Current Impacts on Fauna-Faunal assemblages in Singrauli face acute threats from habitat loss and pollution, disrupting food webs and migration patterns. The district's forests once supported 200+ bird species, leopards (*Panthera pardus*), and sloth bears (*Melursus ursinus*), with elephant corridors linking to Bandhavgarh Tiger Reserve. Mining has fragmented 60% of these corridors, increasing human-wildlife conflicts; elephant crop-raiding incidents rose 25% post-2010 due to forage scarcity.

Aquatic fauna suffers from river contamination: Rihand and Son rivers, vital for fish like *Tor putitora* (mahseer), exhibit bioaccumulation of mercury (up to 0.5 mg/kg in tissues) from fly ash, reducing populations by 50% in polluted stretches. Terrestrial mammals face respiratory issues from PM2.5 levels exceeding 100 µg/m³ near mines, with dust settling on foliage diminishing herbivore forage quality. Avifauna diversity has plummeted, with insectivorous birds declining 35% due to pesticide-like effects of heavy metals.Soil invertebrates, crucial for nutrient cycling, show 70% mortality in overburden areas from metal toxicity, cascading to reptile declines like the Indian rock python (*Python molurus*). Noise from blasting (80-100 dB) disrupts breeding in nocturnal species, while light pollution from plants affects pollinators, indirectly stressing entomophilous plants.

Future Projections: Industrial Expansion, Resource Depletion, and Climate Synergies-Looking ahead, Singrauli's ecosystems face compounded threats from industrial inertia and climate variability. Coal reserves, fueling 16% of India's production, are slated for exhaustion by 2040-2045, prompting shifts to deeper mines or imports, but planned expansions—like NTPC's 1,320 MW addition—will spike emissions 20-30% by 2030. Adani's projects threaten 500+ ha of forests, depleting aquifers and inducing water stress for vegetation, potentially desiccating 40% of riparian flora.

Climate models project 1.5-2°C warming by 2050, with 20% rainfall decline, exacerbating AMD and drought mortality in Sal forests (already regenerating poorly due to grazing). Synergistic effects could halve faunal ranges: elephants may abandon corridors amid forage loss, while heat-stressed pollinators reduce plant reproduction by 25%. Black carbon from plants, contributing 0.3% to global CO2, accelerates glacial melt upstream, flooding habitats intermittently.

By 2050, 50% of current biodiversity hotspots may become uninhabitable, with invasive flora dominating spoils and endemic species like *Haldina cordifolia* facing extinction risks. Transition to renewables offers hope, but without enforcement, "black future" looms for locals and wildlife alike.

Mitigation Strategies and Restoration Efforts-Restoration in Singrauli hinges on phytoremediation and afforestation. NCL's efforts include seeding spoils with native grasses and trees on 4,320 ha, costing Rs. 32.96 crores, yielding 60% survival rates for species like *Acacia catechu*. High-APTI plants (*Azadirachta indica*) capture 20-30% dust and metals, per bioaccumulation studies.Check dams and silt arrestors mitigate AMD, while CCUS trials at Vindhyachal capture 20 tonnes CO2 daily, though scaled-up renewables are advocated. Community rights under FRA 2006 could empower locals in monitoring, reducing conflicts. Future success requires GIS-based planning for corridors and strict EIA compliance.

Conclusion-The inexorable march of industries in Singrauli has cast a shadow over its once-thriving ecosystems, with flora impoverished to pioneer assemblages and fauna besieged by fragmentation and toxicity. Future vistas, marred by reserve depletion and climate exigencies, herald potential biodiversity Armageddon unless interventions pivot toward sustainability. Policymakers must prioritize renewable transitions, enforce pollution norms, and invest in resilient restoration to bequeath a verdant legacy. Singrauli's plight is a clarion call: energy without ecology is ephemeral.

****

References

1. Dubey, A. K., & Pal, A. (1995). Environmental profile of the Singrauli region, India. *Environmental Impact Assessment Review*, 15(3), 235-250.
2. Government of India. (2014). Report on Singrauli pollution. National Green Tribunal.
3. Greenpeace India. (2018). A fact-finding report on the impact of coal mining.
4. Mongabay India. (2020). Fly ash slurry in Singrauli.
5. New Research Journal. (2018). Environmental pollution and impact in Singrauli coal field.
6. ResearchGate. (2023). Controlling air and metal pollution in Singrauli.
7. Pulitzer Center. (2020). Coal plant endangers forests.
8. IJSRD. (2019). A case study of Singrauli coal mines.
9. ResearchGate. (2014). Vascular flora on coal mine spoils.
10. Frontline. (2024). Vindhyachal power plant pollution.
11. EPW. (2023). Dark and toxic under the lamp.
12. AdaniWatch. (2024). Forests threatened by Adani project.
13. ScienceDirect. (2023). Environmental impacts of Indian coal TPPs.
14. Environmental Conservation Journal. (Year). Forest status in Singrauli.
15. Additional sources from web searches: DownToEarth (2014) , Mongabay (2018) , etc.

मोहन राकेश की कहानी 'मलबे का मालिक' में चित्रित विभाजन का दर्द

डॉ. श्रीमाया सी.
सह प्राध्यापक, हिन्दी विभाग
पय्यन्नूर कॉलेज, पय्यन्नूर केरला - 670327
ईमेल : sreemaya2012@gmail.com मो : 9495868174

सारांश--मोहन राकेश की कहानी 'मलबे का मालिक' (1950 के दशक की नई कहानी आंदोलन की प्रमुख रचना) भारत-पाकिस्तान विभाजन (1947) की त्रासदी को एक सूक्ष्म, मानवीय और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से चित्रित करती है। विभाजन के 'दर्द' को कहानी के माध्यम से विश्लेषित करता है – घर-बार का नुकसान, परिवार की हत्या, पड़ोसी की विश्वासघात, स्मृति का बोझ, साम्प्रदायिक हिंसा, लालच और अंततः मानवीय मूल्यों का पतन। गनी मियाँ और रक्खे पहलवान के चरित्र के माध्यम से लेखक दिखाते हैं कि भौगोलिक विभाजन के साथ मानसिक और नैतिक विभाजन भी हुआ था।

बीज शब्द-- विभाजन साहित्य, मोहन राकेश, मलबे का मालिक, विभाजन का दर्द, साम्प्रदायिक हिंसा, विश्वासघात, स्मृति का बोझ, पंजाब विभाजन, नई कहानी आंदोलन, मनोवैज्ञानिक यथार्थवाद, मलबा (प्रतीक), क्षमा और अपराधबोध, हिंद-मुस्लिम संबंध, 1947, मानवीय संवेदन।

प्रस्तावना-विभाजन भारतीय उपमहाद्वीप की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदी थी। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे ने लाखों लोगों को घर-बार, परिवार और पहचान से वंचित कर दिया। हिंसा, बलात्कार, लूट और आगजनी ने सामान्य जीवन को नरक बना दिया। इस त्रासदी को हिंदी साहित्य में भीष्म साहनी ('तमस'), ख्वाजा अहमद अब्बास, राजेंद्र सिंह बेदी, कृष्णा सोबती और मोहन राकेश ने गहराई से चित्रित किया है। मोहन राकेश 'नई कहानी' आंदोलन के प्रमुख हस्ताक्षर थे। उनकी कहानियाँ व्यक्ति-केन्द्रित हैं, लेकिन सामाजिक-राजनीतिक संदर्भ में गहरी अंतर्दृष्टि रखती हैं। 'मलबे का मालिक' उनकी सर्वश्रेष्ठ विभाजन-कहानियों में से एक है। यह कहानी साढ़े सात साल बाद (1955 के आसपास) लाहौर से अमृतसर आए मुसलमानों के माध्यम से विभाजन के दीर्घकालिक दर्द को उजागर करती है।

कहानी का शीर्षक ही प्रतीकात्मक है – 'मलबा' यह जलकर राख हुए मकान का, और टूटे हुए मानवीय संबंधों, विश्वास और मूल्यों का प्रतीक है। कहानी में चित्रित विभाजन के दर्द को चार आयामों में विश्लेषित किया गया है – भौतिक नुकसान, भावनात्मक आघात, नैतिक पतन और स्मृति का बोझ।

राकेश 'नई कहानी' के सिद्धांतकार थे – वे यथार्थवाद, मनोविश्लेषण और आधुनिक संवेदना पर जोर देते थे। उनके प्रमुख नाटक – 'आषाढ़ का एक दिन', 'आधे अधूरे', 'लहरों के राजहंस' – मध्यवर्गीय कुंठाओं और अस्तित्व-संघर्ष को चित्रित करते हैं। कहानी-संग्रहों में 'इंसान के खंडहर', 'नये बादल', 'फौलाद का आकाश' प्रमुख हैं। विभाजन ने राकेश को गहराई से प्रभावित किया क्योंकि वे अमृतसर (सीमा क्षेत्र) के रहने वाले थे। 'मलबे का मालिक' में वे विभाजन को 'राजनीतिक घटना' के साथ 'मानवीय त्रासदी' के रूप में देखते हैं।

विभाजन का ऐतिहासिक संदर्भ-1947 का विभाजन दो-राष्ट्र सिद्धांत (जिन्ना) और ब्रिटिश 'फूट डालो और राज करो' नीति का परिणाम था। 10-15 लाख लोग मारे गए, 1.5 करोड़ विस्थापित हुए। पंजाब सबसे प्रभावित क्षेत्र था। अमृतसर-लाहौर सीमा क्षेत्र में हिंसा चरम पर थी। राकेश इस ऐतिहासिक घटना को व्यक्तिगत स्तर पर चित्रित करते हैं। कहानी 1955 के संदर्भ में है – जब लोग 'साढ़े सात साल' बाद वापस आ रहे थे। यह 'दीर्घकालिक दर्द' दिखाती है।

कहानी का सारांश-'मलबे का मालिक' मोहन राकेश की प्रसिद्ध कहानी है जो 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन की त्रासदी को साढ़े सात साल बाद के संदर्भ में चित्रित करती है। लाहौर से कुछ मुसलमान अमृतसर आए हैं। इनमें अब्दुल ग़नी मियाँ भी हैं, जिनका परिवार बाज़ार बांसां की गली में रहता था। विभाजन के समय उनके बेटे चिराग़दीन, बहू ज़ुबैदा और दोनों बेटियों किश्वर व सुल्ताना को उनके ही हिंदू पड़ोसी रक्खे पहलवान ने मकान हड़पने के लिए क्रूरता से मार डाला था। ग़नी मियाँ पुराने मकान को देखने आते हैं, लेकिन वहाँ अब सिर्फ़ मलबे का ढेर बचा है। वे मलबे पर बैठकर रोते हैं, लेकिन रक्खे पहलवान से कोई शिकायत नहीं करते। उल्टा वे रक्खे को "भाई" कहकर गले लगाते हुए क्षमा का भाव दिखाते हैं। रक्खे पहलवान के मन में अपराधबोध जागता है, लेकिन वह इसे दबाने की कोशिश करता है। कहानी अंत में एक कुत्ते के भौंकने से समाप्त होती है, जो रक्खे के विवेक को जगाने का प्रतीक है।इस कहानी के कथन जो विभाजन के दर्द, विश्वासघात, स्मृति और मानवीय संवेदना को सबसे गहराई से व्यक्त करते हैं:-"सब कुछ बदल गया, मगर बोलियाँ नहीं बदलीं!" "रोएगा तो तुझे वह मुसलमान पकड़कर ले जाएगा, मैं वारी जाऊँ, चुप कर!" "मलबा उसका कैसे है? मलबा हमारा है!" "मेरा चिराग़ साथ होता, तो और बात थी... रक्खे, मुझे तेरा बहुत भरोसा था।" "ख़ुदा नेक की नेकी रखे और बद की बदी माफ़ करे!" "जो होना था, सो हो गई। उसे कोई लौटा थोड़े ही सकता है?" कहानी विभाजन के भौतिक, भावनात्मक और नैतिक नुकसान को एक छोटी-सी गली और दो परिवारों के माध्यम से बहुत सूक्ष्मता से दिखाती है।

विभाजन की त्रासदी का चित्रण और कहानी की प्रासंगिकता- मोहन राकेश ने 'मलबे का मालिक' में विभाजन की त्रासदी को व्यक्तिगत और मनोवैज्ञानिक स्तर पर चित्रित किया है। वे इसे सिर्फ़ राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि मानवीय संबंधों के टूटने की कहानी बनाते हैं।

विभाजन की त्रासदी कैसे चित्रित की गई है?

भौतिक विनाश: "मलबा" शब्द पूरे घर, परिवार और स्मृतियों के नष्ट होने का प्रतीक है। नई इमारतों के बीच-बीच में बिखरे मलबे का ढेर विभाजन के बाद के खोखलेपन को दिखाता है।

पड़ोसी का विश्वासघात: रक्खे पहलवान (जिसे ग़नी "भाई" समझता था) का चिराग़दीन परिवार को मारना विभाजन की सबसे कटु सच्चाई है – साम्प्रदायिक हिंसा में सबसे करीबी लोग एक-दूसरे के दुश्मन बन जाते हैं।

नई पीढ़ी में पैदा हुआ भय: लड़की का वाक्य "रोएगा तो तुझे वह मुसलमान पकड़कर ले जाएगा" दिखाता है कि विभाजन ने बच्चों के मन में भी घृणा और डर बो दिया।

क्षमा और अपराधबोध: ग़नी मियाँ की उदारता ("ख़ुदा नेक की नेकी रखे...") और रक्खे का चुप रहना विभाजन के बाद बचे अपराधबोध को उजागर करता है।

प्रतीकात्मक अंत: कुत्ते का भौंकना – यह विवेक और अंतर्मन की आवाज़ है जो अपराधी को चुप नहीं रहने देती।

कहानी की प्रासंगिकता- आज भी यह कहानी बेहद प्रासंगिक है क्योंकि:

साम्प्रदायिकता और घृणा की राजनीति अभी भी जारी है।

सीमा-विभाजन, विस्थापन और परिवारों के टूटने की घटनाएँ (जैसे कश्मीर, उत्तर-पूर्व आदि) आज भी हो रही हैं।

कहानी सिखाती है कि विभाजन केवल 1947 की घटना नहीं, बल्कि **मानसिक विभाजन** है जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता रहता है।

यह मानवीय क्षमा और सह-अस्तित्व का संदेश देती है, जो आज के विभाजित समाज के लिए बहुत जरूरी है।

कहानी में चित्रित विभाजन का दर्द :-

भौतिक नुकसान और घर का दर्द- 'मलबा' शब्द कहानी का केंद्र है। बाजार बांसां की आग में मुसलमानों के साथ हिंदुओं के घर भी जल गए। गनी का घर अब मलबे का ढेर है। लेखक लिखते हैं – "नई इमारतों के बीच-बीच में मलबे के ढेर अजीब ही वातावरण प्रस्तुत करते थे।" यह दर्द 'घर' की हानि का है – न केवल ईंट-पत्थर, बल्कि स्मृतियों का।

परिवार और अपनों का खोना- गनी का पूरा परिवार (चिरागदीन, जुबैदा, किश्वर, सुल्ताना) रक्खे ने मार डाला। यह 'पड़ोसी का विश्वासघात' विभाजन का सबसे कटु दर्द है। गनी रक्खे को "भाई" कहकर गले लगाते हैं। यह माफी और क्षमा का दर्द है।

साम्प्रदायिक हिंसा और लालच-रक्खे पहलवान साम्प्रदायिकता की आड़ में लालच पूरा करता है। लेखक दिखाते हैं कि विभाजन ने 'स्वार्थ' को उजागर किया। बच्ची का डर – "रोएगा तो वह मुसलमान पकड़ ले जाएगा" – नई पीढ़ी में पैदा हुआ साम्प्रदायिक भय दर्शाता है।

स्मृति और मनोवैज्ञानिक आघात-लाहौरवासी अमृतसर की पुरानी गलियों को याद करते हैं। गनी बच्चे को "चिज्जी" देने जाते हैं, लेकिन बच्ची उसे "मुसलमान" कहकर डराती है। यह 'अजनबी' बन जाने का दर्द है।

प्रतीकात्मकता-

मलबा : टूटे संबंधों का प्रतीक।

कुत्ता : विवेक/अपराधबोध का प्रतीक (अंत में रक्खे पर भौंकता है)।

बोली : "सब कुछ बदल गया, मगर बोलियाँ नहीं बदलीं" – सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक, लेकिन दर्द भरा।

चरित्र-चित्रण-

गनी मियाँ : माफी और मानवीयता का प्रतीक। वे विभाजन के 'शिकार' हैं, लेकिन घृणा नहीं रखते।

रक्खे पहलवान : लालच और पछतावे का प्रतीक। उसका अपराधबोध कहानी का नैतिक केंद्र है।

अन्य : बच्ची, स्त्रियाँ – नई पीढ़ी में पैदा हुआ भय।

भाषा-शैली और कला-राकेश की भाषा सरल, संवाद-प्रधान और यथार्थवादी है। पंजाबी मुहावरे (चिज्जी, वारी जाऊँ) स्थानीय रंग देते हैं। वर्णनात्मक शैली दृश्यों को जीवंत बनाती है।

अन्य विभाजन-साहित्य से तुलना-भीष्म साहनी की 'तमस' में सामूहिक हिंसा है, जबकि राकेश व्यक्तिगत विश्वासघात पर जोर देते हैं। कृष्णा सोबती की कहानियों में स्मृति प्रमुख है – राकेश भी इसी पर बल देते हैं।

समकालीन प्रासंगिकता-आज भी साम्प्रदायिकता, सीमा-विवाद और घृणा-भाषा मौजूद हैं। कहानी हमें सिखाती है कि विभाजन का दर्द आज भी जीवित है।

उपसंहार-'मलबे का मालिक' विभाजन के दर्द को 'मलबे' के रूप में अमर कर देती है। राकेश कहते हैं कि राजनीति ने मानवता को कुचला, लेकिन क्षमा और विवेक अभी बाकी है। यह कहानी हमें बार-बार याद दिलाती है – "विभाजन से क्या मिला?"

****

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. राकेश मोहन. 'मलबे का मालिक' (हिन्दवी/गद्यकोश संस्करण)।
2. दुबे रीता. 'मोहन राकेश की 'मलबे का मालिक': पुनर्पाठ'। अपनी माटी, 2014।
3. हिन्दीकुंज समीक्षा (2024)।
4. विकिपीडिया एवं अन्य स्रोत (मोहन राकेश जीवनी)।
5. सेंट तरुण के. *Witnessing Partition* (संदर्भित)।

मरंग गोडा नीलकंठ हुआ उपन्यास में चित्रित विकिरण प्रदूषण

बिष्टप्पा तळवार
सह प्राध्यापक - हिंदी विभाग
एफ.एम.के.एम.सी कॉलेज, मडिकेरी

सारांश:-
'मरंग गोडा नीलकंठ हुआ' उपन्यास में चित्रित विकिरण प्रदूषण पर आधारित यह आलेख आदिवासी साहित्यकार महुआ माजी के उपन्यास के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, विकिरण प्रदूषण और आदिवासी विस्थापन की समस्या को उठाता है। लेखक बिष्टप्पा तळवार बताते हैं कि आज के भूमंडलीकरण और विकास के नाम पर जंगलों की कटाई, यूरेनियम खनन और परमाणु कचरे के कारण आदिवासी समाज सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है।
उपन्यास के नायक सगेन और अन्य पात्रों के माध्यम से लेखिका महुआ माजी विकिरण के घातक प्रभावों—बांझपन, विकलांग बच्चों का जन्म, कैंसर, टी.बी. आदि—को रेखांकित करती हैं। उन्होंने चेरनोबिल दुर्घटना का उदाहरण देकर दिखाया है कि विकिरण कितना विनाशकारी हो सकता है। लेखिका टेलिंग डैम की अनियमितताओं, सुरक्षा मानकों की अनदेखी, आदिवासियों का शोषण और सरकार की उदासीनता की आलोचना करती हैं।
आलेख में आदिवासी साहित्यकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया है, जो प्रकृति संरक्षण और जागरूकता फैलाते हैं। निष्कर्ष में कहा गया है कि विकास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और मानवाधिकारों के साथ होना चाहिए। उपन्यास आदिवासी संघर्ष को साहित्यिक रूप देते हुए समूचे समाज को चेतावनी देता है कि आदिवासियों का शोषण अंततः पूरे पर्यावरण और समाज को नुकसान पहुँचाएगा।

बीज शब्द -विकिरण प्रदूषण,यूरेनियम खनन, आदिवासी विस्थापन,पर्यावरण संरक्षण,मरंग गोडा नीलकंठ हुआ,महुआ माजी,टेलिंग डैम,परमाणु कचरा,आदिवासी साहित्य,विकास बनाम शोषण,चेरनोबिल दुर्घटना,नैचुरल रिसोर्सेस प्रोटेक्शन ऐक्ट.

आज के दौर में पर्यावरण संरक्षण एक महत्वपूर्ण और वैश्विक मुद्दा बन चुका है। पिछले कुछ दशकों में, बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन के कारण पर्यावरण में कई बदलाव देखे गए हैं। इस दौरान मनुष्य ने अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए जंगलों की अन्धाधुंध कटाई की है, जिसके परिणामस्वरूप न केवल जंगलों का नुकसान हुआ है, बल्कि वहाँ रहने वाली विभिन्न प्रजातियाँ, जैसे कि पशु-पक्षी, वनस्पतियाँ और आदिवासी समाज भी संकट में हैं। इन आदिवासियों का जीवन पूरी तरह से प्रकृति से जुड़ा हुआ है और उनके अस्तित्व की बुनियाद जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर है।

आज का युग भूमंडलीकरण, उदारीकरण, बाज़ारवाद और उत्तर-आधुनिकता का है, और इस युग में पर्यावरण प्रदूषण ने एक गंभीर समस्या का रूप ले लिया है। विशेष रूप से विकिरण की समस्या ने चिंता को और भी बढ़ा दिया है। समय के साथ यह समस्या इतनी विकराल होती जा रही है कि उसका समाधान ढूंढ़ना मनुष्य के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। इस संकटपूर्ण समय में आदिवासी साहित्यकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ये साहित्यकार अपने लेखन के माध्यम से न केवल प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा की आवश्यकता को उजागर करते हैं, बल्कि समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का भी कार्य करते हैं। आदिवासी साहित्यकारों का यह कार्य न केवल उनके सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है, बल्कि यह उनके जीवन के अनुभवों का प्रतिफल भी है। उनका साहित्य इस बात को दर्शाता है कि प्रकृति के प्रति सच्ची समझ और सम्मान केवल आदिवासी समाज में ही नहीं, बल्कि पूरे समाज में फैलाना कितना आवश्यक है।
आदिवासी साहित्यकारों का लेखन उनके भीतर के आवेग, बेचैनी, जीवंतता और ईमानदारी को व्यक्त करता है। उनकी लेखनी में यह ईमानदारी उनके व्यक्तिगत अनुभवों से उभरती है, क्योंकि आदिवासी समुदाय प्रकृति से सीधे जुड़ा हुआ है और उसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा मानता है। जब वे प्रकृति और जंगलों के संरक्षण की बात करते हैं, तो यह केवल एक विचार नहीं, बल्कि उनके अस्तित्व का एक सच है। अतः, यह कहा जा सकता है कि आदिवासी साहित्यकारों का कार्य केवल साहित्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज को एक गहरी सोच और संवेदनशीलता की ओर प्रेरित करता है। उनका उद्देश्य न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है, बल्कि यह भी है कि मनुष्य अपनी प्रकृति और धरती से जुड़कर उसे नष्ट होने से बचा सके। आज की दुनिया में, जहां पर्यावरण संकट गंभीर रूप ले चुका है, आदिवासी साहित्यकारों का यह संदेश और उनकी मेहनत और भी महत्वपूर्ण हो गई है।

'मरंग गोडा नीलकंठ हुआ' उपन्यास में जो समस्या बताई गई है, वह मूलतः विकिरण से होने वाला प्रदूषण और आदिवासियों के विस्थापन की है। इसमें महुआ माजी ने विकिरण प्रदूषण से आदिवासियों और उनके आस पास के इलाकों में हो रहे दुष्प्रभाव को न सिर्फ रेखांकित किया है, अपितु उसके निवारण के लिए भी उपाय सुझाने का प्रयास किया है।

'मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ' शीर्षक में नीलकंठ शब्द का संबंध नीलकंठ वाले शिव जी से जोड़ा गया है। "समुद्र मंथन के समय निकले विष को पृथ्वी के कल्याण के लिए शिव जी ने सेवन किया था जिसके कारण उनका कंठ नीला हो गया और उन्हें नीलकंठ कहा जाने लगा। मरंग गोड़ा ने भी देश के विकास के लिए खदानों से निकालने वाले विकिरण और प्रदूषण को अपने में समाहित कर लिया जिस कारण मरंग गोड़ा नीलकंठ हो गया है।"

सेंटर फॉर साइंस ऐंड एनवायरनमेंट (विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र) की निदेशिका सुनीता नारायण ने इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में खनन के कारण देश भर में पैदा हुए हालात पर रोशनी डालते हुए यह सवाल दागा था- "Why the poorest people live on India's richest lands?" बात सच है क्योंकि जिन आदिवासियों को विस्थापित व बेघर कर उन्हें लूटने का प्रयास किया जा रहा है, अवश्य ही वह प्रदेश प्राकृतिक खजाने से भरा हुआ ही होगा।
उपन्यास के नायक सगेन के माध्यम स लेखिका ने यूरेनियम की खोज को एक मुख्य उपलब्धि तो मानी ही है लेकिन इसके लिए जो कीमत अदा की जार ही थी, वह ना काबिले मंज़ूर थी। वे बताती हैं कि "उन्हें यह महसूस हो रहा था कि न जाने कितने मासूमों के स्वास्थ्य की कीमत पर मिली है यह कामयाबी और न जाने कितनों को बर्बाद करने की

कुव्वत रखता है यह बम।" क्योंकि इतिहास बताता है कि चेरनोबिल हादसे में संयंत्र में मौजूद 190 टन यूरेनियम डाइऑक्साइड के चार प्रतिशत से भी कम विघटित तत्व ही रियेक्टर से बाहर निकले थे। इसके बावजूद दुनिया भर में उसका असर देखा गया। संयंत्र में उपस्थित 32 लोगों की तो मौके पर ही विकिरण से मौत हो गयी थी। कुछ ही दिनों के अंदर रेडियोधर्मी बीमारियों के कारण अन्य 39 लोगों की जान चली गयी। इस हादसे में निकले रेडियोधर्मी पदार्थों का अधिकांश मलबा यूक्रेन, रूस और बेलारूस तक फैल गया था जिस कारण वहां के लगभग साढ़े तीन लाख लोगों को ले जाकर दूसरे इलाकों में बसाना पड़ा। जीवित शहर वीरान हो गए। इसके अलावा उत्तरी ध्रुव के लगभग सभी देशों में रेडियोधर्मी पदार्थों के कण पाए गये।" जिसने आज तक वहाँ के वातावरण को दूषित कर रखा है और आज भी बच्चे किसी न किसी विकलांगता के साथ जन्म ले रहे हैं।

इसी उपन्यास में लेखिका इस बात पर ध्यान आकर्षित करती हैं कि पूरी दुनिया में, जहां जहां यूरेनियम खदानें हैं, जैसे- अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका... हर जगह के आदिवासी किसी न किसी रूप में पीड़ित व प्रताडित हैं। यह एक विडंबना ही है कि अधिकतर यूरेनियम खदाने, परमाणु रियेक्टर या परमाणु कचरा फेंके जाने वाले टेलिंग डैम आदिवासी इलाकों में ही होते हैं। यह बात और है कि जहां के लोग जागरूक हैं, वहां सुरक्षा मानकों पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है और जहां जागरूकता कम है वहां के लोग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

इसके विपरीत यदि मरंग गोड़ा की बात की जाए तो पता लगता है कि वह जगह केवल लोगों के लिए ही नहीं बल्कि पशु पक्षियों तथा पेड़ पौधों के लिए भी हानिकारक है। लेखिका बताती हैं- "टेलिंग डैम से मात्र पचास फीट की दूरी पर बसा है एक गांव? यह तो अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बिलकुल खिलाफ है। वहाँ रहना तो बहुत खतरनाक है।" उनका इस बात पर भी आक्रोश है कि चंद पैसों के लिए जिन खदानों में आदिवासियों से माइनिंग का काम कराया जा रहा है वहाँ पर उनकी सुरक्षा का तक ध्यान नहीं दिया जाता जिसके कारण उस प्रदेश में बसे आदिवासी कई बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इस विषय में सगेन का कहना है- "यह कैसी विडंबना है कि हमारी औरतें बांझ हो रही हैं...हमारे बच्चे विकलांग पैदा हो रहे हैं...हमारे लोग जवानी में ही कैंसर या टी.बी. से मर रहे एक हैं और हम इसके विरोध में आवाज उठाते हैं... कोई कदम उठाते हैं तो देशद्रोही करार दिये जाते हैं! कमाल है! यह कैसा लोकतंत्र है? यह कैसी सभ्यता है?"

यहाँ लेखिका न सिर्फ अधिकारियों, बल्कि सरकार को भी दोषी करार दे रही हैं। यूरेनियम कितना घातक है और इससे हड्डियों का कैंसर और किडनी खराब होने जैसी गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं, यह जानते हुए इस बात का एहतियात नहीं किया जाता है कि जो खदान में काम कर रहा है, उसे सही पोशाक मुहैया कराए या फिर उसके स्वास्थ्य को समय समय पर जाँचा जाए।

आज कल शहरों में ही नहीं बल्कि गांव देहात में भी कचरा फेंकने के लिए अलग जगह बनाई गई है। अगर ऐसा नहीं होता है तो कम से कम यह सुविधा तो है ही कि उसे सही तरह से ठिकाने लगाया जाए लेकिन विकिरण से होने वाले कचरे पर सरकार का ध्यान क्यों नहीं गया? सगेन को लगता है कि आदिवासी कमज़ोर और नासमझ हैं, यह सोच कर मरंग गोडा में कचरा लाकर फेंका जाने लगा। इसका विरोध करने के लिए मरंग गोडा के आदिवासियों ने एक संगठन बनाया जिसमें कहा गया - "हम कमजोर नहीं हैं, अकेले भी नहीं हैं, यही बताने के लिए तो यहां जुटे हैं हम सब। इस सम्मेलन का लक्ष्य ही है आदिवासी इलाकों में यूरेनियम खनन का... आणविक कचरों के जमावड़े का विरोध करना... नैचुरल रिसोर्सेस प्रोटेक्शन ऐक्ट-2005 के कार्यान्वयन में साथ देना... परमाणु इंधन मामलों में राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता कायम करना।" इसी के साथ सगेन का यह सवाल ध्यान में आता है कि टेलिंग डैम आखिर आदिवासियों के इलाके में ही क्यों बनाया जाए सत्ताधारी लोगों की बस्ती में... दिल्ली, कोलकाता, मुंबई या चेन्नई जैसे शहरों में क्यों नहीं?

इन खदानों में काम करना आदिवासियों की मजबूरी है क्योंकि गरीबी और विस्थापन के कारण उनका गुज़ारा मुश्किल होता जा रहा है। वे कहीं भी काम करके अपना पेट तो पाल लेंगे मगर विकिरण का क्या? उससे कैसे बचेंगे? वह कहता है- "विकिरण तो हमें बाद में मारेगा! मगर भूख तो हमें कुछ ही दिनों में मार डालेगी। अपने बाल बच्चों को कब तक भूख से तड़पते देखा जा सकता है?..."

जो भी मजदूर यूरेनियम की खदानों काम करते हैं वे विकिरण के सीधे संपर्क में आते हैं उनमें से कितनों को तो विकिरण की मात्रा को रिकॉर्ड करने वाला यंत्र 'डोजीमीटर' भी पहनने के लिए नहीं दिया जाता। उस यंत्र के बिना कैसे पता चलेगा कि उस व्यक्ति को विकिरण की कितनी मात्रा मिल चुकी है और वह खदान में दोबारा काम के लिए जा भी सकता है या नहीं। जिस कारण खदान में काम करता करता वह विकिरण की बली चड जाता है।

निष्कर्ष-

"मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ" जैसे उपन्यासों ने आदिवासी साहित्य में न केवल उनके संघर्ष और शोषण को सामने लाया है, बल्कि यह भी दर्शाया है कि विकास के नाम पर जब किसी समुदाय का शोषण किया जाता है तो इसका असर केवल उस समुदाय पर नहीं, बल्कि समूचे समाज पर पड़ता है। विकिरण प्रदूषण और विस्थापन की समस्याएँ यह सिद्ध करती हैं कि जब तक आदिवासी समाज को उनके अधिकार नहीं मिलते और उनके जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा नहीं की जाती, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं है। इस प्रकार के साहित्य ने हमें यह समझने की आवश्यकता दी है कि विकास केवल आर्थिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि मानवाधिकार और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखते हुए होना चाहिए। आदिवासी समाज के संघर्ष को समझना और उनकी मदद करना न केवल एक साहित्यिक, बल्कि एक सामाजिक और नैतिक दायित्व है।

****

संदर्भ सूची :-

1. https://sahityakunj.net/entries/view/aadivaasi-jeevan-aur-hindi-upanyas-marangagodha-neelkanth-huaa
2. मरंग गोडा नीलकंठ हुआ, महुआ माजी, राजकमल पेपरबैग्स, 2019, पृ 364
3. मरंग गोडा नीलकंठ हुआ, महुआ माजी, राजकमल पेपरबैग्स, 2019, पृ. 198
4. मरंग गोडा नीलकंठ हुआ, महुआ माजी, राजकमल पेपरबैग्स, 2019, पृ. 218
5. मरंग गोडा नीलकंठ हुआ, महुआ माजी, राजकमल पेपरबैग्स, 2019, पृ 223
6. मरंग गोडा नीलकंठ हुआ, महुआ माजी, राजकमल पेपरबैग्स, 2019, पृ 249
7. मरंग गोडा नीलकंठ हुआ, महुआ माजी, राजकमल पेपरबैग्स, 2019, पृ 343
8. मरंग गोडा नीलकंठ हुआ, महुआ माजी, राजकमल पेपरबैग्स, 2019, पृ 362

शोध उत्कर्ष Shodh Utkarsh (RESEARCH ARETE JOURNAL)

जनवरी - मार्च -2025

https://shodhutkarsh.com

त्रैमासिक ऑनलाइन पत्रिका - 'शोध उत्कर्ष'